दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 193 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 5 अगस्त, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2.00 रुपए पृष्ठ : 8+St

# केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी अनजान लोगों को जरूर दें- भजनलाल शर्मा

## लालसोट के डूंगरपुर गांव में 350 करोड रुपए लागत की पेयजल योजना का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास, सरकार के कई मंत्री और भाजपा के विधायक रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को दोष विधानसभा क्षेत्र के डूंगरपुर गांव में 350 करोड रुपए लागत की पेयजल परियोजना का शिलान्यास करते हुए लोगों से आग्रह किया कि आपके आसपास ऐसे भी लोग रहते हैं जिन्हें केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं हो पाती जिसकी वजह से उन्हें फायदा नहीं मिल पाता, मुख्यमंत्री शर्मा ने पढ़े लिखे युवाओं से आग्रह किया कि आप अपने इलाके में उन लोगों तक जरूर सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं जिन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं है ताकि अंतिम छोड़ तक बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का फायदा मिल सके उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार ने कई बड़ी कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हुई है लेकिन कभी-कभी दिया तले अंधेरा वाली कहावत भी चरितार्थ हो जाती है हमारे आसपास ही ऐसे लोग मिल जाएंगे जिन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं है और वह अनजान बने रहते हैं इसलिए यह भलाई का काम है, जो अनजान हैं उन्हें सरकार की



योजनाओं की जानकारी दें । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछली गहलोत सरकार पर जोरदार हमला किया और कहा कि पिछली सरकार ने पूरे 5 साल में जो काम नहीं किया उनसे ज्यादा काम उन्होंने पिछले डेढ़ साल में पानी बिजली सड़क शिक्षा ऊर्जा कृषि रोजगार हर क्षेत्र में करके दिखाया है उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है और किसानों को अब ऊर्जा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि किसान ऊर्जा उत्पादक बन सके उन्होंने कहा कि लालसोट और दोसा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सरकार ने पिछले 19 महीना में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं लालसोट में ही 120 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात सरकार ने दी है उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने किसान युवा महिला गरीब मजदूर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है हर साल 1 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा किया जा रहा है भाजपा के संकल्प पत्र के प्रत्येक वादे को पूरा किया जा रहा है बजट की प्रत्येक घोषणा को पूरा किया जा रहा है प्रदेश में अब तक सरकारी भर्ती परीक्षाओं में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है सभी परीक्षाएं पारदर्शक तरीके से संपादित हुई है, हर क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से राजस्थान प्रदेश की जनता की भलाई और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प है उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब राजस्थान सरकार की ओर से पशुपालकों को गोपालन कार्ड दिया जा रहा है पहले किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और अब पशुपालकों को गोपालन कार्ड दिया जा रहा है किसान ही पशुपालक हैं इसलिए किसानों को कई तरह की सुविधा सरकार की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही है किसानों को उनकी उपज का अच्छा मूल्य मिले इसके लिए वाजिब समर्थन मूल्य निर्धारित किए जा रहे हैं किसानों के लिए ऋण उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न माध्यमों से ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है सरकार हर तरह से किसानों के साथ खड़ी है वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली भी उपलब्ध करवाई जाएगी और किसानों को फ्री में बिजली दी जाएगी उन्होंने कहा कि ईस्टर्न कैनल योजना से प्रदेश के पूर्वी हिस्से के कई जिलों को समुचित पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा किसानों को उनके खेत के लिए समुचित पानी मिल सकेगा यह योजना प्रदेश के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगी उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रदेश के पूर्वी हिस्से में खुशहाली कायम होगी क्योंकि खुशहाली के लिए जल की जरूरत होती है और इस योजना के क्रियान्वयन के बाद में प्रदेश के पूर्वी हिस्से मेंजल की बिल्कुल भी कमी नहीं रहेगी इसीलिए हमने सबसे पहले पानी को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी है और पानी को लेकर हमने पूरे प्रदेश भर में कई बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं कई बड़ी-बड़ी योजनाएं शुरू की है द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाषण के अंत में स्थानीय विधायक रामविलास मीणा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के मंत्री जवाहर सिंह, कन्हैयालाल चौधरी विधायक राजेंद्र मीणा विधायक राम अवतार बैरवा विधायक भागचंद सहित भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी नेता मौजूद रहे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई ।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री रहे शिबू सोरेन का निधन, आज नेमार गांव में होगा अंतिम संस्कार

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों और कई राज्यों के मुख्यमंत्री ने गहरा शोक प्रकट किया, राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतिम संस्कार में होंगे शामिल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** झारखंड की राजनीति के भीष्म पितामह और गुरु जी के नाम से विख्यात शिबू सोरेन का सोमवार प्रातः 8:56 पर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में लंबी बीमारी के दौरान निधन हो गया । शिबू सोरेन किडनी की बीमारी से ग्रसित थे और अस्पताल में उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था, उनकी हालत में बिल्कुल भी सुधार नहीं हो पा रहा था जिंदगी और मौत से जूझते हुए वे सोमवार को जिंदगी की जंग हार गए द्य सोरेन के निधन की सूचना मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अस्पताल पहुंचे और सोरेन की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दुख की इस घड़ी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन और समस्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की । शिबू सोरेन के निधन पर केंद्र सरकार के कई मंत्रियों ने शोक प्रकट किया है । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोरेन के निधन पर शोक प्रकट किया जानकारी के अनुसार मंगलवार आज दोपहर करीब 12:00 सोरेन के पैतृक गांव नेमार में सोरेन का अंतिम संस्कार किया जाएगा उनके छोटे बेटे बसंत सोरेन सोरेन को मुखाग्नि देंगे । सोरेन के निधन के बाद समूचे झारखंड में शोक की लहर फैल गई है क्योंकि झारखंड की राजनीति के शिबू सोरेन भीष्म पितामह माने जाते हैं झारखंड प्रदेश के गठन में शिबू सोरेन की बड़ी भूमिका रही है उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की थी और झारखंड के आदिवासी समाज के कल्याण और विकास के लिए

शेष खबर पृष्ठ संख्या 7 पर...

## दिया कुमारी के सरकारी आवास पर जनसुनवाई में उमड़े लोग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के सिविल लाइंस आवास पर सोमवार को आयोजित किए गए जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश भर के लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, दिया कुमारी ने प्रदेश बरसे आए लोगों से मुलाकात की और एक-एक करके लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा तथा समस्याओं के निदान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए । जानकारी के अनुसार इससे पहले भी दिया कुमारी समय-समय पर अपने आवास पर जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित करती रही हैं और हर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते रहे हैं सोमवार को भी तय कार्यक्रम के अनुसार दिया कुमारी ने प्रदेश पर से आए लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं के निदान के सरकारी स्तर पर हर संभव प्रयास करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को पाबंदी भी किया जानकारी के अनुसार हर बार की तरह इस बार भी जो लोग शिकायत लेकर आए थे उनमें अधिकांश लोग पानी, बिजली सड़क, पेंशन और राजस्व विभाग संबंधी समस्याएं लेकर ज्यादा आए थे किसी को पानी का कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है तो किसी को बिजली का कनेक्शन तो कोई अपनी पेंशन नहीं आने की



वजह से परेशान दिखा जिनके निवारण के लिए दिया कुमारी ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिया जानकारी के अनुसार दिया कुमारी वर्ष 2013 से लेकर अब तक दो बार विधायक चुनी गई हैं और एक बार सांसद बनी है और यह जो तीन चुनाव उन्होंने लड़े हैं अलग-अलग जगह से लड़े हैं इसलिए अपने पुराने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से भी दिया कुमारी का गहरा दिल का रिश्ता है वर्ष 2013 में दिया कुमारी ने सवाई माधोपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ा था और चुनाव जीती थी इसके बाद 2019 का लोकसभा चुनाव उन्होंने राजसमंद सीट से लड़ा और चुनाव जीता और अब वर्तमान में जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा सीट से विधायक चुनी गई हैं इसलिए जिन-जिन क्षेत्रों से लोगों ने उन्हें चुना है वे सभी लोग अब भी बड़ी उम्मीद के साथ दिया कुमारी के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचते हैं और इन शिकायतों का दिया कुमारी समाधान भी करवाती हैं इसीलिए उनके जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते आ रहे हैं ।

## भजनलाल शर्मा के विमान की गलत लैंडिंग, हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

### 31 जुलाई को फलोदी में हुई थी विमान की गलत लैंडिंग, डीजीसीए की जांच शुरू, दोनों पायलटो को हटाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** गत 31 जुलाई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विमान फलोदी में दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बच गया, यह मामला विमान के गलत लैंडिंग से जुड़ा हुआ है जानकारी के अनुसार 31 जुलाई को दिल्ली से फलोदी जाने के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विमान को जी निर्धारित हवाई पट्टी पर लैंडिंग लेनी थी वहां पर लैंडिंग लेने की वजह है करीब 5 किलोमीटर दूर दूसरी हवाई पट्टी पर विमान के लैंडिंग करवाई हालांकि समय रहते विमान के पायलटो को अपनी गलती का एहसास हो गया इसलिए उन्होंने तुरंत उड़ान भरी और फिर निर्धारित हवाई पट्टी पर विमान की लैंडिंग करवाई हालांकि इस घटना के बारे में डीजीसीए को सूचना दे दी गई है अब डीजीसीए की ओर से इस पूरे मामले की जांच की जा रही है जब तक जांच कंप्लीट नहीं हो जाती तब तक विमान के दोनों पायलटो को हटा दिया गया है ।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विगत 31 जुलाई को रामदेवरा जाने का कार्यक्रम था जिसके फलस्वरूप 31 जुलाई की शाम करीब 300 बजे मुख्यमंत्री के फाल्कन विमान 2000 ने दिल्ली से फलोदी के लिए उड़ान भरी इस विमान को फलोदी के एयर फोर्स हवाई पट्टी पर उतरना था लेकिन विमान के पायलटो ने विमान को फलोदी के सिविल हवाई पट्टी पर



उतारा हालांकि बाद में विमान के पायलटो को अपनी गलती का एहसास हुआ उन्हें यह पता चल गया कि विमान की गलत लैंडिंग हुई है तो उन्होंने तुरंत वहां से उड़ान भरी और करीब 5 किलोमीटर उड़ान भरने के बाद विमान को फलोदी के एयर फोर्स स्टेशन पर विमान की लैंडिंग करवाई बाद में इस पूरी घटना की जानकारी डीजीसीए को दे दी गई द्य जानकारी के अनुसार फलोदी की सिविल हवाई पट्टी और फलोदी एयरफोर्स स्टेशन की हवाई पट्टी की बनावट एक जैसी है और इन दोनों के बीच करीब 5 किलोमीटर की दूरी है इसलिए शायद विमान के पायलट दोनों हवाई पट्टी की समानता को नहीं समझ पाए और विमान की गलत लैंडिंग करवा दी लेकिन विमान के पायलट को तुरंत ही अपनी गलती का एहसास भी हो गया था द्य हालांकि इस घटना को काफी गंभीर माना जा रहा है मामला मुख्यमंत्री के विमान से जुड़ा हुआ है इसके अलावा जिस तरह से पिछले कुछ दिनों में विमान

शेष खबर पृष्ठ संख्या 7 पर...

## *मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से राखी बंधवाएंगे और देंगे तोहफा*

### *जयपुर के बिड़ला सभागार में होगा विशेष कार्यक्रम, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी रहेगी मौजूद, आज आंगनबाड़ी महिलाओं को 501 रुपए, छतरी और मिठाई का डब्बा गिफ्ट के तौर पर मिलेगा सरकार से*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं के साथ रक्षाबंधन का पर्व मना रहे हैं इसके लिए बाकायदा बिरला सभागार को सजाया गया है, इस विशेष कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और राज्य मंत्री मंजू बाघमार भी मौजूद रहेंगी इसके अलावा करीब 1300 आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे तथा करीब 120000 से ज्यादा आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता और उनकी सहायक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रक्षाबंधन का पर्व मुख्यमंत्री के साथ मनाएंगे इस मौके पर राजस्थान सरकार की ओर से प्रत्येक आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता और उनकी सहायक को 501,मिठाई का डब्बा और एक छतरी गिफ्ट के तौर पर राजस्थान सरकार की ओर से रक्षाबंधन के पर्व पर आज ही उपलब्ध करवाई जा रही है ।

जानकारी केअनुसार उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के पास महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेवारी भी है और इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में दिया कुमारी का बड़ा योगदान रहा है, इस कार्यक्रम में मौजूद आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राखी बंधवाएंगे और और बदले में उन्हें गिफ्ट देंगे इस कार्यक्रम के माध्यम से राजस्थान सरकार प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यह मैसेज देना चाहती हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उन्हें अपनी बहन की तरह मानते हैं और उनके कल्याण और विकास के लिए



एक भाई की तरह हमेशा काम करते रहेंगे, इस तरह के कार्यक्रम से एक तरफ जहां आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं और सरकार के बीच एक दिल का रिश्ता कायम होगा तो दूसरी तरफ आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से इतना सम्मान मिलने के बाद दुगने जोश और उत्साह से अपने काम को अंजाम देगी जिसका सीधा फायदा प्रदेश की जनता को मिलेगा इसलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान और आदर देने के लिए इस तरह से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया इसमें दिया कुमारी की बड़ी भूमिका रही दिया कुमारी खुद महिला है और रक्षाबंधन के पर्व के महत्व को वह अच्छी तरह से जानती हैं और वह यह भी जानती हैं कि हिंदुओं में यह त्यौहार कितने उत्साह के साथ मनाया जाता है भाई और बहन के बीच आपस में प्यार और मोहब्बत के रिश्ते को और मजबूत करने के लिए हर साल मनाया जाने वाला यह त्यौहार इस बार प्रदेश की भजनलाल सरकार और प्रदेश की आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं के लिए भी काफी यादगार बनने जा रहा है ।


# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवाई माधोपुर और आसपास के जिलों में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया

## आपदा राहत मंत्री किरोड़ी लाल मीणा भी रहे साथ

## *किसानों को हर संभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सवाई माधोपुर और आसपास के जिलों में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया हवाई सर्वेक्षण के दौरान आपदा राहत मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और जल संसाधन विभाग के बड़े अधिकारी भी विमान में सवार थे । हुआवेई सर्वेक्षण के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी गंभीर मुद्रा में थे और उन्होंने पूरे इलाके को बड़ी सावधानी से देखा और विमान में सवार किरोड़ी लाल मीणा उन्हें एक-एक इलाके की पूरी जानकारी देते रहे और बताते रहे की बाढ़ और जल भराव से किसान और लोगों को कितना नुकसान हुआ है द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवाई माधोपुर के अलावा धौलपुर के बसेड़ी, राजाखेड़ा इत्यादि इलाकों का भी हवाई सर्वेक्षण किया जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवाई माधोपुर के खंडार



तहसील के बोतल पुलिया, कसेड़, मल्लापुर, कठूमर महिदपुर, बक्सपुरा, चिल्लपुर, चाड़ियां, उर्मिला सागर बांध इत्यादि इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया ।

### चक चैनपुरा हवाई पट्टी पर जनसभा को किया संबोधित और जनसुनवाई कार्यक्रम का भी किया आयोजन

बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चक चैनपुरा हवाई पट्टी पर बाकायदा अपना जनता दरबार लगाया और मौके पर आए लोगों से उनकी समस्याएं सुनी, लोगों के ज्ञापन लिए और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित गति से समस्याओं का निवारण करने के लिए निर्देश दिए तथा ज्ञापन के माध्यम से भी लोगों की ओर से जो जो डिमांड दे की गई है उन डिमांडों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की निर्देश अधिकारियों को दिए इस जनसुनवाई कार्यक्रम में सवाई माधोपुर जिले के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी और बड़ी संख्या में लोग यहां अपनी शिकायतें लेकर आए भी थे, इन सब लोगों से मुख्यमंत्री ने बड़े ही सहज भाव से मुलाकात की और उनकी बातों को ध्यान से सुना बाद में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अतिवृष्टि और बाढ़ से नुकसान का आकलन करने के लिए प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को जल्दी से जल्दी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है जैसे ही कलेक्टर की रिपोर्ट आएगी सरकार नियमों के अनुसार पीड़ित लोगों की ओर किसानों की हर संभव सहायता करेगी उन्होंने कहा कि कभी-कभी बारिश की कामना करनी पड़ती है क्योंकि जल बहुत जरूरी है और राजस्थान में जल का संकट हमेशा बना रहता है लेकिन जब बारिश ज्यादा हो जाती है तो जल भराव और बाढ़ के हालात भी बन जाते हैं उन्होंने कहा कि किसान कभी भी अपनी हार नहीं मानता, चाहे काल पड़े या फिर अतिवृष्टि हो उसे खेत में हल चलाना ही पड़ता है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राजस्थान सरकार दोनों मिलकर किसान, गरीब, मजदूर, युवा, महिलाओं के विकास और कल्याण में तत्परता से अपना काम कर रही हैं, उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार ने और राजस्थान सरकार ने किसानों के लिए कई बड़ी योजनाएं शुरू की है और बहुत जल्दी ही फसल बीमा योजना की राशि भी किसानों तक पहुंचने वाली है उन्होंने कहा कि पानी के बिना जीवन संभव नहीं है और पानी के बिना तरक्की भी संभव नहीं है इसलिए उनकी सरकार ने सबसे पहले पानी को लेकर बड़ी-बड़ी योजनाएं शुरू की है चाहे ईस्टर्न कैनल योजना हो या फिर वंदे जल संरक्षण अभियान हो इन बड़े अभियानों के माध्यम से प्रदेश भर के तालाब, बांध जोहर, बावड़िया झील इत्यादि की मरम्मत और संरक्षण का काम किया गया है ताकि जल का ठीक तरह से संरक्षण किया जा सके इसी तरह से ईस्टर्न कैनल योजना के माध्यम से प्रदेश के पूर्वी हिस्से के कई जिलों के लोगों को पीने का पानी और किसानों को खेत के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा इसके लिए युद्ध स्तर पर काम जारी है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह भी कहा कि कुछ लोग ईस्टर्न कैनल योजना के प्रोजेक्ट के तहत निर्मित होने वाले बांधों को लेकर गलत अफवाह फैला रहे हैं और कह रहे हैं कि इलाके को नुकसान होगा इस तरह गलत अफवाह फैला कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है जो गलत है उन्होंने कहा कि डुमरी बंद को लेकर भी गलत अफवाह फैलाई जा रही है उन्होंने कहा है कि ईस्टर्न कैनल योजना के तहत निर्मित होने वाले छोटे-बड़े बांध से पानी का जल स्तर नीचे नहीं जाएगा इसके अलावा सवाई माधोपुर, करौली दोसा, धौलपुर, अलवर, भरतपुर टोंक, जयपुर इत्यादि जिलों के लोगों को समुचित तरीके से पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा इसलिए जल तो ऐसी चीज है जिसके साथ विकास जुड़ा होता है इसलिए जल के बारे में गलत जानकारी फैला कर लोगों को भ्रमित करना ठीक नहीं है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जो बड़े शहर बड़ी नदियों के किनारे स्थित है उनका विकास तेजी से हो रहा है क्योंकि पानी की कोई कमी नहीं होती और आजकल हर चीज में सबसे पहले पानी की जरूरत होती है इसलिए पानी को सरकार ने प्राथमिकता में रखा है और प्रदेश के लोगों को समुचित पीने का पानी मिले और किसानों को खेत में पर्याप्त पानी मिले इसके लिए सरकार ने कई बड़ी योजनाएं शुरू की है । उन्होंने लोगों से कहा है कि प्रदेश के युवा वर्ग को लेकर सरकार काफी गंभीर है और हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने का जो वादा किया गया था उसे वादे को पूरा भी किया जा रहा है उन्होंने कहा है कि अब तक एक लाख सरकारी नौकरियां दी जा चुकी है और आने वाले हर साल में एक लाख नौकरी सरकार की ओर से दी जाएगी ।

## त्योहार सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

### हरसोली व मुंडावर में लिए मसालों के सैंपल

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस.)।** जिला कलक्टर किशोर कुमार के दिशा-निर्देश में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हरसोली और मुंडावर कस्बों में खाद्य पदार्थों की जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार ने बताया कि त्योहार के सीजन को देखते हुए विभागीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से मसालों के नमूने लिए। हरसोली में आशीष कूलवाल पुत्र पवन कुमार गुप्ता, मैसर्स शुभम मसाला उद्योग, जयपुर से लाल मिर्च पाउडर (शुभम मसाला) और धनिया पाउडर (शुभम मसाला) के सैंपल लिए गए। वहीं, मुंडावर में महिपाल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, मैसर्स यादव किराना स्टोर से हल्दी पाउडर का सैंपल लिया गया। विभाग द्वारा लिए गए सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान व्यापारियों को खुले मसाले और खुला तेल नहीं बेचने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही त्योहार के मद्देनजर प्रतिष्ठानों पर विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश भी प्रदान किए गए।



## नगर विकास न्यास द्वारा कार्रवाई कर 4 बीघा भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा न्यास क्षेत्राधिकार में बिना न्यास स्वीकृति एवं भू-संपरिवर्तन के 4 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास की सचिव धीमंदे स्नेहल नाना ने बताया कि ग्राम देसूला के खसरा नं. 600 की भूमि जो कि मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड नगर विकास न्यास के नाम दर्ज है पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी एवं क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियन्ता मय टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा की गई नमूनीकरण की कार्यवाही



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के त्योहार पर जिले में खाद्य पदार्थ एवं मिठाईयां की बड़ी हुई खपत को देखते हुए उसमें मिलावट की आशंका पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत नमूनीकरण की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ योगेंद्र शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा धोबी गट्टा अलवर स्थित पतीसा मिठाई निर्माण इकाई बालाजी पतीसा भंडार एवं राजू पतीसा भंडार से पतीसा मिठाई का नमूना जांच हेतु लिया गया, कस्बा ड़हरा स्थित मोहित मिष्ठान भंडार से कलाकंद एवं लड्डू का नमूना, रोहित मिष्ठान भंडार से लड्डू का नमूना, दायमा मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना, जोधपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया जाकर प्रयोगशाला भिजवाए गए, सभी मिठाई विक्रेताओं को साफ सफाई से कार्य करने खाद्य सामग्री को ढककर विक्री करने, एवं अपनी दुकान का खाद्य लाइसेंस दुकान पर लगाकर रखना को निर्देशित किया गया।

## नगर निगम द्वारा क्रय किए गए 50 नवीन ऑटो टिपर्स में नए टायर होने एवं इनकी ऊंचाई मापदण्डों के अनुकूल - आयुक्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि नगर निगम द्वारा क्रय किए गए 50 नवीन ऑटो टिपर्स के संबंध में समाचार पत्रों और सोशल मीडिया में ऑटो टिपर्स में पुराने टायर लगे होने और इनकी ऊंचाई अधिक होने के संबंध में प्रकाशित खबरों के संबंध में सभी 50 ऑटो टिपर्स में नए टायर लगे हुए हैं अतः पुराने टायर होने की खबर पूर्णतया निराधार एवं तथ्यहीन है। उन्होंने बताया कि बरसात होने के कारण सड़क पर चलने के वजह से टायर प्रथमदृष्टया गन्दे दिख सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्रय किए गए ऑटो टिपर्स की क्षमता 3.3 घनमीटर है, जबकि पूर्व में शहर में संचालित ऑटो टिपर्स की क्षमता 2.2 घनमीटर है। इस प्रकार वर्तमान ऑटो टिपर्स की क्षमता पुराने ऑटो टिपर्स से लगभग डेढ गुना है। उन्होंने बताया कि ऑटो टिपर्स की ऊंचाई के संबंध में विशेषज्ञों से परामर्श लिया गया था और लगभग इतनी ही ऊंचाई के कचरा संग्रहण वाहन अन्य शहरों में भी प्रयोग में लिये जा रहे हैं। ऑटो टिपर्स की ऊंचाई के कारण यदि आमजन को कचरा डालने में विशेष कठिनाई अनुभव हो रही है तो फेब्रिकेशन के द्वारा उन्हें सहूलियत प्रदान करने पर भी तकनीकी विश्लेषण के पश्चात विचार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम अलवर आमजन को घर-घर कचरा संग्रहण की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि इन ऑटो टिपर्स का क्रय जैम (गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस) पोर्टल पर ऑनलाइन निविदा प्रकाशित कर नियमानुसार और पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया है। जैम पोर्टल एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है जो कि वस्तुओं और सेवाओं के उपापन के लिए प्रयुक्त होता है। इस पोर्टल पर अधिक प्रभावी, पूर्ण पारदर्शी और समावेशी उपापन संभव होता है।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### 15 अगस्त की तैयारी के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस.)।** सोमवार को जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमित्रा मिश्र ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सुचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय अवधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों द्वारा अभी तक किए गए वृक्षारोपण की समीक्षा कर अधिकारियों को की गई प्रगति का अपडेट पोर्टल पर करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आगामी स्वाधीनता दिवस की तैयारी हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने हेतु अधिकारियों को अभी से तैयारी में जुटने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ को स्वाधीनता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करवाने हेतु फॉर्म भरकर 11 अगस्त को शाम 5.00 से पूर्व जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अति. सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, अति. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग रमेश धहमीवाल, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास सुरज्ञान, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## भारतीय मुद्रा की सुंदर झांकी को देख मंत्र मुग्ध हुए भक्तजन

### भोले बाबा के दर्शन के लिए लगी रही लंबी कतार, महारुद्राभिषेक कल



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** सावन मास के अंतिम सोमवार को त्रिपोलिया महादेव मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर भारतीय मुद्रा की सुंदर झांकी सजाई गई। इस सुंदर झांकी में भगवान भोलेनाथ ने भक्तों को दर्शन दिए। भक्ता लंबी कतार लगाए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिर श्री त्रिपोलिया महादेव में चतुर्थ सोमवार के उपलक्ष में बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ की अलौकिक व भारतीय मुद्रा की झांकी सजाई गई, मंदिर महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि भारतीय मुद्रा के सुंदर श्रृंगार में भोलेनाथ के अलौकिक दर्शन की व्यवस्था की गई। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का सैलाब रहा। अंतिम सोमवार होने के कारण भक्तजन जलाभिषेक और दुग्ध अभिषेक करने के लिए लाइन में लग रहे भक्तों ने धतूरा, बेलपत्र और पुष्प अर्पित किए वहीं अनेक भक्तों ने पंचामृत से बाबा का अभिषेक किया। त्रिपोलिया महादेव मंदिर में सोमवार को प्रथम आरती सुबह 4 बजे की गई। सुबह से भक्त मंदिर पहुंच गए। त्रिपोलिया परिसर बाबा के जयकारों से गूंज गया। इसके बाद द्वितीय आरती विष्णु पूजा सुबह 6 बजे की गई। तत्पश्चात 6.15 बजे से भक्तों द्वारा दोपहर 2.40 तक बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ का जल अभिषेक दूध दही पंचामृत से अपनी पूजा अर्चना की और अपनी मन्नत मांगी। शाम को सुंदर झांकी के दर्शन सवा 6 बजे से प्रारंभ हुए जो रात्रि 11.40 बजे तक चले। देर रात्रि रुद्राभिषेक के साथ प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर महंत ने बताया कि मंदिर प्रन्यास द्वारा प्रदोष तिथि में 6 अगस्त बुधवार को रुद्राक्षों द्वारा महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा नमक चमक के साथ रुद्री पाठ व हजारों की सं या में रुद्राक्ष बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ को चढ़ाए जाएंगे। भक्तों के लिए रुद्राक्ष की व्यवस्था मंदिर की ओर से रहेगी। वह चढ़े हुए रुद्राक्ष का वितरण आगामी दिनों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को प्रातः सवा 11 बजे हवन व प्रसाद वितरण भंडारा कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें बाबा त्रिपोलेश्वर नाथ को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## घुमंतू रोजगार कार्य की प्रांत बैठक में की रोजगार कार्य पर चर्चा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निस.)।** घुमंतू जाति उत्थान न्यास जयपुर प्रांत की रोजगार आयाम की बैठक अलवर में सोमवार को हुई। जिसमें क्षेत्र घुमंतू कार्य संयोजक महावीर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संयोजक सतीश शर्मा ने बताया कि इस बैठक में घुमंतू जाति के बन्धुओं के द्वारा कौन-कौन से रोजगार के कार्य किए जा सकते हैं, उनके बारे में विस्तार से चर्चा की गई। रोजगार में घुमंतू जाति उत्थान न्यास किस प्रकार से सहयोग एवं मार्गदर्शन कर सकता है, प्रशासन से किस प्रकार से रोजगार में सहायता प्राप्त होती है, अभी तक समाज बंधुओं को घुमंतू जाति उत्थान न्यास के द्वारा प्रेरित कर किस-किस प्रकार के कार्य रोजगार हेतु करवाए गए, उनकी जानकारी भी इस बैठक में दी गई। इस हेतु आगामी कार्य योजना तैयार की गई। विभिन्न सत्रों में प्रांत दस्तावेज प्रमुख भैरू राम बंजारा, प्रांत महिला कार्य प्रमुख देवाराम लुहार, प्रांत रोजगार प्रमुख अश्वनी जावली, प्रांत प्रकल्प प्रमुख वेद प्रकाश पटेल ने रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर प्रांत, क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा घुमंतू जाति की बेटी प्रिया लुहार जिसने कक्षा दसवीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर घुमंतू जाति का नाम रोशन किया, उसको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अलवर विभाग घुमंतू कार्य संयोजक सतीश शर्मा, अलवर जिला संयोजक रमेश गुप्ता, अलवर नगर घुमंतू कार्य संयोजक मोहन सिंह नरूका सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजस्थान के राजनीतिक परिदृश्य, चुनौतियां, प्रवासी भारतीय के संबंध में की चर्चा, सम्मान में रखा गया डिनर



जयपुर टाइम्स

**न्यूयॉर्क/जयपुर(कास.)।** बॉस्टन चैप्टर की तरफ से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस विधायकों के सम्मान में डिनर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दौरान राजस्थान के राजनीतिक परिदृश्य, चुनौतियां, प्रवासी भारतीय के संबंध में भी विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के डॉ.योगेश दायमा, बलदेव सिंह रंधावा और डॉ जोशुआ जयसिंह ने राजस्थान प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, विधायक अमीन कागजी, मनोज मेघवाल, हाकम अली, घनश्याम मेहर, इंदिरा मीणा और समरजीत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उधर, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने न्यूयॉर्क, अमेरिका में श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा में जाकर अरदास की। जूली ने गुरु रविदास जी के अनमोल विचारों को याद करते हुए कहा कि गुरु रविदास महान संत और समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवन के दौरान जाति-पाति के खिलाफ आवाज उठाई साथ ही उन्होंने लोगों को सत भक्ति करने का संदेश दिया जूली बोले सिख समुदाय ने अमेरिका में अपनी मेहनत और लग्न के दम पर अच्छा मुकाम हासिल कर अपने वतन का मान बढ़ाया है, इनका भारत के लिए प्रेम और समर्पण अद्भुत है। इस अवसर पर गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष परमजीत कममम, पूर्व अध्यक्ष जसविन्दर सिंह, सचिव बलविंदर भौरा, मास्टर कृपाल सिंह, सीताराम, बलदेव रंधावा, बलबीर चांदमल, तविन्दर बैंस एवं प्रोफेसर रनवीर सिंह ने जूली व उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा और विधायक अमीनी कागजी का स्वागत सत्कार किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश में संचालित गिव अप अभियान ने बदली सोच

### जिले में करीब 85 हजार लोगों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा, जिले में 1 लाख 59 हजार पात्र वंचितों को मिली खाद्य सुरक्षा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में सक्षम व्यक्तियों द्वारा स्वे'छा से नाम हटवाने के लिए चल रहा 'गिव अप अभियान' प्रदेश में खाद्य सुरक्षा से वंचित पात्र लोगों के लिए आशा की किरण साबित हो रहा है। इस अभियान का लक्ष्य है कि सभी सक्षम एवं अपात्र लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा त्यागें ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिले, इस उद्देश्य से गत वर्ष 1 नवंबर 2024 से 'गिव अप अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा में अपात्र व्यक्ति 31 अगस्त तक स्वेच्छा से अपना नाम हटवा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि गिव अप अभियान के तहत राज्य में अब तक 25 लाख से अधिक सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी है तथा प्रदेश में लगभग 27.62 लाख लोगों द्वारा ई-केवाईसी संपन्न नहीं करवाई गई, जिससे उनका नाम स्वत खाद्य सुरक्षा सूची से हट गया। इस अभियान के कारण पात्र वंचितों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने में भी बड़ी सफलता मिल रही है। गत 26 जनवरी को खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुन प्रारंभ होने के बाद अब तक 54 लाख से अधिक पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं। अलवर में करीब 85 हजार लोगों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में अलवर जिले में अब तक 84 हजार 438 लोगों ने स्वे'छा से अपना नाम हटवाया है। वहीं खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुन प्रारंभ होने के बाद अब तक अलवर जिले में 1 लाख 59 हजार 68 से अधिक पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा के पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत प्रति वर्ष 450 रुपए में 12 गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपए का सुरक्षा बीमा एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा सुविधा भी मिल रही है। रा'य सरकार के इस कल्याणकारी कदम से वंचित लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

## जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हरियालो राजस्थान अभियान बन रहा जन-जन का अभियान

### अभियान के तहत ग्रामीण महिलाओं ने पौधारोपण कर ग्राम खेड़का की डुंगरी को किया हरा-भरा

**अलवर(निस.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश में संचालित हरियालो राजस्थान अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा अलवर जिले को पौधारोपण के लिए दिए गए लक्ष्य में विभागों के साथ-साथ आमजन भी अपनी सहभागिता निभाकर पर्यावरण संरक्षण का बल प्रदान करने में महती भूमिका निभा रहे हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र ने बताया कि अभियान में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में महिलाएं भी पौधा लगाने के लिए बढ़चढ़कर हिस्सा ले रही है तथा अपने क्षेत्र को हरा-भरा एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभा रही है जिसमें उमरैण पंचायत समिति की खेड़का ग्राम पंचायत में स्थित डुंगरी पर महिलाओं ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया। विगत वर्ष भी मनरेगा की महिलाओं द्वारा खेड़का पंचायत की पहाड़ी पर बड़ी संख्या में पौधरोपण किया, जिनके नियमित रख-रखाव एवं सुरक्षा के बाद काफी पौधे अब भी यहां पर जीवित स्थित में दिखाई दे रहे है और काफी बड़े हो गए है तथा कई पौधों ने वृक्ष का रूप भी ले लिया है जिससे खेड़का ग्राम पंचायत की खाली पड़ी हुई यह पहाड़ी अब हरी-भरी नजर आने लगी है।

# आदिवासी संस्थान ने विभिन्न मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निस.)।** आदिवासी मीन भगवान जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामकृपाल मीना के नेतृत्व में विभिन्न मांगो को लेकर एसडीएम सीमा मीना को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौपा जिसमे मुख्यत राम जल सेतु लिंक परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने, महिला छात्रावास निर्माण के लिए भूमि आवंटन एवं सरिस्का टाइगर रिजर्व में नाहर सती गेट की तरफ से सफारी शुरू करने को लेकर तीन मांग पत्र के केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व वन मंत्री संजय शर्मा के नाम सौंपे है। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने शीघ्र पूरा किये जाने की पुरजोर मांग की है। इस मौके पर समिति सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

# विधायक ने की विकास कार्यों की समीक्षा और जनसुनवाई

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निस.)।** विधायक डॉ. जसवंत यादव ने सोमवार को जनसेवा और क्षेत्रीय विकास को लेकर एक दिन के दौरे में कई अहम कार्यक्रमों में भाग लिया। दिन की शुरुआत नगर पालिका मांढण हॉल में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक से हुई, जहाँ क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इस बैठक के पश्चात एक जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को सीधे विधायक के समक्ष रखा। डॉ. यादव ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए जनसुनवाई के बाद विधायक डॉ. जसवंत यादव ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया और जनसंपर्क स्थापित किया। बीरनवास, कान्हावास, नांगल मेहता, बसई भोपाल और माजरा गांवों में उनका जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने विकास के प्रति आभार व्यक्त किया और अपनी आवश्यकताओं को साझा किया। कान्हावास में बड़ी बोरवेल की घोषणा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाएगा। वहीं नांगल मेहता में 7 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण की घोषणा की गई माजरा गांव में भी डॉ. यादव को ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिला। उन्होंने वहाँ प्रमोद के घर से कान्हावास बॉर्डर तक सीसी इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण के लिए 10 लाख की नई घोषणा की, साथ ही पूर्व में घोषित 5 लाख को मिलाकर कुल 15 लाख की योजना को हरी झंडी दी डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास और आमजन की समस्याओं का समाधान ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनका संकल्प है कि बहरोड़ विधानसभा का कोई भी कोना विकास से अछूता न रहे, और इसके लिए वे सतत प्रयासरत रहेंगे इस अवसर पर एसडीएम नीमराना, तहसीलदार मांढण, नगर परिषद आयुक्त, चेयरमैन सुरेंद्र, जिला पार्षद मनोज, वेद प्रकाश खबरी, जय प्रकाश झाबर, शिव चरण यादव, देवेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष राजू सिंह चौधन, सरपंच अजीत, नवरत्न, संजीव, भोला, अर्जुन, सहित सुनील यादव, अनिल यादव और अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किरोड़ी मीणा ने नरेंद्र मोदी और भजन लाल शर्मा की खूब प्रशंसा की

## ईस्टर्न कैनल योजना की क्रियान्वयन को लेकर कृषि मंत्री ने केंद्र और राजस्थान सरकार की प्रशंसा की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** दोसा जिले के लालसोट में डूंगरपुर गांव में 350 करोड रुपए की पेयजल योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में कृषि मंत्री और आपदा मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने ईस्टर्न कैनल योजना के क्रियान्वयन को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजन लाल सरकार की खूब तारीफ की और कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी भी यह नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी योजना क्षेत्र को मिलेगी उन्होंने कहा कि मेरी आयु 73 साल हो चुकी है इस दौरान राजस्थान विधानसभा में मैंने कई बार चंबल नदी का पानी यहां क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध करवाने की बात तो कही लेकिन मैंने कभी यह नहीं सोचा था कि 80000 करोड रुपए की लागत की इतनी बड़ी योजना यहां लाई जाएगी उन्होंने कहा कि पिछली गहलोत सरकार इस योजना को लेकर गंभीर नहीं रही सिर्फ मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर आरोप लगाते रहे उन्होंने खुद कुछ नहीं किया केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के बीच यह योजना एक फुटबॉल की तरह बनकर रह गई थी लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह योजना नकाबले कागजों से निकलकर बाहर आई है बल्कि धरातल पर युद्ध स्तर पर काम भी शुरू हो गया है इसलिए इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी बधाई के पात्र हैं उन्होंने कहा कि इस बड़ी योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुरू से ही काफी गंभीर थे इसी वजह से 80000 करोड रुपए की लागत की यह योजना धरातल पर आ सकी है।

*डॉ किरोड़ी मीणा ने कहा कि उनके पास आपदा राहत विभाग भी है और 5000 करोड रुपए इस विभाग के तहत उन्हें मिले हैं इसलिए अतिवृष्टि से प्रदेश के किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई नुकसान होगा तो जिला कलेक्टर की रिपोर्ट मिलने के बाद तुरंत ही उसे मुआवजा राशि उपलब्ध करवाई जाएगी, मुआवजा देने में बिल्कुल भी देरी नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि बाढ़ से और जल भराव से अगर किसी को बिजली से नुकसान हुआ है किसी को सड़क से नुकसान हुआ है किसी का मकान ध्वस्त हुआ है या फिर किसी के खेत में फसल नष्ट हुई है, जिस जिस व्यक्ति को नुकसान हुआ है उसकी भरपाई सरकार करेगी जिला कलेक्टर से रिपोर्ट मिलने के बाद केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार मुआवजा देने में बिल्कुल भी विलंब नहीं करेगी उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री होने के नाते उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि किसानों को शुद्ध खाद और अन्य शुद्ध जरूरी सामान मिले इसके लिए उन्होंने पिछले दिनों नकली खाद इत्यादि बनाने वालों पर कार्रवाई भी की है उन्होंने कहा कि वह किसी के विरोधी नहीं है लेकिन किसानों को शुद्ध खाद इत्यादि समान मिले ताकि खेतों में अच्छी फसल हो सके।*

### दोसा जिले में भाजपा के चार विधायकों में से एक को तो मंत्री बनाया जाए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में भाजपा विधायक भागचंद ने कहा कि दोसा जिले में भारतीय जनता पार्टी के चार विधायक हैं लेकिन एक भी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है इसलिए जब मंत्रिमंडल का विस्तार हो तो उसमें कम से कम दौसा जिले में से एक विधायक को दो मंत्री बनाया ही जाना चाहिए हालांकि हालांकि डॉक्टर किरोडी लाल मीणा कृषि मंत्री हैं लेकिन सवाई माधोपुर से वे विधायक हैं दोसा जिले के किसी भी भारतीय जनता पार्टी की विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है इसी बात को भाजपा विधायक भागचंद ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में उठाया।

## झालावाड़ नगर परिषद के कर्मचारी और दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार, उदयपुर में कांस्टेबल को भी दबोचा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से प्रदेश में सोमवार को अलग-अलग जगह पर कार्रवाई की गई और रिश्वत ले रहे सरकारी कर्मचारी और दलाल को गिरफ्तार किया, एंटी करप्शनब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के झालावाड़ नगर परिषद के कर्मचारी आकाश और दलाल अजय को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 30000 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कियाहै द्य यह रिश्वत की रकम पट्टा देने की आवाज में ली गई थी इस प्रकरण में एंटी करप्शन विरोध की ओर से नगर परिषद के सभापति संजय से भी पूछताछ करने जा रही है हालांकि एंटीजन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद नगर परिषद के सभापति संजय एंटी करप्शन ब्यूरो को उपलब्ध नहीं हो पाए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम संजय की तलाश कर रही है, इस मामले में जांच कर रहे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों का मानना है कि यह रिश्वत की रकम नगर परिषद में बड़े पदों पर बैठे लोगों के कहने पर ही ली गई है इसलिए इस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है और गिरफ्तार नगर परिषद के कर्मचारी आकाश और दलाल अजय से पूछताछ की जा रही है।

इसी तरह से उदयपुर के खमनोर थाने में हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार को 20000 की रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार किया है यह रिश्वत की रकम गिरफ्तार हेड कांस्टेबल ने लूट के एक मामले में आरोपी नहीं बनाने के बदले परिवादी से मांगी थी इसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई एंटी करप्शन कार्यालय ने शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एंटीजन ब्यूरो ने आरोपी हेड कांस्टेबल को रंगे हाथों पकड़ने के लिए योजना तैयार की इस योजना के तहत ही आरोपी हेड कांस्टेबल को परिवारी से 20000 की रिश्वत लेते रहेंगे हाथों भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने मौके पर ही गिरफ्तार किया। प्रदेश के उदयपुर में ही गोवर्धन विलास थाने में पोस्टेड कांस्टेबल संजय मीणा को 1000 की रिश्वत लेते भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त संजय ने यह रिश्वत की रकम पुलिस में दर्ज एक मामले में मारपीट नहीं करने और जमानत में मदद करने के बदले मांगी थी, गिरफ्तार संजय ने 2500 की रिश्वत मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एसीबी में दर्ज करवाई एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ऐसी भी ने संजय को रंगे हाथों पकड़ने के लिए योजना तैयार की और योजना के तहत सोमवार को न्यायालय परिसर में ही 1000 की रिश्वत लेते मौके पर ही दबोच लिया।

## राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)**।राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिबू सोरेन जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## जेडीए में सावन माह में फल फूलों व बर्फानी की 16वीं झांकी का किया आयोजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण परिसर में स्थित महाकाल मंदिर में सोमवार, 04 अगस्त को सावन के पावन माह में फल फूलों व बर्फानी बाबा की 16वीं झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्तों एवं आमजन ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक डॉ गोपाल शर्मा, पूर्व मंत्री भाजपा सरकार फिरोज खान, पदम बेगम बैतूल, सपना पूनिया ओलंपियन, बाबूलाल मीणा अध्यक्ष जेडीए एसोसिएशन, राधेश्याम तंवर अध्यक्ष सुप्यार देवी फाउंडेशन, अजय सिंह तंवर, मेघना तंवर, अतिथिगण जालंधर राठौड़, विवेक कुमार एवं सुमन शेखावत सहित गणमान्य अतिथिगण भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में भगवान के भजन शांत वातावरण में गुंजायमान हो उठे, जो उपस्थित लोगों के दिलों और आत्मा को छू गए। कार्यक्रम में आए सभी लोगो ने कार्यक्रम के आयोजन को अति सुंदर बताया।

## समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था की प्रांत बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था मेवाड़ प्रांत की बैठक झांतला में केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी अक्टूबर माह में विकलांग सहायता शिविर बिजौलियां में आयोजित करने और आगामी चुनाव के लिए केंद्र के निर्देश मिलने पर मेवाड़ प्रांत में भी चुनाव कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने व मेवाड़ प्रांत की ओर से दिए जा रहे बिना ब्याज व्यावसायिक ऋण के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय उपाध्यक्ष भगवती लाल मोहिवाल, बघेरवाल परमार्थिक सोसाइटी मेवाड़ प्रांत अध्यक्ष नेमीचंद ठग, समग्र मेवाड़ प्रांत अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन, मंत्री मुकेश धनोपिया, केंद्रीय प्रतिनिधि पुष्प चंद मोहिवाल, निलेश जैन, सुनील जैन, मिथिलेश जैन, पारस जैन व मुकेश जैन, गुलाबचंद सेठिया, विनोद सेठिया, कल्याणमल धनोपिया, नीरज धनोपिया मौजूद रहे। बैठक समाप्ति के पश्चात पौधरोपण भी किया गया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिले वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान वित्त आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की दोनों नेताओं के बीच देर तक बातचीत हुई हालांकि आयोग का अध्यक्ष बनने के बाद अरुण चतुर्वेदी की मुख्यमंत्री से यह पहली शिष्टाचार मुलाकात बताई जा रही है लेकिन जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव भी आने वाले दिनों में आयोजित होने वाले हैं ऐसे में सरकार यह जरूर चाहेगी कि वित्त आयोग जल्दी से जल्दी अपना काम शुरू करें क्योंकि वित्त आयोग की सिफारिश के आधार पर ही राजस्थान सरकार पंचायत को ग्रांट जारी करती है इसके अलावा वित्त आयोग की भूमिका हमेशा काफी बड़ी मानी जाती रही है वित्त आयोग प्रदेश की पंचायत राज संस्थाओं के आर्थिक रूप से मजबूत करने के संबंध में समय-समय पर अपने सुझाव और सिफारिश देती रही है, ग्राम पंचायत और पंचायत समितियां जिला परिषद कैसे और किस तरह से आर्थिक रूप से मजबूत की जा सकती है, कैसे कर टैक्स राजस्व इत्यादि के माध्यम से पंचायत राज संस्थाओं को और नगर निकाय संस्थाओं को मजबूत किया जा सकता है इन सब के संबंध में वित्त आयोग गंभीरता से स्टडी करके अपनी सिफारिश और सुझाव सरकार को भेजता रहा है और सरकार वित्त आयोग किसी परसों के आधार पर ही पंचायत राज संस्थाओं और नगर निकायों के लिए बजट जारी करती रही हैं इसलिए अरुण चतुर्वेदी और मुख्यमंत्री की बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

जानकारी के अनुसार अप्रैल 2025 को सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया था यह आयोग अगले डेढ़ साल तक काम करेगा और सरकार चाहे तो इस आयोग की अवधि को आगे भी बढ़ा सकती है पूर्व में गहलोत सरकार के दौरान पूर्व वित्त मंत्री प्रदुमन्ना सिंह वित्त आयोग के अध्यक्ष थे और तत्कालीन सांगानेर के भाजपा विधायक अशोक लाहोटी वित्त आयोग के सदस्य बनाए गए थे वर्तमान में भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत अधिकारी नरेश ठकराल को वित्त आयोग का सचिव बनाया गया है नरेश ठकराल ने राजस्थान के वित्त विभाग में लंबे समय तक काम किया था इसलिए उन्हें वित्त संबंधी मामलों की बहुत अच्छी जानकारी है इसलिए अब जिस तरह से अरुण चतुर्वेदी को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है तो जाहिर तौर पर अरुण चतुर्वेदी भाजपा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री रह चुके हैं इसके अलावा ग्रामीण परिवेश की समस्याओं की जानकारी तो रखते ही हैं ही इसके अलावा नगर निकाय व्यवस्थाओं की भी अच्छी जानकारी उन्हें है इसलिए उम्मीद की जा रही है कि उनकी ओर से जो सिफारिश राजस्थान सरकार को की जाएगी उनसे प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं को नगर निकायों को आर्थिक रूप से निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।

## छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर आज मुख्यमंत्री आवास का घेराव, शहीद स्मारक पर बड़ा प्रदर्शन

### *एनएसयूआई की ओर से आज जयपुर में बड़ा प्रदर्शन, सचिन पायलट और गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई बड़े नेताओं के प्रदर्शन में शामिल होने की खबर*

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर आज राजधानी में शहीद स्मारक पर एनएसयूआई की ओर से बड़ा प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिली है इस प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेताओं की उपस्थित होने की बात भी कहीं जा रही है सचिन पायलट गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई बड़े कांग्रेस पार्टी के नेता इस प्रदर्शन में शामिल होंगे एनएसयूआई की ओर से प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं के आने की बात कही जा रही है, शहीद स्मारक पर धरना देने के बाद आंदोलनकारी मुख्यमंत्री आवास की ओर प्रस्थान करेंगे।

जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश भर में विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग जोर-शोर से उठाई जा रही है छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर राजधानी जयपुर सहित प्रदेश भर में छात्र रैली जुलूस धरने इत्यादि का आयोजन भी कर रहे हैं एनएसयूआई के अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया संगठन की ओर से भी छात्र संघ चुनाव कराने की पूरी जोर मांग की जा रही है छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रों की ओर से हाई कोर्ट में भी अर्जी लगाई हुई है जिसकी सुनवाई चल रही है, सोमवार को भी प्रदेश के कई जिलों में जिलाधीश कार्यालय पर छात्रों ने प्रदर्शन किया है इसके अलावा जोधपुर की जय नारायण विश्वविद्यालय कैंपस में भी छात्रों की ओर से प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिली है आज मंगलवार को जयपुर के सहित स्मारक पर एनएसयूआई की ओर से एक विशाल सभा का आयोजन किया जा रहा है इस सभा में कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट से भी मिला था और छात्र संघ चुनाव कराने के संदर्भ में इन दोनों बड़े नेताओं से समर्थन भी मांगा था जिस पर अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों नेताओं ने अपनी सहमति भी प्रदान कर दी थी अब कहा जा रहा है कि आज जिस तरह से शहीद स्मारक पर एनएसयूआई की ओर से बड़ा धरना प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया जा रहा है तो इस सभा में सचिन पायलट और गोविंद सिंह डोटासरा शाहिद कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे, राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह कांग्रेस पार्टी के युवा नेता और राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंद्र भारद्वाज के भी इस कार्यक्रम में आने की बात कही जा रही है मौके पर सभा का आयोजन किया जाएगा और इसके बाद एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं की ओर से मुख्यमंत्री आवास की ओर प्रस्थान किया जाएगा।

# जयपुर के दोनों नगर निगम की ओर से जर्जर भवन ध्वस्त करने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर जारी

## *जयपुर की चार दिवारी इलाके में तीन जर्जर भवनों को गिराया गया, मानसरोवर में भी एक जर्जर मकान को ध्वस्त किया गया*

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कड़े निर्देश के बाद राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश भर में जर्जर भवनों को गिराने का काम नगर निकायों और जिला प्रशासन की ओर से युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है पूरे प्रदेश में जर्जर स्कूलों और जर्जर सरकारी संस्थाओं को चिन्हित का काम तो करीब करीब पूरा हो गया है और जो जर्जर संस्थान और स्कूल बिल्कुल क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं उन्हें गिराया जा रहा है और जो मरमत के लायक हैं उनकी मरम्मत की जा रही है इधर राजधानी जयपुर में दोनों नगर निगम की ओर से जर्जर बिल्डिंगों को गिराने की कार्रवाई सोमवार को शुरू कर दी गई है जयपुर नगर निगम हेरिटेज की ओर से चांदपोल बाजार में खेजड़ो का रास्ता, नातनियों का रास्ता इत्यादि स्थानों पर तीन जर्जर अवस्था में पड़ी पुरानी बिल्डिंगों को गिरा दिया गया है, जयपुर नगर निगम ग्रेटर इलाके में मानसरोवर इलाके में भी एक जर्जर मकान को गिराया गया है। जानकारी के अनुसार जयपुर नगर निगम हेरिटेज और जयपुर नगर निगम ग्रेटर दोनों प्रशासन की ओर से जर्जर बिल्डिंग को की सूची तैयार कर ली गई है और इन्हें गिरने से पहले बाकायदा कानूनी प्रक्रिया भी पुरी की गई है कई बार बिल्डिंग मालिकों को नोटिस भी दिया गया लेकिन कई जगहों पर मकान मालिक और किराएदारों के बीच विवाद होने की वजह से विवाद की स्थिति भी बनी हुई थी लेकिन इस बार नगर निगम प्रशासन ने किसी की भी नहीं सुनी, नगर निगम के बड़े अधिकारी तो मौके पर मौजूद रहे ही इसके अलावा नगर निकाय विभाग में नियुक्त बड़े अधिकारी भी मौके पर नजर आए जिसकी वजह से जर्जर मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई को अब पूरी तरह से बल मिल रहा है।

जानकार लोगों का कहना है कि गुलाबी शहर के परकोटे के इलाके में कई बहू मंजिल भवन ऐसे हैं जो जयपुर शहर की स्थापना के समय से ही बने हुए हैं लेकिन पिछले कई सालों से इन जर्जर भवनों में कोई रह भी नहीं रहा है लेकिन मकान मालिक को बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी मकान मालिक अपने स्तर पर इन्हें नहीं गिरा रहे थे कुछ जगहों पर मकान मालिक और किराएदारों के बीच आपस में विवाद और टकराव होने की वजह से भी मकान मालिक इन जर्जर भवन को अपने स्तर पर नहीं गिरा रहे थे लेकिन इस बार प्रदेश के झालावाड़ में हुए स्कूल हादसे के बाद जर्जर भवनों को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार काफी कठोर दिख रही है और शायद यही वजह है कि जयपुर के दोनों नगर निगम अब जर्जर बिल्डिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई में युद्ध स्तर पर जुट गए हैं

### कॉमर्स कॉलेज में भी जर्जर भवन को लेकर छात्रों ने किया जोरदार प्रदर्शन

*राजधानी जयपुर में स्थित कॉमर्स कॉलेज में भी जर्जर भवन की मरम्मत नहीं किए जाने पर छात्रों में सोमवार को गुस्सा छा गया और सैकड़ो छात्रों ने जर्जर भवन की हालत को सुधारने के लिए कर जोरदार प्रदर्शन किया और यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की द्य गुस्साए छात्रों का कहना है कि कॉमर्स कॉलेज में कई जगहों पर बिल्डिंग के छज्जे बिल्कुल क्षतिग्रस्त अवस्था में पहुंच गए हैं यह छज्जे कभी भी गिर सकते हैं और बड़ा हादसा हो सकता है इसके अलावा कॉमर्स कॉलेज के कई कमरे की दीवारें और और छत की हालत भी काफी खराब है लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन और कॉलेज प्रशासन बिल्कुल चुप है, प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि यहां भी झालावाड़ की स्कूल जैसा हादसा हो सकता है।*

# शिशु के लिए एक पहल



*परिणामस्वरूप स्वास्थ्य मानक पत्रों तक सीमित रह गए और इनके डिब्बाबंद दुग्ध उत्पादों में मिलावट का स्तर इतने खतरनाक स्तर तक पहुंच गया कि नवजातों के शारीरिक व मानसिक विकास में अवरोध प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होने लगे। लेकिन विगत दिनों मोदी सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जिस तरह सरकारी चिकित्सालयों में डिब्बाबंद कंपनियों द्वारा अपने ब्रांड प्रमोशन के अभियान पर प्रतिबंध लगाया है, उस उपक्रम से जच्चा-बच्चा के प्रति सरकारी चिंता उभर कर सामने आती है। उल्लेखनीय है कि स्तनपान अभियान को बढ़ावा देने के नाम पर सरकारी चिकित्सालयों के जच्चा-बच्चा कक्ष में घुसपैठ करने की ऐसी कंपनियों की कोशिश पर अब पूर्ण प्रतिबंध लगने वाला है। सरकार ने स्वीकार किया कि यह अनैतिक काम है और वह इस पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए सभी सरकारी चिकित्सालयों को अधिसूचना भेजेगी। इस संदर्भ में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार*

जिस समय एक सौ पच्चीस करोड़ की जनसंख्या वाला भारत अपनी भौगोलिक सीमाओं के विवाद में सीमांत देशों से कई तरह के शीतयुद्धों में उलझा हो और आए दिन इस विषय की जटिलता को सुलझाने में ही अधिक व्यस्त हो, तो देश के भीतर की अन्य समस्याएं कहीं न कहीं विचार, योजना और क्रियान्वयन की सूची में पीछे छूट जाया करती हैं। समस्याओं की इस सूची में एक बड़ी समस्या देश में खाद्य पदार्थों में हो रही जानलेवा मिलावट है। मिलावट का धंधा अनाज और सब्जियों को ही नहीं बल्कि दुधमुंहे शिशुओं के लिए तैयार डिब्बाबंद दुग्ध पदार्थों को भी प्राणघातक बना रहा है। डिब्बाबंद दुग्ध पदार्थ भी इतने जटिल रासायनिक मिश्रण से तैयार हो रहे हैं कि उनका प्रत्यक्ष दुष्प्रभाव शिशुओं के स्वास्थ्य पर देखा जा सकता है। इनका उत्पादन करने वाली कंपनियों का एकमात्र ध्येय रुपए कमाना रह गया है। उन्हें नौनिहालों के स्वास्थ्य के प्रति अंशमात्र भी चिंता नहीं है।पिछले डेढ़ दशक में दुनिया की देखादेखी भारत में भी यह प्रचलन गर्भधारण करने वाली स्त्रियों के संदर्भ में तीव्रता से आया कि प्रसूति के बाद स्त्रियां शिशुओं को अपना दूध पिलाने के प्रति हतोत्साहित हुईं। इसके दो प्रमुख कारण थे। पहला, प्रसूता की प्रसूति के उपरांत कमजोर और अस्वस्थ शारीरिक स्थिति। इस परिस्थिति में कोई भी प्रसूता वास्तव में अपने शिशु को स्तनपान कराने योग्य शारीरिक शक्ति नहीं रखती और उसे विवश होकर शिशु के लिए डिब्बाबंद दुग्ध पदार्थों पर निर्भर रहना पड़ता है। दूसरा कारण बहुत ही अजीब है। इसका उल्लेख करने पर स्त्री विमर्शकर्ताओं का टोला अपने कुतर्कों से कहीं इस दूसरे कारण को ही अप्रासंगिक न बना दे, इसका डर है। दूसरा कारण, जिससे प्रेरित होकर प्रसूताएं शिशुओं को स्तनपान नहीं करातीं, वह है प्रसूता स्त्रियों का अपने शारीरिक सौंदर्य के प्रति अगाध लगाव। पहले कारण में प्रसूता स्त्री वास्तव में समर्थ नहीं होती कि वह नवजात शिशु को अपना दूध पिला सके। शारीरिक कमजोरी और प्रसूति के दौरान की असहनीय पीड़ा के कारण वह प्राकृतिक रूप से दुग्धहीन हो जाती है। इस स्थिति में स्वाभाविक रूप से कहें या विवशता में, नवजात को मां के स्तनपान का अवसर नहीं मिल पाता। लेकिन दूसरे कारण में नवजात बच्चों के प्रति ममतामयी दृष्टि की कमी और मां का अपने शारीरिक सौंदर्य के प्रति अति लालसा रखना ही माता और शिशु के खराब स्वास्थ्य के कारक हैं। इस स्थिति को डिब्बाबंद दुग्ध उत्पादों (पाउडर, क्रीम, तरल दुग्ध पदार्थ) का व्यापार करने वाली कंपनियां अपने व्यापारिक लाभार्जन के लिए भुनाती हैं। ऐसी कंपनियों ने गर्भधारण, प्रसूति और नवजात शिशु के बारे में विश्व के अधिकांश लोगों की नासमझी और अपूर्ण जानकारी का भरपूर लाभ उठाया और पिछले साठ-सत्तर सालों में उनका इस आधार पर डिब्बाबंद दुग्ध उत्पाद का कारोबार बहुत बढ़ चुका है। विकसित और नियम-कानूनों को कठोरता से लागू करने वाले देशों में तो इन कंपनियों द्वारा अपने दुग्ध खाद्य उत्पाद, शिशुओं के लिए ऐसे देशों द्वारा चिह्नित स्वास्थ्य मानकों के अनुसार तैयार किए जाते रहे हैं, लेकिन भारत जैसे देशों में इन्होंने अपने स्वास्थ्य मानकों को यहां की लचर सरकारी व्यवस्था के कारण शिथिल कर दिया या कहें इस देश के भ्रष्टाचार के कारण अपने दुग्ध उत्पादों को केवल और केवल लाभार्जन के आधार पर बेचना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप स्वास्थ्य मानक पत्रों तक सीमित रह गए और इनके डिब्बाबंद दुग्ध उत्पादों में मिलावट का स्तर इतने खतरनाक स्तर तक पहुंच गया कि नवजातों के शारीरिक व मानसिक विकास में अवरोध प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होने लगे। लेकिन विगत दिनों मोदी सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जिस तरह सरकारी चिकित्सालयों में डिब्बाबंद कंपनियों द्वारा अपने ब्रांड प्रमोशन के अभियान पर प्रतिबंध लगाया है, उस उपक्रम से जच्चा-बच्चा के प्रति सरकारी चिंता उभर कर सामने आती है। उल्लेखनीय है कि स्तनपान अभियान को बढ़ावा देने के नाम पर सरकारी चिकित्सालयों के जच्चा-बच्चा कक्ष में घुसपैठ करने की ऐसी कंपनियों की कोशिश पर अब पूर्ण प्रतिबंध लगने वाला है। सरकार ने स्वीकार किया कि यह अनैतिक काम है और वह इस पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए सभी सरकारी चिकित्सालयों को अधिसूचना भेजेगी। इस संदर्भ में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार स्तनपान को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनके अनुसार स्तनपान अभियान को कमजोर करने के डिब्बाबंद कंपनियों के किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने दिया जाएगा। इस बाबत केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को भी पत्र लिखा। इसमें बताया गया है कि राज्य अपने यहां चिकित्सालयों में स्तनपान के नाम पर डिब्बाबंद दुग्ध उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के किसी झांसे में न आएं। केंद्र की ओर से आशंका प्रकट की गई कि कंपनियां चिकित्सालय में जच्चा-बच्चा को दी जाने वाली सुविधाओं और चिकित्सालयों पर किए गए किसी आर्थिक उपकार के बदले में वहां अपने प्रचार-प्रसार अभियान के तहत सरकार के स्तनपान अभियान को विफल कर सकती हैं। उल्लेख करना आवश्यक है कि ऐसी कंपनियों की बाबत कई शिकायतें सरकार को प्राप्त हो चुकी हैं और सरकार ने जब व्यापक स्तर पर इन कंपनियों के डिब्बाबंद दुग्ध उत्पादों की जांच की तो इनमें शून्य स्तर की पौष्टिकता पाई गई।

## सम्पादकीय

# 30 हजार लोगों के नाम सूची में शामिल नहीं



किसी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार का सबसे बड़ा महत्त्व होता है। इस लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, क्योंकि यहां मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे ज्यादा है। हर पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहे, इसका जिम्मा चुनाव आयोग पर है। ऐसे में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आयोग की ओर से किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार की गई मसविदा मतदाता सूची से राज्य के पैंसठ लाख लोगों का बाहर होना चौंकाने वाला कदम है। सवाल है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में मतदाता कहां चले गए? चुनाव आयोग का दावा है कि इनमें से अधिकतर व्यक्तियों की या तो मौत हो चुकी है या वे राज्य से पलायन कर चुके हैं, यानी किसी दूसरे राज्य में रह रहे हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, बिहार में पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 7.9 करोड़ है, जो नई मसविदा मतदाता सूची में घटकर 7.24 करोड़ रह गई है। एक अनुमान के मुताबिक, औसतन एक विधानसभा क्षेत्र से पच्चीस से तीस हजार लोगों के नाम सूची में शामिल नहीं हैं। इस पूरी प्रक्रिया पर मुख्यत दो कारणों से सवाल उठ रहे हैं। पहला, विधानसभा चुनाव में कुछ माह शेष रहने पर ही यह प्रक्रिया शुरू क्यों की गई? दूसरा, चुनाव आयोग की ओर से तय की गई नागरिकता प्रमाणपत्र नियमावली में आधार, मतदाता पहचान-पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में शामिल क्यों नहीं किया गया? इसके जवाब में चुनाव आयोग के पास अपने तर्क हैं, मगर कई सामाजिक संगठन और विपक्षी दल इनसे इत्तिफाक नहीं रखते। यह भी सच है कि मसविदा सूची अंतिम नहीं है और जिन लोगों के नाम शामिल नहीं हैं, उन्हें नए सिरे से आवेदन करने का अवसर मिलेगा। मगर, इससे सबसे ज्यादा परेशान वे लोग हैं, जिन्होंने पिछले चुनावों में मतदान किया था और अब नई मसविदा सूची में उनका नाम हटा दिया गया है। सवाल यह भी उठ रहा है कि मसविदा सूची से बाहर हुए लोग अगर मतदान के पात्र नहीं थे तो पहले उनका पंजीकरण कैसे हुआ और किस आधार पर उन्हें मतदाता पहचान-पत्र जारी किया गया? व्यवस्था में खामी पहले थी या अब है, इसका जवाब आना चाहिए। एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह भी है कि जिन लोगों के पास चुनाव आयोग की नियमावली के अनुरूप अपनी नागरिकता सिद्ध करने का प्रमाणपत्र नहीं है, उन्हें उसे बनवाने में वक्त लग सकता है और अगर निर्धारित समय पर यह सब नहीं हो पाया, तो वे मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। विपक्षी दल यह आरोप भी लगा रहे हैं कि चुनाव आयोग की ओर से शुरू में यह आश्वासन दिया गया था कि मतदाता सूची से हटाए गए प्रत्येक नाम की जानकारी कारण सहित सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी, मगर अब ऐसा नहीं किया जा रहा है। वहीं, सत्ता पक्ष का कहना है कि बिहार में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी और रोहिंग्या रह रहे हैं और उनमें से ज्यादातर ने फर्जी तरीके से मतदाता पहचान-पत्र बनवाए हैं। ऐसे में उन्हें मतदाता सूची से बाहर करना जरूरी है। बहरहाल, इसमें दोराय नहीं है कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूचियों का समय-समय पर अद्यतन जरूरी है, ताकि मतदान की शुचिता बनी रहे।


# आबादी और संसाधन



आज भारत की आबदी एक सौ चालीस के करीब पहुंच चुकी है। लेकिन क्या देश के पास इतनी बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, यह बड़ा सवाल है। आबादी के हिसाब से संसाधनों और खाद्य का पर्याप्त नहीं होना कम पीड़ादायक बात नहीं है। यह बेहद जरूरी है कि हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीने के लिए न सिर्फ खाद्य, बल्कि दूसरे शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं और दूसरे संसाधनों का लाभ मिले। यह जिम्मेदारी सरकार की भी है कि वह हर नागरिक को वे सारी चीजें मुहैया करवाए जिनका वह हकदार है, और जो उसके व परिवार के भरण-पोषण के लिए जरूरी है। यह गंभीर बात इसलिए है कि स्वास्थ्य, शिक्षा, भुखमरी, कुपोषण जैसे तमाम वैश्विक सूचकांकों में भारत की स्थिति दयनीय ही है। आज भारत की पैंसठ फीसद आबादी पांच साल से उनसठ साल के बीच की है। सबसे ज्यादा जरूरतें इसी आबादी वर्ग की हैं। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश में बेरोजगारी और अपराध बढ़ते हैं। इसलिए आज आवश्यकता यही है कि कामकाजी उम्र के हर व्यक्ति को रोजगार के अवसर भी मिलें ताकि वह अर्थव्यवस्था में किसी न किसी तरह से योगदान देता रहे। आज यह भी सत्य है कि जनसंख्या में हमारे युवाओं का बड़ा प्रतिशत किसी वरदान से कम नहीं है। युवा वर्ग अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सबसे ज्यादा सहायक हो सकता है, बस उसे काम देने की जरूरत है। लेकिन देखने में आ रहा है कि पर्याप्त संसाधनों के बावजूद रोजगार सृजन नहीं हो पा रहा है। किसी देश की बढ़ती जनसंख्या को यदि सही ढंग से नियोजित ना किया जाए तो कई गंभीर चुनौतियां पैदा होने लगती हैं। बढ़ती आबादी भी हमारे सामने बड़ी चुनौती है। समय-समय पर जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की बात उठती रहती है। देश का हर समुदाय अगर अपनी ओर से उन्नति एवं खुशहाली में अपना योगदान देता रहे तो बढ़ती आबादी का सही उपयोग हो सकेगा और देश तरक्की के रास्ते पर तेजी से बढ़ेगा। अत सरकार को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने के प्रयासों को प्राथमिकता देनी चाहिए। कश्मीर में फिर से आतंकी गतिविधियां बढ़ गई हैं। गैर मुसलमानों खासतौर से कश्मीरी पंडितोंऔर प्रवासी लोगों को लक्षित कर लगातार हत्याएं हो रही हैं। पिछले कुछ दिनों में ही लगभग दस से ज्यादा हत्याएं हो गईं। जिस तरह से लोगों को सरेआम मारा जा रहा है उससे हर नागरिक दहशत में है। हिंदू वहां से पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कश्मीरी पंडितों ने सरकार से मांग की है कि उनकी सुरक्षा का बंदोबस्त किया जाए। घाटी में जिस तरह के हालात बन गए हैं वे गंभीर हैं। इसलिए जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए आतंकियों पर नकेल कसना जरूरी है

# परिधि में स्त्री

**समाज की नजर में सुंदर मानी जाने वाली स्त्रियां अगर सुंदरता को संरक्षित करने के उद्देश्य से कुछ सौंदर्य प्रसाधन प्रयोग में ला कर आत्मिक आनंद की अनुभूति करने की कोशिश करती है तो भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है। आलम यह कि पुरुषों के बीच आकर्षण का केंद्र बनने की चाह खुद सुंदर नहीं लगने वाले और भ्रमित स्त्री-पुरुषों को कुढ़ने पर मजबूर करती है। ऐसे में एक ही बात अमल के लायक लगती है कि दुनिया कुछ कहे, उसकी फिक्र नहीं की जाए। अपने जीवन और अपनी अस्मिता के लिए जो जरूरी लगे, वह किया जाए।**



यों तो समूची दुनिया में अलग-अलग शक्ल में स्थिति बहुत अलग नहीं है, लेकिन खासतौर पर भारत की महिलाएं एक तरह से मूक नेत्री रही हैं। पितृसत्तात्मक व्यवस्था और मानसिकता ने जो संस्कारों की घुट्टी पिला कर उन्हें पोषित किया, उसी में रच-बस कर उसी तरह जीना। जीवन भर रसोईघर में खुद को झोंकने की, अपनी शरीरिक मेहनत और झुलसने-जलने की, बर्तनों के साथ अंगुलियों के घिस जाने के बावजूद उफ्फ तक नहीं निकलने को लेकर अभ्यस्त और सहज हो जाने के बावजूद दुत्कार खाकर जीतीं निराश आंखों वाली औरतें। माहवारी से जुड़े महावृत्तांतों ने स्त्रियों को अछूत और उसके बनाए निवालों को विष-स्वरूप प्रस्तुति दी। उसकी दारुण अनकही कथाएं, जिसे वह अपना कहती रही, वह भी भाई, पति, बेटे के हिस्से की रहीं। कहीं न कहीं वह खुद जननी के रूप में पारंपरिक ढांचे में ढाल देने को प्रयासरत रही। कोल्हू के बैल-सी जुटी रहते हुए चाहे बदन टूट कर खंडित अवस्था में हो, सभी की तरह अगर उसे भी शरीर के दर्द के दौरान आराम का खयाल आए तब भी उसे काम में जुटे रहना है। इस स्थिति में भी पति अगर अरमानों की सेज सजा बैठे तो प्रसन्न होने की नाटकीयता का निर्वाह। उसकी तुनकमिजाजी तो कतई बर्दाश्त नहीं की जाती। तमाम अंदरूनी चीखों को दबा कर, दोहरी जिंदगी की कसौटियों पर खरा उतरने की जिद लिए कूद पड़ती हैं घर, कार्यालय के मैदाने-जंग में अपनी जीत का परचम लहराने। वहां वह हृदय चीरने वाली दृष्टियों का वार झेल कर, खुंदक खाकर, जुबान रूपी घोड़े की लगाम छोड़ शब्दों के चाबुक चला कर ही अपनी अस्मिता की रक्षा कर पाती है। समाज की नजर में सुंदर मानी जाने वाली स्त्रियां अगर सुंदरता को संरक्षित करने के उद्देश्य से कुछ सौंदर्य प्रसाधन प्रयोग में ला कर आत्मिक आनंद की अनुभूति करने की कोशिश करती है तो भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है। आलम यह कि पुरुषों के बीच आकर्षण का केंद्र बनने की चाह खुद सुंदर नहीं लगने वाले और भ्रमित स्त्री-पुरुषों को कुढ़ने पर मजबूर करती है। ऐसे में एक ही बात अमल के लायक लगती है कि दुनिया कुछ कहे, उसकी फिक्र नहीं की जाए। अपने जीवन और अपनी अस्मिता के लिए जो जरूरी लगे, वह किया जाए। मगर आमतौर पर अपने व्यक्तित्व में अतिमानवीय सुंदरता को हासिल करने के रोजमर्रा के संघर्षों को स्त्री नहीं छोड़ती है और सांसों की दुर्गंध से लेकर पुरुष दंभ से भरे बदसलूकी वाले पुरुष को भी वह सामाजिक बंधन के चलते झेलती जाती है और ऐसे में वह निरीह, विवश और मूक प्राणी बनी रहती है। स्त्री सौंदर्यबोध की सामान्य परिधि यहीं तक सीमित कर दी गई। इस तरह की मोहिनी रूप वाली स्त्रियां पुरुषों के बीच बाकी महिलाओं की अपेक्षा ज्यादा चर्चा के लिए स्थान पातीं हैं। लेकिन आधुनिक स्त्री हर क्षेत्र में अपनी पहले की छवि के मुताबिक रूढ़ रही आदतन त्याग और अपनी अभिव्यक्ति के भूलभुलैया वाले भाव को किनारे कर असंतोष, पीड़ा और निराशाजनक माहौल से धीरे-धीरे मुक्ति द्वार की चौखटें लांघ रही हैं। यह सब शिक्षित होने पर संभव हो पाया। हालांकि यह उनके जीवन का मर्म है, लेकिन पितृसत्तात्मक कठोर मानसिकता से भरी हुई स्त्रियां और पुरुष इसे 'बदजुबानी' या 'कैंची-सी जुबान' के उपमान भी देते हैं। लेकिन सच कहें तो यह स्त्री का चरम विद्रोह है। ये संगठित मुक्तिवाहिनी स्त्रियां आज भी अल्पसंख्यक समूह ही हैं और वे भी लैंगिक भेदभाव, रूढ़ियों, असमानताओं, अन्यायपूर्ण व्यवहारों से आज तक पार नहीं पा सकी हैं। स्त्री आज भी अधिकारों से वंचित वर्गों की श्रेणी में ही है। मुश्किल यह है कि इस वंचना को महसूस करने के बजाय उसे पारंपरिक रूप से कायम सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के मानसिक बंधनों में ही सब कुछ सहज लगता रहता है। ऐसा लगता है कि औरतों की खासियत ही उनके शोषण का कारण बन जाती है। सभी से उदारतापूर्वक व्यवहार, कोमल, माधुर्य से भरी वाणी उसी के खिलाफ चली जाती है। स्वत स्फूर्त संबंधों की आंच से गला कर स्त्री को सभी संबंधी अपने आप परंपरागत रूप से स्वीकृत सांचे में ढाल कर मन मुताबिक कार्य कराते हैं। लेकिन उसके अंतर्मन की थाह पाने का कोई प्रयास नहीं करता। अब जरूरत इस बात की है कि स्त्री अपराधबोध, कुंठा, निर्णयों में अपने लीचीलेपन को छोड़ कर अपने वर्चस्व को स्थापित करे।

जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
5 अगस्त, 2025



# रानी मुखर्जी-विक्रांत की झोली में गिर सकता है नेशनल फिल्म अवॉर्ड

कोविड महामारी के चलते नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में देरी हो रही है। साल 2024 में 2022 में रिलीज होने वाली फिल्मों को पुरस्कार दिए गए थे। अब इस साल उन फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो वर्ष 2023 में रिलीज हुईं। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कब होगी, यह अभी तय नहीं है। मगर, रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि इस बार रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के दावेदार हो सकते हैं।

## इन फिल्मों के लिए जीत सकते हैं नेशनल अवॉर्ड

एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले 48 घंटों में 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा हो सकती है। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बार रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी पुरस्कार जीतने के प्रबल दावेदार हैं। यह पुरस्कार रानी को मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए मिल सकता है।

## दोनों के लिए होगी बड़ी उपलब्धि

विक्रांत मैसी ने 12वीं फेल में और रानी मुखर्जी ने फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में शानदार काम किया है। इन फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए उन्हें पहले ही कई अवॉर्ड्स मिल चुके हैं। अब अगर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी उनकी झोली में गिरता है तो यह वाकई एक बड़ी उपलब्धि होगी।


## आधिकारिक एलान का इंतजार

रानी मुखर्जी करीब 25 साल से अधिक वक्त से इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने ब्लैक, नो वन किल्ड जेसिका, मर्दानी, हिचकी जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। मगर, अब तक उन्हें कोई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं मिला है। अगर उन्हें अब मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलता है, तो यह वाकई उनकी हकदार हैं। 12वीं फेल में विक्रांत ने अपने अभिनय से सबको चौंका दिया। अगर उन्हें इस फिल्म के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिलता है, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी।





# फातिमा सना शेख ने आर माधवन को बताया पसंदीदा को-स्टार




अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उनकी हालिया रिलीज फिल्म आप जैसा कोई के एक्टर आर माधवन उनके पसंदीदा को-स्टार हैं। माधवन की तारीफ करते हुए फातिमा ने उन्हें सबसे अच्छा इंसान भी बताया। फातिमा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से माधवन के साथ कुछ मजेदार और यादगार पलों की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैडी और फैटीज मेरे सबसे पसंदीदा को-स्टार! फातिमा ने पोस्ट में माधवन को शूटिंग आसान और मजेदार बनाने के लिए धन्यवाद दिया। फातिमा ने लिखा, आपके विनम्र और उदार स्वभाव ने पूरी शूटिंग को आसान और मजेदार बना दिया। फातिमा, माधवन की मां के सांबर मसाला रेसिपी और हर सुबह दी जाने वाली परफेक्ट फिल्टर कॉफी के लिए भी आभार जताती नजर आईं। साथ ही उन्होंने सेट पर अक्सर गुलाब जामुन लाने के लिए भी माधवन को धन्यवाद कहा। आप जैसा कोई रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा है, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है और इसे करण जौहर की धर्मा‍टिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म में आर. माधवन संस्कृत प्रोफेसर श्रीरेणु त्रिपाठी की भूमिका में हैं, जबकि फातिमा सना शेख एक बिंदास फ्रेंच टीचर मधु बोस के किरदार में हैं। यह फिल्म श्रीरेणु और मधु की प्रेम कहानी को दिखाती है, जो सामाजिक रूढ़ियों के बीच पनपती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आप जैसा कोई के अलावा फातिमा, अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो... इन दिनों में नजर आईं। 4 जुलाई को रिलीज हुई मेट्रो... इन दिनों आधुनिक रिश्तों की मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है। इस फिल्म में फातिमा सना शेख के साथ आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म साल 2007 में आई अनुराग बसु की लाइफ इन ए मेट्रो की सीक्वल है।



# नोरा फतेही और रेवैन्नी फिर एक साथ आएंगे नज़र

ब्लेक से दुनिया भर में धूम मचाने के बाद, नोरा फतेही और रेवैन्नी की क्रॉस-कल्चरल जोड़ी धमाकेदार ट्रैक तेतेमा के साथ फिर से वापस आ रहे है। जेसन डेरुलो के साथ स्नेक की ज़बरदस्त ग्लोबल सफलता के बाद, जिसे अब तक 130 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। सूत्रों के अनुसार, नोरा फतेही अब एक और बड़ा इंटरनेशनल धमाका करने जा रही हैं। वह टैलेंटेड अफ्रीकी कलाकार रेवैन्नी के साथ तेतेमा में फिर से नजर आएंगी – जो कि एक हाई-ऑक्टेन ग्लोबल फ्यूजन ट्रैक है। यह गाना अफ्रो-बोंगो एनर्जी को बहुभाषीय और क्रॉस-कल्चरल ट्विस्ट के साथ पेश करता है। सूत्रों के अनुसार इस नए रीक्रिएशन का नाम ओ मामा तेतेमा से आ सकता है, जो रेवैन्नी और डायमंड प्लैटनम्ज़ के ओरिजिनल हिट तेतेमा पर आधारित होगा। इस बार नोरा न सिर्फ़ गाने की विजुअल हाइलाइट होंगी, बल्कि एक गायिका के रूप में भी नजर आएंगी – जहाँ वह अंग्रेज़ी, स्वाहिली और हिंदी के अनोखे मेल से अपने सिग्नेचर स्वैग और स्पाइस को पेश करेंगी। 2019 की उनकी वायरल इंटरनेशनल हिट ट्रैक पेपेटा के बाद, यह नोरा और रेवैन्नी के साथ एक और बड़ी जोड़ी की वापसी है।




# सिद्धार्थ-जाह्नवी की परम सुंदरी की नई रिलीज डेट का ऐलान

दिनेश विजान के मैडॉक तले बनी फिल्म परम सुंदरी की नई रिलीज डेट अब सामने आ गई है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर स्टारर इस फिल्म को अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म के मेकर्स की तरफ से इस बात की ऑफिशियल जानकारी दी गई है। इससे पहले फिल्म 25 जुलाई को रिलीज की जानी थी। फिल्म का एक मोशन पोस्टर भी सामने आया है जिसमें सिद्धार्थ और जाह्नवी नजर आ रहे हैं।

## फिल्म का गाना परदेसिया हुआ रिलीज

मेकर्स की तरफ से फिल्म का गाना परदेसिया भी रिलीज हो चुका है। इस गाने में सिद्धार्थ और जाह्नवी के बीच जबरदस्त कैमिस्ट्री देखने को मिल रही है। दोनों किरदार प्यार में डूबे हुए हैं और एक दूसरे से अपने प्यार का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## परम सुंदरी की स्टार कास्ट

इन दिनों बॉलीवुड में लवस्टोरी पर बेस्ड फिल्मों का बोलबाला देखने को मिल रहा है। जब से अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा रिलीज हुई है, तभी से ऐसा लग रहा है मानो सिनेमा में प्रेमकहानी पर बनी फिल्मों को नया जीवन मिल गया है। इसी कड़ी में पहले फिल्म धड़क 2 रिलीज होगी, जिसमें सिद्धार्थ चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। फिर महीने के आखिर तक सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की ये फिल्म रिलीज हो जाएगी। 29 अगस्त को सिनेमाघरों में फिल्म परम सुंदरी को रिलीज किया जाएगा।

## कैसी होगी फिल्म की कहानी?

परम सुंदरी में सिद्धार्थ दिल्ली के एक अमीर या कहें बड़े कारोबारी परम का किरदार निभा रहे हैं। उधर जाह्नवी एक ऐसी लड़की (सुंदरी) के किरदार में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है और पेशे से एक कलाकार है, जो अपनी परंपराओं और उसूलों की पक्की है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे 2 एकदम अलग-अलग मिजाज के लोग एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं। ये फिल्म उनकी प्रेम कहानी पर बेस्ड होगी। इस फिल्म को तुषार जलोटा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो इससे पहले 2022 में आई फिल्म दसवी का निर्देशन कर चुके हैं।

# फेस सर्जरी के आरोपों पर भूमि पेडनेकर ने तोड़ी चुप्पी

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं। हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।

## लोगों की पसंद पर राय देने वाली मैं कोई नहीं होती

पिछले कई वर्षों से ऐसी अटकलें लगती रही हैं कि भूमि पेडनेकर ने सर्जरी कराई है। हालांकि, खुद भूमि ने ऐसी अटकलों पर हमेशा इनकार ही किया है। अब हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में बात करते भूमि पेडनेकर ने कहा, मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं।
भूमि ने बोटोक्स और सर्जरी को लेकर आगे कहा, मुझे यह भी लगता है कि इस पर बहुत ज्यादा चर्चा हो रही है। अभिनेत्री ने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। भूमि ने बताया कि देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। एक्ट्रेस ने कहा, लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है।



# सलाकार की कहानी ने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया

अभिनेत्री मौनी रॉय की आगामी जासूसी थ्रिलर फिल्म सलाकार रिलीज होने के लिए तैयार है। अभिनेत्री ने फिल्म में अपने अनुभव को साझा किया है। अभिनेत्री ने कहा, इसमें काम करके मुझे बहुत खुशी हुई। यह मेरे लिए अभी तक का सबसे अलग हटकर या खास तरह का किरदार है। इसकी कहानी ने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया। अभिनेत्री ने टीम की तारीफ करते हुए बताया, सेट पर पूरी टीम का माहौल काफी अच्छा रहता था। हम सब मिलकर काम करते थे। अब मैं दर्शकों के लिए काफी उत्साहित हूं, फिल्म में उन्हें मेरा ऐसा किरदार देखने के लिए मिलेगा जो उन्होंने पहले कभी देखा ही नहीं होगा। बता दें, फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को इसका टीजर रिलीज कर दिया, फिल्म एक भारतीय जासूस की कहानी पर आधारित है। यह फिल्म ऐतिहासिक बैकग्राउंड पर आधारित है और इसमें रहस्य-रोमांच के कई मोड़ देखने को मिलेंगे। इसमें मौनी रॉय के साथ मुकेश ऋषि, कस्तूरिया और सूर्या शर्मा भी हैं। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह कहानी एक ऐसे जासूस की कहानी है, जो अपनी खुफिया जानकारी से देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने दुश्मनों को सफलतापूर्वक मार देता है और पाकिस्तान में गुप्त तरीके से परमाणु ठिकानों के अस्तित्व का पता लगाता है। निर्देशक और सह-लेखक, फारुक कबीर ने कहा, सलाकार एक जासूसी थ्रिलर की कहानी है। जो एक्शन के लिए नहीं, बल्कि खुफिया जानकारी और बलिदान के लिए बनी है।





# पहचान बनाने के बाद भी लोग काम नहीं, शादी की बात करते हैं....

**बॉलीवुड में अपनी फिल्मी पारी शुरू करने वाली श्रुति हासन साउथ की सबसे ज्यादा फीस पाने वाली हीरोइनों में गिनी जाती हैं। अपने सुपरस्टार पिता की छाया से निकलने में श्रुति को वक्त तो लगा, हालांकि, उन्होंने अपनी जमीन पुख्ता कर ली। इन दिनों वह रजनीकांत स्टारर कुली के कारण चर्चा में हैं। बातचीत में उन्होंने महिला मुद्दों, शादी, पिता कमल हासन, माता-पिता के अलगाव जैसे कई मुद्दों पर दो टूक बात की।**

**आप फिल्मी घराने से ताल्लुक रखने वाली एक मजबूत आत्मनिर्भर लड़की हैं, आपको लड़कियों को लेकर सबसे ज्यादा क्या बात परेशान करती है?**

श्रुति हासन- लड़कियों को लेकर किया जाने वाला डबल स्टैंडर्ड मुझे बहुत परेशान करता है। मर्द अगर कोई चीज करें, तो उन्हें शाबाशी मिलती है, मगर लड़कियां करें, तो उन पर उंगली उठाई जाती है। अगर एक मर्द असर्टिव होता है, तो उसे दृढ़ इच्छाशक्ति वाला कहा जाता है, मगर यदि कोई लड़की इस तरह से अपनी बात रखे, तो उसे घमंडी कहा जाता है और बोला जाता है कि उसे लड़कियों की तरह बात करनी चाहिए। मुझे बहुत आपत्ति होती है, जब लड़कियों को आसानी से जज किया जाता है। बराबरी का दर्जा नहीं मिलता।

**आज काफी चीजें बदल गई हैं, मगर क्या आपको लगता है कि एक्ट्रेस होने के नाते रोल्स हों या पे पैरिटी, असमानता घटी है?**

बीते सालों में ये भेदभाव कम हुआ है, मगर अभी भी उतना नहीं घटा, जितनी हमने अपेक्षा की थी। आज सोशल मीडिया पर भी बहुत कुछ होता है। मैं कमेंट्स पढ़ती रहती हूं, अरे कितने दिन काम करोगी, शादी कर लो। एक हीरोइन को लेकर इस तरह के कमेंट्स सुनने को मिलते हैं, मगर हीरो को कोई ये नहीं कहता। प्रभास और सलमान खान को ये बात कोई नहीं कहता कि बहुत हुआ काम अब शादी कर लो। तो अब भी ये फीमेल-मेल पर्सपेक्टिव है। मैं मानती हूं कि पे पैरिटी घटी है, अभिनेत्रियों को दमदार भूमिकाएं मिल रही हैं, मगर यदि इस मानसिकता में बदलाव नहीं आता, तो क्या फायदा?

**तो क्या आप भी शादी करने का दबाव महसूस करती हैं?**

बिल्कुल। मुझे जब लगातार इंटरव्यू में पूछा जाने लगा कि मैं शादी कब करूंगी, तो मैंने कह दिया कि मैं शादी में बिलीव नहीं करती। मुझे लगा था, मैंने एक बार इस मुद्दे पर कहा, तो वो छोड़ देंगे, मगर हर बार घूम फिरकर मेरी शादी पर बात आ जाती है। मैंने इतना काम किया है। खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। मैं तरह -तरह की चीजें करती हूं, मगर मुझे एक ही नजरिए से देखा जाता है और ये सिर्फ मेरी अपनी बात नहीं है, ये हम सभी लड़कियों के साथ है।

**अतीत में पलटकर देखने पर आपको ऐसा लगता है कि आपके माता-पिता (सारिका-कमल हासन) के बीच अगर अलगाव न हुआ होता, तो आपके जीवन में चीजें कुछ अलग होती?**

निश्चित रूप से सोचती हूं, क्योंकि मैं थेरेपी के क्षेत्र में भी काम करती हूं। मैं साइकोलॉजी में भी रुचि रखती हूं। मैं बिल्कुल सोचती हूं कि वो साथ रहते, तो कुछ अलग हो सकता था। मगर फिर ये चीजें हमारे हाथ में नहीं हैं। मेरा कहना यही है कि उस बात को हम बदल नहीं सकते। मुझे विक्टम मेंटेलिटी जरा भी पसंद नहीं है। मैं मानती हूं कि हर किसी की कहानी में एक हादसा होता है। हर किसी के पास एक दुखभरी कहानी होती है। पर मैं उस अगर या मगर में यकीन नहीं करती। जो हुआ, सो हुआ, अब मैं उसे कैसे हैंडल करूं, मेरा फोकस उस पर होता है।

**आप भी एक लंबा करियर जी चुकी हैं, आपको कब लगा कि आप कमल हसन जैसे बड़े मेगा स्टार की छाया से निकल चुकी हैं?**

आज ही क्यों, मुझे तो शुरू से ही लगता है कि मैंने अपनी अलग चीजें करने की कोशिश की है। मैं हमेशा मानती हूं कि हासन सरनेम के कारण मेरे लिए दरवाजे खुले। मगर ये भी सच है कि मेरे माता-पिता (कमल हासन और सारिका) ने फोन उठाकर मेरे करियर के लिए कभी फेवर नहीं मांगा। मैं जब से काम कर रही हूं, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हूं, तो जब आपको खुद के बिल भरने पड़ें, मीटिंग्जस लेनी पड़ें, तब वो छाया खुद-ब-खुद घटने लगती है। आज भी जब पत्रकार इंटरव्यू में पापा की बातें करते हैं, तो लगता है कि वो शेडो नहीं घटा है, पर आज मैं उसे छाया नहीं एक रोशनी की तरह देखती हूं।

**आपने अब तक साउथ के विजय, प्रभास, पवन कल्याण जैसे कई बड़े स्टार्स के साथ काम किया है, मगर कुली में रजनीकांत जैसे सुपरस्टार संग काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

सबसे पहले तो मैं आपको बता दूं कि रजनी सर (रजनीकांत) मेरे पापा (कमल हासन) के कंटेम्परारी हैं, तो वो कनेक्शन था, जो सेट पर काफी काम आया। उनसे सीखने को काफी मिला। वह सेट पर एक कमाल का माहौल बनाए रखते हैं। वह सेट पर एक सकारात्मक माहौल लेकर आते हैं। वह अपनी एनर्जी से सब कुछ बदल देते हैं। इसमें मेरा प्रीति का किरदार भी ऐसा है, जिससे महिलाएं खुद को जोड़ पाएंगी।

# अब तक 92 जर्जर स्कूलों को किया जमींदोज, 54 स्कूलों के मरम्मत को मिली स्वीकृति

### 31 अगस्त तक चलेगा गिवअप अभियान, अब तक करीब 91 हजार लोगों ( 7 फीसदी) ने छोड़ा लाभ

### 15 अगस्त को ड्राई डे पर शराब ठेके खुले तो 2 लाख तक लगेगा जुर्माना

### एडीएम सिटी ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** एडीएम सिटी रमेश देव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक बैठक के तहत विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। अब तक 92 जर्जर स्कूलों को किया जमींदोज, 54 स्कूलों के मरम्मत को मिली स्वीकृति बैठक में सीडीईओ ने बताया कि जिले में अब तक कुल 92 जर्जर सरकारी स्कूल भवन को जमींदोज किया जा चुका है। साथ ही 54 स्कूलों में मरम्मत के लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी हुई है। करीब 68 फीसदी स्कूलों में इको क्लब खोल दिए गए हैं।

#### 16 अगस्त तक स्कूलों में चलेगा प्रवेशोत्सव, अब तक 2.55 लाख हुआ नामांकन

बैठक में सीडीईओ ने बताया कि सरकारी स्कूलों में नामांकन 16 अगस्त तक चलेगा। अब तक 2.55 लाख विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। जो पिछले वर्ष से 2.75 फीसदी कम है। बैठक में एडीएम सिटी ने ज्ञान संपर्क पोर्टल में भामाशाहों के द्वारा दान देने को लेकर प्रक्रिया आसान बनाने और जिले की प्रत्येक स्कूल को लेकर क्यूआर कोड बनाने को लेकर भी निर्देशित किया ताकि कोई भी व्यक्ति आसानी से स्कूलों को दान दे सके। बैठक में डीएसओ ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) से स्वत नाम हटाने के गिवअप अभियान की तारीख 31 अगस्त कर दी है। लिहाजा पात्र लोगों को इस योजना के अंतर्गत जुड़ने का लाभ मिल सकेगा। गिवअप अभियान के अंतर्गत अब तक करीब 91 हजार (7 फीसदी) लोगों ने योजना का लाभ लेना छोड़ दिया है। इसकी संख्या 1 लाख पार होने की संभावना है। बैठक में डीएसओ ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को लेकर अब तक 964 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं। घरेलू गैस के दुरुपयोग रोकने को लेकर अभियान जारी है।

#### 15 अगस्त को ड्राई डे पर शराब ठेके खुले तो 2 लाख तक लगेगा जुर्माना

बैठक में एडीएम सिटी ने आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि 15 अगस्त को ड्राई डे के दिन शराब की दुकान खुली पाए जाने पर 30 हजार से 2 लाख रू तक चालान करने हेतु कहा।

#### जिला मुख्यालय पर खुले दो मिलेट्स आउटलेट

सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में मोटे अनाज को लेकर दो मिलेट्स आउटलेट व्यास कॉलोनी के गोल मार्केट और केईएम रोड़ पर उपभोक्ता होलसेल भंडार के सुपर मार्केट में खोले गए हैं। एडीएम सिटी ने कहा कि एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखें।

#### एक्सपायरी चीजों को चैक करने हेतु चलेगा विशेष अभियान

एडीएम सिटी ने कहा कि जिले भर में खुले में बिकने वाले सामान, सही वजन को लेकर मोप तोल करने, एक्सपायरी डेट को लेकर चिकित्सा, खाद्य सुरक्षा, बाट माप तोल का संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाने , मिड डे मील पहुंचाने को लेकर फर्म की अप्रत्याशित दरों को देखते हुए आवंटन को फिजीकली रिसीव करने और कम पाए जाने पर टेंडर कैंसिल करने हेतु निर्देशित किया। महिला उत्पीड़न एक्ट के तहत समिति गठित नहीं करने पर लगेगा 50 हजार का जुर्माना बैठक में एडीएम सिटी ने कहा कि कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न रोकने को लेकर इसके एक्ट की धारा 13 के तहत 10 या 10 से अधिक कर्मचारी वाले संस्थानों में समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। लिहाजा कॉलेज, स्कूलों इत्यादि में विशाखा गाइडलाईन की पालना सुनिश्चित किया जाए। समिति का गठन नहीं करने पर संबंधित संस्थान पर 50 हजार का जुर्माना लगेगा। बैठक में कृषि विपणन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के अंतर्गत सभी मंडी सचिव 5-5 श्रमिकों का चयन इस योजना के लाभ दिलाने हेतु करेंगे। 5 से कम चयन करने वाले सचिव को चार्जशीट दी जाएगी।बैठक में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्माण शाखा के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

### महापौर ने अधिकारियों को तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में सोमवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में सांगानेर जोन के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो, सड़कों की मरम्मत, जल भराव की समस्या, निगम योजनाओं की प्रगति एवं साधारण सभा एवं कार्यकारिणी समिति के निर्णयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांगानेर जोन के समस्त पार्षदगण, उपायुक्त आयोजना, उपायुक्त उद्यान, उपायुक्त सतर्कता, अधीक्षण अभियंता सहित समस्त जोन एवं मुख्यालय अधिशाषी अभियन्ता मौजूद रहे। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बैठक में विकास कार्यो की गति को तीव्र किया जाए, क्षेत्रीय जल भराव की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, सड़कों की मरम्मत एवं नालों की सफाई कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए, आमजन की समस्याओं का निस्तारण तत्काल प्रभाव से किया जाए ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और नगरीय सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर हो। महापौर ने निर्देश दिये कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने पारदर्शिता एवं जबाबदेही को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। नगर निगम ग्रेटर जयपुर जनहित में निरंतर प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों को धरातल पर लाने हेतु ठोस कदम उठा रहा है।

## बारिश के कारण किशनबाग और स्वर्ण जयंती पार्क 3 दिन के लिए बंद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** हाल ही में हुई तेज बारिश के चलते विद्याधर नगर स्थित किशनबाग और स्वर्ण जयंती पार्क में जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पानी भरने और कीचड़ की वजह से आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने इन दोनों पार्कों को 5 अगस्त से 7 अगस्त तक अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया है। जेडीए अधिकारियों के अनुसार, पार्कों के भीतर कई स्थानों पर पानी भर जाने से फिसलन और कीचड़ की स्थिति बन गई है, जिससे पर्यटकों के फिसलने या चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। इन हालातों को सुधारने के लिए पार्कों में जलनिकासी और सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। किशनबाग में पर्यटकों के लिए 50 रुपए और विद्यार्थियों के लिए 25 रुपए का प्रवेश शुल्क निर्धारित है। यह स्थल स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ बाहर से आने वाले सैलानियों के बीच भी काफी लोकप्रिय है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से जेडीए का यह फैसला स्वागतयोग्य है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि साफ-सफाई और मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद 8 अगस्त से पार्कों को पुनः खोल दिया जाएगा। पर्यटकों से अनुरोध किया गया है कि वे तब तक पार्क में प्रवेश से परहेज करें और सहयोग करें।

## उप जिला अस्पताल में पहली बार हुआ हर्नियोप्लास्टी ऑपरेशन, डॉ. दिनेश यादव की पहल से मरीज रतनलाल को मिली राहत

### पीएमओ धर्मेंद्र भामू व अस्पताल प्रशासन ने जताई प्रसन्नता

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे के उप जिला अस्पताल में चिकित्सा सुविधा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। हाल ही में पदस्थापित हुए डॉक्टर दिनेश यादव ने 37 वर्षीय मरीज रतनलाल का सफल हर्नियोप्लास्टी ऑपरेशन कर नया इतिहास रच दिया। यह इस अस्पताल में किया गया अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है, जिससे स्थानीय क्षेत्र के लोगों में उत्साह है। पीएमओ धर्मेंद्र भामू और अस्पताल प्रशासन ने इस सफलता पर संतोष जताते हुए डॉ. यादव की सराहना की। उन्होंने कहा कि उप जिला अस्पताल में इस तरह की सर्जरी का होना स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।मरीज रतनलाल ने भी राहत की सांस लेते हुए कहा कि अब कस्बे में ही ऐसी सुविधा मिलना बड़ी बात है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी अस्पताल प्रशासन व डॉक्टर की टीम का आभार जताते हुए इसे फुलेरा के लिए गर्व का क्षण बताया।



## 'आंगनबाड़ी बहन सम्मान' कार्यक्रम मंगलवार को

**बीकानेर (निस)।**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व' के तहत 'आंगनबाड़ी बहन सम्मान कार्यक्रम' मंगलवार को जयपुर में आयोजित होगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रवींद्र रंगमंच पर किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहिनों से संवाद करेंगे तथा राखी बांधवाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई ने बताया कि जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

## गोविंद देवजी मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव की भक्ति में झूमे श्रद्धालु, भजनों और बधाइयों से गूंजा परिसर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** श्री गोविंद देवजी मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत सोमवार को भक्ति और उल्लास से भरे वातावरण में हुई। मंदिर परिसर में निंबार्क परिषद द्वारा आयोजित भजन और बधाई गायन कार्यक्रम में श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। ठाकुर राधा गोविंददेवजी की प्रतिमा के समक्ष जैसे ही भजनों की सुरलहरियां गूंजीं, सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तजन भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम में 'भजो राधे गोविंद', 'कान्हा झूले पालना', 'मुरली जोर की बजाई रे नंदलाला' जैसे भजनों पर भक्तों की तालियों और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भजन प्रस्तुत करने वालों में चंद्रबिहारी माजूमवाला, गजानंद अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, पवन कंदोई सहित कई वरिष्ठ कलाकार शामिल रहे। परिषद के महामंत्री अमित शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह 9 बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ और अंत तक श्रद्धालु पूरी श्रद्धा से मौजूद रहे। निंबार्क संप्रदाय के आचार्य महामंडलेश्वर पद्मनाभ शरण देवाचार्य ने कहा, "जयपुर में जन्माष्टमी वही मानी जाती है, जो गोविंद देवजी मंदिर में मनाई जाती है। पंचांगों में भले ही अंतर हो, परंतु यहां की परंपरा सर्वोपरि है।" उन्होंने कहा कि गोविंद का स्थान ही आनंद और भक्ति का केंद्र है। भक्ति रस की वर्षा करते हुए मंडलियों ने 'श्याम सुंदर सदा हमको प्यारे रहे', 'काली कमली ने ऐसा जादू डाला' और 'सावन में झूला झूल रहे राधे संग कुंज बिहारी' जैसी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

#### आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा

**5 अगस्त, मंगलवार** हरिनाम संकीर्तन परिवार और त्रिवेणी सत्संग मंडल द्वारा कीर्तन

**6 अगस्त, बुधवार** प्रभात बेला में राधा गोविंद कृपा प्रभातफेरी मंडल द्वारा संकीर्तन यात्रा

**7 अगस्त, गुरुवार** श्रीमन माधव गौड़ेश्वर संकीर्तन मंडल और गौर गोविंद महिला मंडल द्वारा भजन संध्या

महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, संगीत और श्रद्धा से सराबोर रहेगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## तृतीय उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर विमोचन



### ओमदास महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा आयोजन, विधायक कैलाश वर्मा ने किया पोस्टर जारी

जयपुर टाइम्स

**(निस)।**दा बुद्धा सामाजिक एवं शैक्षिक संस्था द्वारा आयोजित किए जा रहे तृतीय उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह - 2025 (चोमू-आमेर) के लिए पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परम श्रद्धेय ओमदास महाराज पीठाधीश्वर अखिल भारतीय सांगलिया धूणी - सीकर के सानिध्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में बगरू विधानसभा विधायक एवं पूर्व मंत्री, चेयरमैन याचिका एवं सदाचार समिति राजस्थान विधानसभा कैलाश वर्मा ने समारोह के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट जितेन्द्र बुनकर, महासचिव महेंद्र बांयला, कोषाध्यक्ष बनवारी कालावत, उपाध्यक्ष महेश मोरदिया, उपाध्यक्ष हेतराम बुनकर, उपाध्यक्ष मनिष बिदावत, शिक्षाविद् डॉ. नेमीचंद जैन, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक जगदीश प्रसाद मुवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर भगवान सहाय शर्मा, नानूराम मेहरा, समाजसेवी विकास प्रजापत व शंकरलाल बुनकर आदि मौजूद थे। 31 अगस्त को चोमू में होगा भव्य कार्यक्रम संस्था द्वारा सम्मान समारोह आगामी 31 अगस्त 2025 (रविवार) को प्रातः 10.15 बजे से शाही बाग पैलेस, कचोलिया रोड, चोमू में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह समारोह समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## विकास का क्रम निरन्तर जारी, प्रत्येक गांव व ढ़ाणी में होगें कार्य- राधा पटेल

### ग्राम पंचायत चिमनपुरा स्थित चनेजा की ढ़ाणी में थ्री फेस बोरिंग मय ट्युबवेल का निर्माण कार्य शुरू

### हरियालों राजस्थान व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस)।** विधायक हंसराज पटेल द्वारा घोषणा की गई क्षेत्र में 32 स्थानों पर सिंगल व थ्री फेस बोरिंग का निर्माण कार्य एक-एक करके शुरू हो चुका हैं। इसी क्रम में विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल ने सोमवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत चिमनपुरा स्थित चनेजा की ढ़ाणी में थ्री फेस बोरिंग मय ट्युबवेल निर्माण कार्य का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस मौके पर पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के हरियालों राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि राधा पटेल ने ग्रामीण महिलाओं को पौधों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा व स्वास्थ्य कार्यो को लेकर क्षेत्र का कोई भी गांव व ढ़ाणी विकास कार्यो से वंचित नहीं रहेगा। सभी को साथ लेकर विकास कार्य करवायें जायेगें। साथ ही जिले भर में हरियालों राजस्थान व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किये जा रहे पौधारोपण में कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की बड़ी सहभागिता रहेगी। राधा पटेल ने ग्रामीण महिलाओं को प्रकृति संरक्षण व बालिका शिक्षा के प्रति सजग रहकर कार्य करने का संदेष दिया। इस दौरान सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष पुष्करमल रावत, जयनारायण पंच, रतिराम रावत, रामकरण सरपंच, रामौतार डेलीगेट, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजेश रावत, कृष्ण जांगिड़, अड़ीसाल पंच, प्रकाश सरपंच बनार, बनवारी म्हासी, विजय छावड़ी, रामकरण सराधना, बनवारी लताला, दयाराम लताला समेत अन्य मौजूद रहें।

## ब्राह्मण समाज के श्रावण उत्सव का आयोजन. पुजारी सेवक सम्मेलन के दौरान कार्यकारिणी का गठन

जयपुर टाइम्स



**कोटपूतली (निस)।**कस्बे के भगवान श्री परशुराम मंदिर में ब्राह्मण समाज के श्रावण उत्सव का आयोजन हुआ। इस मौके पर रामचरितमानस पाठ पूर्ण होने पर मंदिर परिसर में स्थित भगवान नरबदेश्वर (शंकर भगवान) का पूर्ण विधि विधान व विभिन्न प्रकार की सामग्रियां से पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया गया। इस दौरान कोटपूतली तहसील स्तरीय पुजारी सेवक सम्मेलन महंत मंगलदास के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें पुजारी सेवक महासंघ के प्रदेश महामंत्री रतनलाल शर्मा, जयपुर जिलाध्यक्ष रामावतार भारद्वाज, कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रभारी पं. सोहनलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विष्वासनाथ शर्मा, शाहपुरा तहसील अध्यक्ष बजरंग लाल समेत अन्य मौजूद रहें। इस दौरान पुजारियों की समस्याओं, अधिकार व उनके सरंक्षण पर विचार-विमर्श व मंथन हुआ तथा पुजारियों व सेवकों के विरूद्ध चल रहे षड्यंत्रों पर चर्चा कर उनका मुकाबला एकजूट होकर करने की राय व्यक्त की गई तथा अधिकारों की लड़ाई लड़ने हेतु सभी पुजारियों को एकमंच पर लाने का संकल्प लिया गया। मंहत मंगलदास महाराज ने पुजारियों की एकजुटता व अधिकारो के सरंक्षण पर बल दिया तथा पुजारी सेवक महासंघ के महामंत्री रतनलाल शर्मा ने संगठन के गठन, उद्देश्य व आगामी कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से बताया। पं. सोहनलाल शर्मा ने क्षेत्र के सभी मंदिरों के पुजारियों को एकजूट कर अधिकारों के संघर्ष हेतु तत्पर रहने की अपील की। पं. किशोरी लाल नेताजी ने पुजारी सेवक संघ का संयोजन व मंच संचालन नगर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा ने किया। इस मौके पर पुजारी सेवक महासंघ के तहसील अध्यक्ष सुभाष चन्द्र भारद्वाज (सरूण्ड) व चन्द्रशेखर शर्मा (चतुर्भुज) को महामंत्री निर्वाचित किया गया। सुभाष भारद्वाज व चन्द्रशेखर शर्मा ने क्षेत्र के सभी मंदिरां के पुजारियों को सूचीबद्ध कर शीघ्र कार्यकारिणी का विस्तार किये जाने की बात कही। इस दौरान जर्नादन पटवारी, रामौतार गौड़, हरिशंकर शर्मा, मिथलेश शर्मा, नागेन्द्र वैद्य, गोपाल जोशी, किशनलाल शर्मा, छाजूराम चतुर्वेदी, रविराय शर्मा, सत्यनारायण भोमियां, राजेन्द्र भारद्वाज, ब्रजभूषण कौशिक, सुभाष शर्मा, सुरेश शर्मा, कुलदीप जोशी, मनोज गौड़, मनीष शर्मा, रामचन्द्र शर्मा, नरेश शर्मा, शंकर पुजारी, देवकिशन शर्मा, गोपाल पुजारी, यशवंत मिश्रा, महेश शर्मा, घनश्याम शर्मा, शिवकुमार शर्मा, बद्रीप्रसाद शर्मा, सत्यनारयण मुदगल, विवेक पुजारी, विष्णु टीलावत, राजेन्द्र मुदगल समेत सैकड़ां मंदिरों के पुजारी व विप्रजन मौजूद रहें।

# डंफर की टक्कर से महिला की मृत्यु, एक युवक घायल

### आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस)।** निकटवर्ती प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बुचारा में सोमवार को पावटा की ओर से आ रहे एक ओवरलोड़ डम्फर की चपेट में आने से एक बाईक सवार महिला की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जबकि बाईक चालक उसका भतीजा घायल हो गया। हादसा बुचारा ग्राम से करीब 05 किलोमीटर पहले कालीबाऊ के पास घटित हुआ। हादसे के बाद ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और डंफर मालिक व जनप्रतिनिधियों को मौके पर बुलाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा है। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना एसएचओ किरण सिंह यादव पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। साथ ही फरार डंफर चालक की तलाश में क्षेत्र में नाकाबंदी भी करवाई गई। वहीं पावटा तहसीलदार संजय खेदड़ व पटवारी मुकेश कुमार आर्य भी घटना स्थल पहुंचे। प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह यादव ने बताया कि बुचारा निवासी लक्ष्मी देवी (47) पत्नी प्रहलाद भगत अपने भतीजे अजय (25) के साथ पावटा डॉक्टर को दिखाकर बाईक से लौट रही थी। दोपहर करीब 1.30 बजे बालाजी क्रेषर के पास सामने से आ रहे एक डंफर ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे महिला लक्ष्मी देवी डंफर के टायरों के नीचे आ गईं और मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि भतीजा अजय बाल-बाल बच गया। बुचारा सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुर्जर ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाईष की एवं मृतका के पति प्रहलाद भगत, हरिराम बलाई, भतीजा विक्रम बलाई, पूर्व सरपंच जयराम मीणा, भगवती प्रसाद मीणा, टिटू अग्रवाल, नरेन्द्र बाकोलिया को साथ लेकर बालाजी क्रेषर पर पहुंचे। उन्होंने ओवरलोड़ डम्फर को लेकर शिकायत की तथा चालक की गलती से महिला की मृत्यु होने सम्बन्धित सूचना दी और पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाने की बात की। बालाजी क्रेषर मालिक शंकर लाल स्वामी ने मृतका के परिजनों को 05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की बात कही, जिससे ग्रामीणों ने सहमति जताई। पुलिस ने शव को एम्बूलेंस में रखकर पावटा उपजिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। जहां परिजनों की सहमति से पोस्टमार्टम किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने हादसे की निंदा करते हुये कहा कि ओवरलोड वाहनों के कारण क्षेत्र में दुर्घटनायें बढ़ रही हैं। सरपंच विमला देवी ने इस हादसे पर दुख जताया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा ने कार्यवाही की मांग की। स्थानीय ग्रामीण गोविंद सिंघल, दिनेश महरड़ा, श्रवण भगत, संतोष जिलोवा, किशनलाल मीणा, प्रेमचंद वर्मा, सुभाष बलाई, हीरालाल मीणा, संतोष बलाई, रामसिंह मीणा, बलवीर सिंह, दीनदयाल सिंघल, सुरेश मीणा आदि ने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने व ठोस कार्यवाही की मांग की।

## जयपुर में पहली बार बाल निगम सभा का आयोजन, 50 बाल पार्षद रखेंगे वार्ड की समस्याएं



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)।** देश में पहली बार जयपुर नगर निगम हैरिटेज में बाल निगम सभा का आयोजन होने जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम में 12 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 50 बाल पार्षद हिस्सा लेंगे, जो प्रदेशभर से चयनित किए गए हैं। ये बाल प्रतिनिधि अपने-अपने वार्ड की समस्याएं, कार्य योजनाएं और सुझाव निगम के मंच पर रखेंगे। इस आयोजन में राजस्थान के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने इसे अत्यंत आवश्यक और प्रेरणादायक पहल बताते हुए बाल पार्षदों को शुभकामनाएं दी हैं। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली, पर्यावरण सुरक्षा, ठोस कचरा प्रबंधन और स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों से जोड़ना है। बाल निगम सभा का आयोजन डिजिटल बाल मेला, द फ्यूचर सोसाइटी और नगर निगम हैरिटेज के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। डिजिटल बाल मेला की संस्थापक जान्हवी शर्मा ने बताया कि यह पहल बच्चों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नीति निर्माण की समझ विकसित करने की दिशा में एक अभिनव कदम है। इस दौरान वार्ड 9 की बाल पार्षद सलोनी महावर की बनाई गई स्वच्छता पर आधारित पेंटिंग नगरीय विकास मंत्री को भेंट की गई, जिसे उन्होंने सराहा। इस पहल की औपचारिक शुरुआत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 1 जुलाई को बाल निगम सभा के पोस्टर विमोचन के साथ की थी।

## नशे की लत ने बनाया चोर, 50 से ज्यादा ब्रांडेड साइकिलें चुराईं, आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने ब्रांडेड साइकिलों की चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहुल स्वामी उर्फ कब्बू (19) पुत्र घनश्याम स्वामी, निवासी पुराना विद्याधर नगर के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 19 ब्रांडेड साइकिलें बरामद की गई हैं, जिन्हें उसने जयपुर शहर के विभिन्न इलाकों से चोरी किया था। डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा ने बताया कि आरोपी नशे का आदी है और अपने नशे की लत पूरी करने के लिए साइकिलें चोरी करता था। वह घरों के अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर उसका रुट चार्ट तैयार किया और आखिरकार उसे गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह अब तक 50 से अधिक ब्रांडेड साइकिलें चोरी कर चुका है। उसके खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में पहले से ही 8 प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस उससे अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ कर रही है और बाकी चोरी की गई साइकिलों की बरामदगी का प्रयास जारी है।

## हाड़ोता में पाइपलाइन लीकेज से हजारों लीटर पानी बर्बाद, गांव की सप्लाई बंद

जयपुर टाइम्स

**गोविंदगढ़(जयपुर** हाड़ोता गांव में गोविंदगढ़ से आने वाली मुख्य पेयजल पाइपलाइन में बड़ा लीकेज हो गया है, जिससे हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। यह लीकेज उदयपुरिया मोड़ पर पुलिया निर्माण के दौरान भारी मशीनरी की वजह से हुआ, जिससे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के चलते पूरे गांव में अगले कुछ दिनों तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप रहेगी। ग्राम विकास अधिकारी आरती शर्मा ने बताया कि यह कोई पहली बार नहीं है जब निर्माण कार्य के दौरान पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा हो। पुलिया निर्माण में बार-बार भारी मशीनों के प्रयोग से पाइपलाइन टूट रही है। शर्मा के अनुसार, अब तक कई बार अस्थायी मरम्मत की जा चुकी है, लेकिन अब इसे स्थायी समाधान की जरूरत है। गांव में गर्मी के इस मौसम में पानी की आपूर्ति रुकने से चिंता और असंतोष का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत कर आपूर्ति बहाल की जाए और भविष्य में निर्माण कार्य के दौरान पाइप सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। वहीं, पुलिया निर्माण कर रही एजेंसी पर भी ग्रामीणों ने लापरवाही के आरोप लगाए हैं। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही मरम्मत कर सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।



# भूतमगरी विद्यालय में भामाशाहो का उल्लेखनीय योगदान, 20 लाख रुपए की लागत से बने सर्व सुविधायुक्त कमरों का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** भामाशाह अमृतलाल सागरमल साकरिया सांडेराव परिवार की ओर से भानुमती अमृत लाल साकरिया व उमादेवी अमृत लाल साकरिया स्मृति में उनकी बरसी पर 20+ लाख रुपए की लागत के दो सुविधा युक्त कक्षाकक्ष मय 90 फर्नीचर सेट (240 छात्रों हेतु) शिक्षा अधिकारी भवानी सिंह राणावत (मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर), रविन्द्र कुमार त्रिवेदी (अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सुमेरपुर) की उपस्थिति में नवक्रमोन्नत राउमावि भूतमगरी सांडेराव को भेंट किए। विद्यालय परिवार व विभाग की ओर से भामाशाह परिवार के अमृतलाल साकरिया, शांतिलाल साकरिया, ललित कुमार साकरिया, कमलादेवी, सीए संदीप कुमार साकरिया, रोहित कुमार, प्रीति, समीर, मोनिका, याशी, सक्षम का अभिनन्दन किया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य घनश्याम लोहार के अनुसार इस अवसर पर भामाशाह प्रेरक दिनेश कुमार साकरिया, पंचायत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सांडेराव के प्रधानाचार्य/पीईईओ कपूरचंद परिहार, जीवीबाई मेघराज साकरिया राबाउमावि सांडेराव के प्रधानाचार्य मोती सिंह राजपुरोहित, उप प्रधानाचार्य शैतान सिंह राजपुरोहित, प्रशासक दाकू देवी, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर प्रिया वर्मा, राप्रावि चंदावाव के प्रधानाध्यापक दीनदयाल चौधरी, रमेश राणा, एसएमसी अध्यक्ष सोनाराम देवासी, एसएमसी,एसडीएमसी के सभी सदस्य, समस्त अभिभावक, मनीष परिहार, जेठाराम परिहार, रेखा देवी कुमावत, शान्ति देवी देवासी, रेखा देवी की उपस्थिति रही। विद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी आशा कुमारी के दिशा निर्देशन में विद्यालय की छात्रा सविता व दल ने शानदार स्वागत गीत, नवकार मंत्र की प्रस्तुति दी। छात्र योगेश कुमार ने अंग्रेजी में अपने विचार अभिव्यक्त किए और महिषासुर मर्दीनी का जाप किया। विद्यालय के वरिष्ठ प्रबोधक मोहन लाल अध्यापक नारायण मीना, अशोक कुमार, पुनीत यादव, मुकेश कुमार कलवानिया, प्रबोधक सीताराम, शारीरिक शिक्षक जगदीश राम बिश्नोई ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया।विद्यालय में पंद्रह हजार रुपए की लागत की रिंगिंग बेल देने वाले वरिष्ठ प्रबोधक मोहनलाल का विभागीय अधिकारी भवानी सिंह राणावत (सीबीईओ सुमेरपुर) ने बहुमान किया। गत सत्र में विद्यालय की कक्षा एक से अष्टम् तक प्रथम स्थान पर रहने वाली सभी प्रतिभाओं को उत्साहवर्धन के लिए भामाशाह व विभागीय अधिकारियों ने मंच पर सम्मानित भी किया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन प्रतापराम व कन्हैयालाल ने किया।



## प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में शुरू होगी अंगदान एवं प्रत्यारोपण सुविधाः चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान सरकार अब प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारंभ करने की दिशा में सक्रिय प्रयास कर रही है। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार ने अंगदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पुनीत कार्य को बढ़ावा देने के लिए सभी मेडिकल कॉलेजों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ष करीब 10 हजार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें से 10% ब्रेन डेड व्यक्तियों का यदि अंगदान हो सके तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अंगदान से व्यक्ति मृत्यु के बाद भी जीवित रहता है और यह कार्य संपूर्ण मानवता की सेवा है। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर देते हुए सभी कॉलेजों में योग कक्षाएं शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत अंग प्रत्यारोपण की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।




साथ ही, पारदर्शी प्रक्रिया विकसित कर अंगदान को सुगम बनाया गया है, जिससे राज्य में अंगदान मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एसएमएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि पिछले 6 महीनों में एसएमएस अस्पताल में 19 कैडेवर ट्रांसप्लांट हुए हैं। अस्पताल का स्किन बैंक नॉर्थ इंडिया का सबसे बड़ा बैंक है और कॉर्निया ट्रांसप्लांट में यहां शून्य पेंडेंसी है। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोपण सुविधाओं को सुदृढ़ कर राजस्थान को मेडिकल हब बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में अंगदान जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, संस्थानों, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स, एनजीओ और दिवंगत अंगदाताओं के परिजनों को सम्मानित किया गया। सोटो द्वारा सर्वाधिक अंगदान शपथ दिलवाने में हनुमानगढ़ प्रथम, चूरू द्वितीय और झुंझुनूं तीसरे स्थान पर रहा। समुचित प्राधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि राजस्थान अंगदान की ऑनलाइन शपथ में देश में पहले स्थान पर है और हाल ही में राज्य को केंद्र सरकार से दो राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

## जयपुर-दिल्ली के बीच दौड़ेंगी 9 नई वोल्वो बसें, कुल 12 बसें रोडवेज में हुई शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान रोडवेज ने यात्रियों को और अधिक आरामदायक और आधुनिक सफर की सुविधा देने के लिए बीएस-6 मानकों पर आधारित 12 नई सुपर लग्जरी वोल्वो एसी बसें शामिल की हैं। इन बसों को 5 अगस्त से विभिन्न रूटों पर संचालित किया जाएगा। इनमें से 9 बसें जयपुर-दिल्ली रूट पर मौजूदा लग्जरी बसों की जगह लेंगी, जबकि 2 बसें जयपुर से कैंचीधाम और 1 बस जयपुर-जोधपुर-उदयपुर मार्ग पर चलाई जाएगी। इन बीएस-6 तकनीक वाली वोल्वो बसों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति मिल गई है, जो पहले की बसों को नहीं मिल पा रही थी। नई बसों में विशेष एयर सस्पेंशन, फुल एसी सुविधा, हर सीट पर मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम, पैनिक बटन और पुश-बैक सीटें उपलब्ध हैं, जिससे यात्रियों को गड्ढों या मोड़ों पर झटका महसूस नहीं होगा और यात्रा अत्यंत आरामदायक होगी। इन बसों के छह साल तक मेंटेनेंस का जिम्मा वोल्वो कंपनी को सौंपा गया है। रोडवेज चेयरपर्सन शुभ्रा सिंह ने बताया कि वर्ष 2010 के बाद पहली बार रोडवेज ने खुद की वोल्वो बसें खरीदी हैं। इससे यात्रियों को किफायती दरों पर प्रीमियम सेवाएं मिलेंगी और निगम की आमदनी व साख दोनों में बढ़ोतरी होगी।

## मदुरै रेल मंडल के डीआरएम ओम प्रकाश मीणा का प्रवासी समाज ने किया भव्य सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मदुरै(तमिलनाडु)** मदुरै प्रवासी संगठन की ओर से दक्षिण रेलवे के मदुरै मंडल के नव नियुक्त मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ओम प्रकाश मीणा का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। राजस्थान के अलवर जिले से ताल्लुक रखने वाले मीणा ने हाल ही में मदुरै मंडल में डीआरएम के रूप में कार्यभार संभाला है। मदुरै प्रवासी संगठन के मीडिया प्रभारी दिनेश सालेचा ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की ओर से मीणा को पारंपरिक राजस्थानी साफा, शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान मूल के कई प्रमुख प्रवासी गण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मदुरै प्रजापत समाज के अध्यक्ष पुनमाराम प्रजापत, तेरापंथ सभा के वरिष्ठ सदस्य मोहनलाल तातेड़, वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के उपाध्यक्ष शायरमल भंडारी, भाजपा मदुरै जिला अध्यक्ष आईजा प्रदेशाध्यक्ष दिनेश कुमार सालेचा, भाजपा मीनाक्षी मंडल के युवा कार्यकर्ता भगाराम प्रजापत एवं अन्य प्रवासी समाजबंधु उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त कर ओम प्रकाश मीणा ने सभी प्रवासीजन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि राजस्थान से दूर तमिलनाडु में भी अपने लोगों से ऐसा स्नेह और अपनापन मिलना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन और प्रवासी समाज के बीच सामंजस्य और सहयोग से क्षेत्र के विकास में योगदान दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गणमान्य जनों ने मीणा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



## जयपुर-कोयम्बटूर के बीच चलेगी विशेष ट्रेन, त्योहारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए 7 अगस्त से पांच ट्रिप में होगा संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने जयपुर और कोयम्बटूर के बीच विशेष साप्ताहिक ट्रेन शुरू करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 7 अगस्त 2025 से 4 सितंबर 2025 तक कुल पांच फेरों में चलाई जाएगी। ट्रेन में कुल 18 डिब्बे होंगे, जिनमें 7 थर्ड एसी, 4 थर्ड एसी इकोनॉमी, 5 स्लीपर और 2 पॉवर कार शामिल हैं।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 06181 कोयम्बटूर-जयपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे कोयम्बटूर से रवाना होकर शनिवार दोपहर 1.25 बजे जयपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 06182 जयपुर-कोयम्बटूर एक्सप्रेस हर रविवार रात 10.05 बजे जयपुर से रवाना होकर बुधवार सुबह 8.30 बजे कोयम्बटूर पहुंचेगी। इस ट्रेन का तिरूप्पूर, ईरोड, सेलम, रेणिगुंटा, कडपा, गुत्ती, महबूबनगर, काचीगुडा, निजामाबाद, नांदेड, अकोला, जलगांव, वडोदरा, रतलाम, भीलवाड़ा, अजमेर सहित लगभग 40 प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव होगा। इसके अतिरिक्त, रेलवे ने गाड़ी संख्या 09202 अयोध्या कैंट-भावनगर टर्मिनस उद्घाटन स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन 5 अगस्त 2025 को शाम 4.20 बजे अयोध्या कैंट से रवाना होकर अगले दिन रात 10 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। इस ट्रेन में 22 डिब्बे होंगे, जिनमें 2 सेकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनॉमी, 7 स्लीपर, 4 जनरल कोच, एक पावर कार और एक गार्ड डिब्बा शामिल हैं। ट्रेन बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, ईदगाह आगरा, जयपुर, अजमेर, आबूरोड, पालनपुर और सुरेन्द्रनगर सहित कई बड़े स्टेशनों पर रुकेगी।




## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री नरेश होतवानी, पुत्र श्री शंकर होतवानी, निवासी ₹-31, कैलाशपुरी सेकंड, जगतपुरा, जयपुर, राजस्थान- 302017 को उनके अनुशासनहीन, अमर्यादित तथा संपत्ति के स्वामित्व नियमों के उल्लंघन करने वाले आचरण के चलते उपरोक्त संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल किया जा रहा है।

इस सूचना के माध्यम से आमजन व संबंधित पक्षों को आगाह किया जाता है कि श्री नरेश होतवानी का अब उपरोक्त संपत्ति या उससे संबंधित किसी भी प्रकार के अधिकार, स्वामित्व, उत्तराधिकार या व्यवहार में कोई संबंध शेष नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति उनसे इस संपत्ति के संबंध में कोई व्यवहार करता है, तो वह स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी होगा। संपत्ति के स्वामी या उनके वैधानिक प्रतिनिधि किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करेंगे।

यह सूचना विधिक प्रक्रिया के अनुरूप, जनहित में सार्वजनिक की जा रही है ताकि भविष्य में कोई भ्रम या विवाद उत्पन्न न हो।

दिनांक- 4-8-2025
स्थान जयपुर, राजस्थान

**विधिक सलाहकार-**
**सौरभ सिंह चौहान, एडवोकेट**
**59, पूनम विहार, जगतपुरा, जयपुर-302017**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEEER**
**P.H.E.D CITY DIV. IV (NORTH) JAIPUR**
Email:eenorth4.jai.phed@rajasthan.gov.in Telephone No-0141-2988545

No.: E.E./CD4(N)/2025-26/1308-22 Dated:25/7/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for work of 1. Repair and preventive Maintenance of Centrifugal pumpsets and panels of Pump houses and Submersible pumpsets-panel of tube well in Water Supply Scheme under City Sub Dn III North Jhotwara Jaipur and 2. Procurement of various sizes C.I. Detachable Joints for uPVC PIPE under Jurisdiction of City Division IV (North) Jaipur under jurisdiction of City Div. IV(North) Jaipur NIT No 22-23/2025-26 is invited from interested bidders up to 06:00 PM 05.08.2025 Other particulars of the bid may be visited on the www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in of the state website.
UBN Code: PHE2526 WSOB 04978
PHE2526 GSRC 04979

DIPR/C/10919/2025

**Executive Engineer,**
**PHED City Div.IV(North)**
**Vidhyadhar Nagar Jaipur**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-फागी**

क्रमांक -231 दिनांक- 28.07.2025

**निविदा सूचना संख्या 07 /2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय का नाम | : | अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड - फागी |
| 2 | निविदा के कुल कार्य | : | 01 कार्य |
| 3 | निविदा की कुल राशि | : | रू. 3.65 लाख |
| 5 | फार्म मिलने की तारीख | : | 29.07.2025 से 04.08.2025 (दोपहर 2.00 बजे तक) |
| 6 | निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | : | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6 (5) / वित्त / साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ईग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा। 1. धरोहर राशि शुल्क- 8443-00-108-00-00 2. निविदा शुल्क - 0075-00-800-52-01 |
| 7 | ई-ग्रास पर चालान बनाने के लिये कार्यालय की आई.डी न. | : | 42219 - XEN PWD DIVISION PHAGI |
| 8 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | : | 05.08.2025 (सांय 3.30 बजे तक) |
| 9 | निविदा खोलने की तारीख | : | 05.08.2025 (सांय 4.00 बजे से) |

UBN NO:- PWD2526WSOB08280

DIPR/C/10889/2025

**भवदीय,**
**अधिशाषी अभियंता,**
**सा.नि.वि. खण्ड फागी**


## पेज 1 की शेष न्यूज...

**भजनलाल शर्मा के विमान की गलत लैंडिंग...**
हादसों की खबरें मीडिया की सुर्खियों में छाई हुई है गुजरात में भी एक विमान हादसे में कई लोग की जान जा चुकी है इसके बाद में हवाई उड़ानों को लेकर लोग तो चिंतित रहने ही लगे हैं इसके अलावा विमान का संचालन करने वाली कंपनियां भी सजक और चौकस होने के साथ चिंतित भी रहती है केंद्र सरकार भी विमान हादसों की घटनाओं को लेकर काफी गंभीर नजर आ रही है और विमान हादसों को रोकने के लिए हर संभव सरकारी स्तर पर प्रयास भी किया जा रहे हैं विमान का संचालन करने वाली कंपनियों को इस संदर्भ में कड़े निर्देश भी दिए गए हैं जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को जब यह सूचना मिली की 31 जुलाई को मुख्यमंत्री के विमान की गलत लैंडिंग हुई थी हालांकि विमान सुरक्षित था और किसी भी तरह की कोई दुर्घटना भी नहीं हुई थी लेकिन अब लोगों का कहना है कि यह तो भगवान का शुक्र है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बाल बाल बच गए ।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री रहे शिबू सोरेन...**
उनका पूरा जीवन समर्पित रहा उन्हें आदिवासियों, मजदूर और गरीबों का मसीहा और सच्चा हितेषी माना जाता है द्य शिबू सोरेन झारखंड के तीन बार 2005, 2008 और2009 में मुख्यमंत्री बने लेकिन तीनों बार ही वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए वर्तमान में शिबू सोरेन के बेटे हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं द्य अपने पिता के निधन पर हेमंत सोरेन ने कहा है कि उन्हें अब पहली बार ऐसा लग रहा है कि वह बिल्कुल अकेले पड़ गए हैं ।

## उप-मुख्यमंत्री बैरवा पहुंचे एचजेयू के स्थायी परिसर, छात्रावास सहित सभी सुविधाओं के विकास का दिया आश्वासन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू), जयपुर के दहमीकलां स्थित नवस्थापित स्थायी परिसर में सोमवार को उप-मुख्यमंत्री एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने दौरा कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और भौतिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। एचजेयू परिसर में स्थानांतरण के बाद यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा रही। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से प्रकाशित न्यूजलेटर 'एचजेयू संवाद' का विमोचन किया और 'हरयालो राजस्थान' एवं 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे पर्यावरणीय अभियानों के तहत पौधारोपण भी किया। उप-मुख्यमंत्री बैरवा ने विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर में शिफ्टिंग को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यहां मीडिया शिक्षा के लिए आवश्यक स्टूडियो, कंप्यूटर लैब और अन्य अधोसंरचनाएं अब अधिक प्रभावी रूप से सुलभ हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि छात्रों को परिवहन सुविधा जल्द ही उपलब्ध करवाई जाएगी तथा सार्वजनिक परिवहन से परिसर को जोड़ने की दिशा में प्रयास जारी हैं। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रावास के निर्माण की योजना भी सक्रियता से क्रियान्वित की जाएगी। बैरवा ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलगुरु प्रो. सुधि राजीव की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान कुलगुरु प्रो. सुधि राजीव ने स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय की गत तीन वर्षों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद एचजेयू ने शोध, अकादमिक, सह-पाठ्यक्रम और प्रशासनिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा कुलदीप रांका ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में उच्च गुणवत्ता वाले मानव संसाधन की अहम भूमिका है, और ऐसे संस्थान इसके लिए आधारशिला सिद्ध होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी जोशी ने किया, जबकि कुलसचिव बी.एल. मेहरड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक डॉ. सत्येन्द्र बसवाल, अकादमिक एवं प्रशासनिक समन्वयक डॉ. रतन सिंह शेखावत, पत्रकारिता संकाय के डीन डॉ. अनिल मिश्र, जनसंचार संकाय की डीन डॉ. ऋचा यादव, शोध केंद्र प्रमुख डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रॉक्टर गरिमा सहित समस्त संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान का हो भव्य आयोजन, विभागीय अधिकारी पूर्ण रखें तैयारियां : सुराणा

## जिला कलक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं, हरियालो राजस्थान अभियान, हर घर तिरंगा अभियान सहित विभागीय योजनाओं व गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने मिशन हरियालो राजस्थान अंतर्गत जिले में किए गए पौधरोपण कार्य की जियोटैगिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण कार्यों को गति दी जाए और सुनिश्चित किया जाए कि लगाए गए पौधों की जियोटैगिंग होकर समुचित देखभाल हो। सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन की ठोस व्यवस्था हो। सुराणा ने सम्पर्क पोर्टल, सीएम जनसुनवाई और पीजी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी लंबित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व प्रभावी समाधान करते हुए राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिले में 15 अगस्त तक चलाए जाने वाले 'हर घर




तिरंगा' अभियान अंतर्गत आयोजित किए जाने वाली कार्यक्रम गरिमापूर्ण व व्यवस्थित ढंग से हों। विभागीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियां पूर्ण तैयारी के साथ समयबद्ध ढंग से आयोजित की जाएं। सभी विभागीय अधिकारी विभागीय कार्यों की समुचित तैयारी करें व समुचित ?कार्य संपादन के साथ पोर्टल पर एंट्री व डॉक्यूमेंटेशन का विशेष ध्यान रखें। अभियान को लेकर व्यापक प्रचार–प्रसार करें। जिला कलक्टर ने कहा कि यह अभियान देशभक्ति की भावना को प्रबल करने का माध्यम है। सभी विभाग अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें और अधिक से अधिक नागरिकों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने बरसात के दौरान जल भराव व क्षतिग्रस्त भवनों के सर्वे आदि की जानकारी लेते हुए समुचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवनों के सर्वे के लिए एसडीएमसी व एसएमसी की बैठकें आयोजित की जाकर समिति सदस्यों से भी फीडबैक लिया जाए। इसी के साथ उन्होंने बरसात के दौरान नहरी क्षेत्रों में नहर के पटरों के कटाव आदि का निरीक्षण कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों व जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। विभागों का मजबूत आपसी समन्वय रहे और प्रत्येक गतिविधि प्रभावी, गरिमापूर्ण तरीके से क्रियान्वित हो। उन्होंने तैयारियों को लेकर व्यायाम प्रदर्शन अभ्यास, बैण्ड, पेयजल व्यवस्था, बिजली, परिवहन सहित सभी तैयारियों की समीक्षा की। सुराणा ने मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन, राजनैतिक दलों की ओर से बीएलए नियुक्ति, स्वयंसेवकों की नियुक्ति सहित विभिन्न निर्वाचन से जुड़े कार्यों को लेकर सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान पीएम किसान रजिस्ट्रेशन, जाति प्रमाण पत्र व मूल निवास प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों, जल भराव, बिजली व जल आपूर्ति, सांसद व विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों को शुरू करवाने, बकाया यूसी/सीसी, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, स्वामित्व योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), ई–फाइल व ई–डाक डिस्पोजल, सीएम जनसुनवाई, पीजी पोर्टल, एडीएम अर्पिता सोनी ने निर्वाचन विभाग के कार्यों व गतिविधियों की जानकारी दी। सीईओ श्वेता कोचर ने हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।।

## जयपुर के वैज्ञानिक प्रो. हरि मोहन सक्सेना को मिला अंतरराष्ट्रीय लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक और इम्यूनोलॉजी विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) हरि मोहन सक्सेना को संक्रामक रोगों और इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें तिरुचिरापल्ली में आयोजित स्कोपस इंडेक्स कॉन्क्लेव एवं एशिया रिसर्च अवार्ड्स समारोह में प्रदान किया गया। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मेक्सिको के प्रो. लुइस जी. लूना और जापान के प्रो. शिजुयो सुतोउ द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही, उन्हें अमेरिकन चैंबर ऑफ रिसर्च का सदस्य भी नियुक्त किया गया है। प्रो. सक्सेना वर्तमान में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय मॉनिटर तथा एफएसएसएआई के विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत हैं। पूर्व में वे लुधियाना स्थित गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के इम्यूनोलॉजी विभाग के प्रमुख, रूस स्थित भारतीय दूतावास में विज्ञान सलाहकार और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में डीन रह चुके हैं। उन्होंने ब्रुसेलोसिस, टीबी जैसी बीमारियों के इलाज हेतु बैक्टीरियोफेज आधारित इम्यूनोथेरेपी विकसित की है और रोगाणुरोधी प्रतिरोध से निपटने के लिए नई मॉलिक्यूलर तकनीक ईजाद की है। प्रो. सक्सेना के नाम कई अमेरिकी और यूरोपीय पेटेंट हैं। उन्होंने 110 से अधिक शोध पत्र, 3 पुस्तकें और 50 से अधिक लेख प्रकाशित किए हैं। उन्हें यह पुरस्कार 2350 वैश्विक आवेदकों में से चुना गया, जो उनके कार्य की वैश्विक मान्यता को दर्शाता है।

## खेतड़ी में नई खनन नीति के विरोध में खनन कारोबारियों ने किया प्रदर्शन



### उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**खेतडी(निस)।** खेतड़ी उपखंड कार्यालय के सामने सोमवार को खनन कारोबारियों ने राज्य सरकार की नई खनन नीति के विरोध में प्रदर्शन किया। मनोज कुमार घुमरिया के नेतृत्व में कारोबारियों ने एसडीएम मुकेश चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कारोबारियों ने चेतावनी दी है कि अगर नई खनन नीति वापस नहीं ली गई तो वे सामूहिक हड़ताल करेंगे। उनका मुख्य विरोध माइनर मिनरल के एक हेक्टेयर तक के छोटे खनन पट्टों में ड्रोन तकनीक से सर्वे कराए जाने को लेकर है।

कारोबारियों का कहना है कि ड्रोन सर्वे से उनमें अविश्वास और भय का माहौल बन रहा है। उन्हें आशंका है कि इस सर्वे के आधार पर सरकार बड़ी पेनल्टी लगाकर राजस्व वसूल करेगी। साथ ही, सर्वे से हर खनन पट्टे में पिट की माप और मात्रा का पूर्ण रूप से मिलान संभव नहीं होगा। कारोबारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार राजस्थान से आने वाले खनिज पर 80 रुपए प्रति टन शुल्क वसूल कर रही है। खेतड़ी खनन क्षेत्र हरियाणा सीमा से सटा होने के कारण यहां से अधिकतर माल की खपत हरियाणा, दिल्ली और यूपी में होती है। इस शुल्क से रोजगार प्रभावित हो रहा है और राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। एक हेक्टेयर या उससे कम खनन क्षेत्र में धर्मकांटा लगाना संभव न होने पर परिवहन विभाग की ओर से ऑनलाइन चालान किए जा रहे हैं। चालान जमा न करवाने पर गाड़ियों की आरसी निरस्त की जा रही है। खनन कारोबारियों ने ड्रोन सर्वे बंद करवाने, खनन पट्टा से वन सीमा की दूरी 25 मीटर करने, खनन पट्टों के आवागमन के लिए रास्ते उपलब्ध करवाने, 25 प्रतिशत रॉयल्टी वृद्धि को कम करने, पूरे प्रदेश में रॉयल्टी की एक समान दर निर्धारित करने और जीएसटी पर आरसीएम को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में मनोज कुमार घुमरिया, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संजय धारीवाल, भूपेंद्र सिंह, पवन मिल, रमेश गिराटी, सत्यवीर खटाना, मुंशी सरपंच, सुखदेव सिंह, श्रीराम कुमावत, संदीप गुप्ता, अशोक शर्मा, महेश, राजेश खटाना सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## श्रावण सोमवार पर देवस्थान मंत्री ने किया रूद्राभिषेक, प्रदेशभर के 80 मंदिरों में हुए आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार को प्रदेशभर के शिवालयों में धार्मिक आस्था और भक्ति का वातावरण रहा। इसी क्रम में देवस्थान विभाग की ओर से राज्य के राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के शिव मंदिरों में रूद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयपुर के बड़ी चौपड़ स्थित श्री चंद्रेश्वर जी सिरहड्योढ़ी बाजार मंदिर में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने विधिवत पूजा अर्चना कर रूद्राभिषेक किया और प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि तथा अनुकूल वर्षा की कामना की। पूजा कार्यक्रम में देवस्थान विभाग के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रूद्राभिषेक संपन्न कराया। इस अवसर पर विभाग के सहायक आयुक्त महेंद्र कुमार देवतवाल, निरीक्षक सुरेंद्र पूनिया, चंपालाल गेदर, मदन प्रजापत सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। कुमावत ने बताया कि देवस्थान विभाग की ओर से प्रदेश के 80 मंदिरों में एक साथ रूद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त, कुमावत नंदपुरी, हवा सड़क स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भगवान शिव का गंगाजल से महाभिषेक किया। मंदिर पहुंचने पर ट्रस्ट के महासचिव गब्बर कटारा, पंकज ओझा सहित कई लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने जगद्गुरु दिवाकर द्वाराचार्य स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। देवस्थान मंत्री की उपस्थिति और प्रदेशभर में एक साथ हुए रूद्राभिषेक कार्यक्रमों ने श्रावण मास के इस विशेष सोमवार को भक्तिमय बना दिया।

## निंबेश्वर महादेव दर्शनार्थियों की जेब कटीं

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में लुटेरों ने दिखाया अपना कमाल और सावन के अंतिम सोमवार को निंबेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पहुंचे श्रद्धालु भक्तों की जेब कट गई। महिला के गले से मंगल सूत्र व सोने की चैन चोरी होने का पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। साण्डेराव-फालना सड़क मार्ग पर स्थित निंबेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सावन के अंतिम सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों की दिनभर रेलमपेल लगी रहीं। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाने के लिए कुछ जेब कतरों ने भी अपनी करतब दिखाते हुए कुछ श्रद्धालु भक्तों की जेब साफ की और किसी ने अपनी कलाकारी से महिलाओं के गले से मंगल सूत्र व सोने की चैन चुराई। चाणोद निवासी नारायण सिंह राजपुरोहित ने साण्डेराव पुलिस थाना हाजिर होकर एक रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह अपने परिजनों के साथ सावन माह के अंतिम सोमवार को निंबेश्वर महादेव मंदिर दर्शन के लिए आएं थें जहां भीड़ भाड़ में किसी व्यक्ति ने उनकी धर्मपत्नी के गले से मंगल सूत्र व सोने की चैन चुराई। कुछ श्रद्धालु भक्तों ने अपनी जेब साफ होने की भी शिकायत पुलिस से की है। सावन के अंतिम सोमवार को निंबेश्वर महादेव मंदिर परिसर व सड़क मार्ग पर सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में श्रद्धालुओं के साथ हुई घटना से हर आमजन पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान लगा रहा है।

## पिता की डांट से नाराज होकर भागी नाबालिग बेटी, जयपुर रेलवे स्टेशन पर मिली; एक और लड़की भी मिली जो एक महीने पहले घर से निकली थी

**जयपुर (कास)।**जयपुर में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की पिता की डांट से नाराज होकर घर से भाग गई। घटना के एक दिन बाद जब वह मां की याद में वापस लौट रही थी, तब सदर थाना पुलिस ने उसे जयपुर रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया। उसके साथ एक और 17 वर्षीय नाबालिग लड़की भी मिली, जो बालोतरा की रहने वाली है और एक महीने पहले स्कूल बैग लेकर घर से भाग गई थी। डीसीपी (वेस्ट) हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि हसनपुरा निवासी एक व्यक्ति ने सदर थाने में अपनी बेटी की किडनैपिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## लोकसभा में बिहार की वोटर लिस्ट रिवीजन पर हंगामा

**जयपुर(कासं.)।** लोकसभा में सोमवार को सुबह 11.00 बजे संसद की कार्रवाई शुरू होने के बाद विपक्ष के सदस्यों ने बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन की प्रक्रिया को लेकर शोरगुल शुरू कर दिया जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को शांत रहने का आग्रह किया लेकिन विपक्ष के सदस्य जोर-जोर से शोरगुल और हंगामा करने लगे इसके बाद ओम बिरला ने पहले सदन की कार्रवाई दोपहर 2.00 बजे तक स्थगित कर दी लेकिन 2.00 के बाद जब फिर से सदन की कार्रवाई शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने फिर से हंगामा करना शुरू कर दिया जिसके बाद स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की करवाई मंगलवार सुबह 11.00 तक स्थगित कर दी लोकसभा में खेल राज्य मंत्री मनसुख मांडवीया की ओर से नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और नेशनल एंटी डोपिंग एक्ट 2025 बिल चर्चा के लिए पेश करने वाले थे । जानकारी के अनुसार 21 जुलाई से शुरू हुआ संसद का मानसून सत्र अभी तक की तरह से संपादित नहीं हो पाया है ।

## प्रधानमंत्री के आह्वान पर नागौर में डॉ. सतीश पूनियां ने किया पौधारोपण, कहा- निकाय से लेकर पंचायत चुनाव तक भाजपा की होगी बड़ी जीत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/नागौर(कासं.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी एवं राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने रविवार को नागौर जिले में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीडवाना-कुचामन व नागौर प्रवास के दौरान डॉ. पूनियां ने कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और बेटियों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे। उन्होंने नागौर जिले के रोल स्थित राजकीय विद्यालय में बेटियों के साथ पौधारोपण किया और कुचामन में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर डॉ. पूनियां ने कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश में विकास, प्रशासनिक सुधार और पर्यावरण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर रही है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस शासन की



आलोचना करते हुए कहा कि अशोक गहलोत सरकार 2018 से 2023 तक कुर्सी बचाने में लगी रही। कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी झगड़ों का परिणाम था कि तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को हटाना पड़ा। इस दौरान प्रदेश में अराजकता और कानून व्यवस्था की स्थिति चरम पर थी, जिसकी विरासत भाजपा सरकार को मिली। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार 'विकसित राजस्थान, खुशहाल राजस्थान' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। डॉ. पूनियां ने दावा किया कि पंचायतीराज और निकाय संस्थाओं को मजबूत कर सरकार जमीनी स्तर तक विकास पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में पुनर्सीमांकन में हुई गड़बड़ियों को ठीक कर चुनावों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भाजपा सरकार में यह चुनाव समय पर और पारदर्शी तरीके से होंगे। उन्होंने बताया कि विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने 21 जिला परिषदों पर विजय हासिल की थी और यह आजादी के बाद पहली बार हुआ जब विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने पंचायतीराज में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। जनमानस ने मन बना लिया है कि निकाय से लेकर पंचायत चुनाव तक अगली बड़ी जीत भाजपा की ही होगी। इस दौरान डॉ. पूनियां ने नागौर के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा के निवास पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार को ढांढस बंधाया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स
चूरू, मंगलवार
5 अगस्त, 2025

# दुकानों के बाहर सीवरेज का गंदा पानी जमा, व्यापारियों ने सड़क को किया जाम

**जयपुर टाइम्स/सीकर(निस)।** सीकर के लोहारू बस स्टैंड एरिया में दुकानों के बाहर जमा होने वाले सीवरेज के गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर सोमवार को व्यापारियों ने सुबह तापड़िया बगीचे से स्टेशन की तरफ जाने वाली सड़क को जाम कर दिया। बीच में बाइक लगाकर व्यापारी वहां बैठ गए। पिछले दिनों से सीवरेज जाम होने से आसपास के दुकानदारों व पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज जाम होने से से दुकानों के बाहर सीवरेज का गंदा पानी जमा पड़ा है। लिहाजा उनका कामकाज भी प्रभावित हो रहा हैं। गंदे पानी में पैदा होने वाले मच्छरों व बदबू से आसपास के दुकानदारों का दुकान पर बैठना और लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया हैं। उनका कामकाज भी काफी प्रभावित हो रहा हैं। रोड जाम के चलते दोनों तरफ से सड़क पर गुजरने वाले वाहनों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, इस दौरान जाम लगा रहे दुकानदारों ने पब्लिक हेल्थ व नगर परिषद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दुकानदारों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि पिछले समय से दुकानों के आगे सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण सीवर का गंदा पानी नालों से बाहर निकलकर उनकी दुकानों के आगे बहता रहता है। इसके के कारण हम दुकानदारों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है, क्योंकि दुकानों के बाहर गंदा पानी बहता रहता है और दुकान के अंदर ग्राहक को आने के लिए कोई रास्ता नहीं मिल पाता। इतना ही नहीं दुकानदारों व आस-पास के लोगों के अंदर बीमारी फैलने का भी डर बना हुआ है।

## सेवानिवृति पर कायमखानी का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव पधारे सुबेदार कयूम खां कायमखानी का ग्रामीणों ने स्वागत किया। कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष समसाद खान सिरियासर कलां ने बताया कि गांव पिथुसर पंचायत समिति अलसीसर पहुंच कर कायमखानी समाज के साथ मिलकर भारतीय सेना से रिटायर्ड सूबेदार कयूम खां का स्वागत कर बधाई दी। इस दौरान सुबेदार मकसूद खां बीएसएफ से रिटायर्ड एसआई सरवर अली खान, व्याख्याता जंगशेर अली खान, सूबेदार शकील खान, सलमान खान, शब्बीर खां, रशीद खां सहित काफी संख्या में कायमखानी समाज के लोग मौजूद रहें।

## शिवालयों में उमड़ी श्रद्धा की भीड़



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** श्रावण माह का चौथा और अन्तिम सोमवार है। सुबह 5 बजे से ही चूरू के सभी शिवालयों में भोले को रिझाने के लिए भीड़ लगी रहीं। महिलाओं व पुरूषों ने अन्तिम सोमवार का व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की और शिवलिंग पर दूध, जल, दही, पुष्प, चन्दन, पंचामृत दूब चढ़ाए। मन्दिरों में दिन भर भजनों व रूद्राभिषेक का दौर चला। इस अवसर पर श्रावण माह के अन्तिम सोमवार को मन्दिरों को अनेक प्रकार के फूलों से सजाया गया। सोमवार को कई जगह बर्फ का श्रृंगार भी किया गया। भक्तों ने अपने परिवार के सदस्यों की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की। शाम को मन्दिरों में महाआरती की गई।

## वन महोत्सवः पेड़ जीवन का आधार



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** विद्याश्रम ग्लोबल एकेडमी में बड़े उत्साह और पर्यावरणीय जागरूकता के साथ वन महोत्सव मनाया गया। पर्यावरणीय चेतना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पौधारोपण अभियान की शुरुआत कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण की भावना और वृक्षों के महत्व को समझाना था। विद्यालय परिसर में संस्था निदेशक मंजू लाटा के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्रों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे नीम, पीपल, गुलमोहर, आम, आंवला आदि लगाए। सीईओ अनुराधा पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। यदि हम आज एक पौधा लगाते हैं, तो हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण का तोहफा देते हैं। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित पोस्टर, भाषण और गीत प्रस्तुत कर इस अवसर को और भी खास बना दिया।इस अवसर पर स्कूल की ओर से एक 'ग्रीन कमेटी' का भी गठन किया गया जो लगाए गए पौधों की देखभाल सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को 'ग्रीन वारियर' प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर मैनेजर कृष्ण गोपाल पांडे, प्रिंसिपल समीर शर्मा व स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

## मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान कार्यशाला

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** धौद क्षेत्र के माकपा के बूथ एजेंटों की एक कार्यशाला पार्टी के धौद कार्यालय में रुडसिंह महला की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में कासली के पूर्व सरपंच भंवर लाल खीचड़, सीहोट बडी ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष घीसा लाल रेवाड़ अर्जुन सिंह भास्कर भुवाला, हाकम अली सिंहरावट, राकेश भास्कर शाहपुरा, सलीम खान सिंहरावट, हनुमान सिंह शेखावत अनोखू, मकबूल खान कासली, हारुन सिंहरावट, कमालुद्दीन सिंहरावट, नागरमल कुड़ी रामबगसपुरा, मुरारी लाल भवानीपुरा, नेमीचंद बाजिया दीपपूरा, बजरंग लाल धोद, महावीर सिंह डुकिया बिन्ज्यासी, हरलाल सिंह महला लाडवा, भोपाल सैन व प्रकाश सैन सेवदबड़ी, अर्जुन सिंह सुजानपुरा, परमेश्वर ढाका सीहोट बड़ी सहित अनेक बूथ लेवल एजेंट उपस्थित रहे। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रवक्ता राम रतन बगड़िया ने यह जानकारी दी।

## आज एक घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम चूरू के सहायक अभियंता ओम प्रकाश जाखड़ ने बताया कि मंगलवार को 33/11 केवी, जीएसएस जयपुर रोड़ चूरू पर विद्युत् तंत्र के रखरखाव व अर्थिंग का कार्य करने के चलते सुबह 7बजे से 8बजे तक अग्रसेन नगर, शांति कॉलोनी, मयूर विहार कॉलोनी, डीटीओ ऑफिस, कलेक्ट्रेट सर्किल, भरतिया अस्पताल, नई सड़क, नया बास, उस्मानाबाद कॉलोनी, सैनिक बस्ती, वन विहार कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन रोड़, पुरानी सड़क, जयपुर रोड़, रामसरा रोड़ व जयपुर रोड़ जीएसएस से जुड़े हुए समस्त विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति एक घंटे तक बंद रहेगी।

## श्रावण झूला महोत्सव हिंडोला मेला आज से

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** कल्याण धाम में में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में कल्याण धणी का भव्य मेला महोत्सव (हिंडोला)हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन 5 अगस्त से 9 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से रहेगा जिसमें मंदिर को भव्य व विशेष रूप से रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि अलवर, सिरसा, दिल्ली, पंजाब के कलाकारों की ओर से सजीव झाकियां सजाई जाएगी व कलाकारों की ओर से नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

## बेसहारा बच्चों के लिए आधार पंजीकरण कैम्प आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शालिनी गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की ओर से संविधान के अनुच्छेद 39 (ई) और (एफ) को बनाए रखने और समान न्याय प्रदान करने के अपने अधिदेश के तहत निराश्रित बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करने और सामाजिक कल्याण तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए संचालित एक केंद्रित राष्ट्रीय अभियान 'साथी अभियान" के अन्तर्गत सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के निर्देशन में जिला प्रशासन के सहयोग से दशरथ मनोविकास संस्थान सीकर के परिसर में आधार पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान दशरथ मनोविकास संस्थान, सीकर, वात्सल्य सेवा समिति, रैवासा, परमार्थ सेवा संस्थान, सीकर, कस्तुरबा सेवा संस्थान, भादवासी में निवासरत 17 बेसहारा बच्चों का नवीन आधार पंजीयन किया गया और 4 बेसहारा बच्चों के आधार का बायोमैट्रीक अद्यतन किए गए। शिविर के दौरान अधिकार मित्र ओमप्रकाश पुरोहित, चेतन मनोहर एवं डीओआईटीसी की टीम के सदस्य उपस्थित रहें।

## संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** भाजपा में संगठनात्मक कार्य के लिए जिला संयोजक व सहसंयोजकों की नियुक्ति की गई है। विभाजन विभिषिका व तिरंगा यात्रा के सफल संचालन के लिए जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने यह नियुक्ति की है। जिलाध्यक्ष बाटड़ ने राजकुमार जोशी को संयोजक, अरूण चौधरी, दिनेश सैनी, सुनील स्वामी व अनुराधादेवी को सहसंयोजक नियुक्त किया है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बुचावास पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांक- 105-09 दिनांक- 04.08.2025

**ई निविदा 02/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुचावास के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गावों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना की ग्राम पंचायत वार विवरण एंव शर्ते https://eproc.rajasthan.gov.i एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एंव Download कर प्राप्त की जा सकती है।

सरपंच
ग्राम पंचायत बुचावास
पंचायत समिति तारानगर

### कार्यालय ग्राम पंचायत आनन्दसिंह पुरा पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांक- 30-34 दिनांक- 04.08.2025

**ई निविदा 02 /2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आनन्दसिह पुरा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गावों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना की ग्राम पंचायत वार विवरण एंव शर्ते https://eproc.rajasthan.gov.i एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एंव Download कर प्राप्त की जा सकती है।

सरपंच
ग्राम पंचायत आनन्दसिंह पुरा
पंचायत समिति तारानगर

### कार्यालय ग्राम पंचायत रैयाटुण्डा पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांक: 61-65 दिनांक - 04.08.2025

**ई निविदा 02/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रैयाटुण्डा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गावों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना की ग्राम पंचायत वार विवरण एंव शर्ते https://eproc.rajasthan.gov.i एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एंव Download कर प्राप्त की जा सकती है।

सरपंच
ग्राम पंचायत रैयाटुण्डा
पंचायत समिति तारानगर

### कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है-

| क्र.सं. | ई-बिड / बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13/2025-26 | Predator proof fencing and gate pillar Construction work for 20 hac. Enclosure in Beed Lilki, Range Rajgarh | 44.55 लाख | FOR2526WSOB01183 |

ई - बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

उप वन संरक्षक,
चूरू

### कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

क्रमांक- दिनांक-

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है-

| क्र.सं. | दर संविदा | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11/2025-26 | Construction of Boundry pillers forest Block Sarothiya (Range Sujsngarh) | 3.98 लाख | FOR2526WSOB01175 |
| 2 | 12/2025-26 | Nursery up gradation work at Sandawa Range Sujsngarh | 4.49 लाख | FOR2526WSOB01177 |

दर संविदा (खुली बोली ) से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. sppp.raj.nic.in & पर देखा जा सकता है ।

उप वन संरक्षक,
चूरू

### कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

क्रमांक- दिनांक-

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है-

| क्र.सं. | ई-बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/2025-26 | नवीन नर्सरी की स्थापना | 35.91 लाख | FOR2526A0887 |
| 2 | 09/2025-26 | गार्ड चौकी निर्माण मद कैम्पा | 7.91 लाख | FOR2526A0887 |
| 3 | 10/2025-26 | नर्सरी सुधार कार्य | 8.86 लाख | FOR2526A0887 |

ई - बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

उप वन संरक्षक,
चूरू

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर

e-mail: eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

कमांक- 1251 दिनांक- 23-07-25

**ई - निविदा सूचना 10 /2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट - अपेडिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (प्रकाशन दिनांक तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं । http://eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं । वेब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 02.00 पी.एम. पर खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00-108-00-00 एवं निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती - 0075-00-800-52-01) के अन्तर्गत जमा करवाया जावेगा, ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रूपये 50. 00 लाख तक 500 /- रू.50.00 लाख से 100.00 तक 1500/- 100.00 लाख से 500.00 लाख तक रू. 2000 /- तथा 500.00 लाख से अधिक रू.2500/- का का द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जमा करवाकर भौतिक रूप कालम से. 07 मे अंकित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय मे जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है ।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाखों में) | धरोहर राशि ( राशि लाखों में) | निविदा शुल्क एंव राशि रूपये मे | निविदा डाउनलोड / अपलोड करने की तिथिसया | तकनीकि बीड खोलने कि तिथी | कार्य पुर्ण करने कि अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | Annual Rate Contract for Maintenance of pipe line and valves inside Village Malsar in RWSS OM sub division Sardarshahar. UBN is: PHE 2526 WSRC 04851 Date 23.07.2025 | 07.00 | 14000 | 500 | 05.08.25 | 06.08.25 | 12 Month |

नोट- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है
1- http://eproc.rajasthan.gov.in 2- sppp.rajasthan.gov.in 3- www.dipronline.org निविदा में निर्धारित दिनांक तक नवीनतम पुर्नावलोकन रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी, निविदा विकय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस माना जावेगा। निम्न हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा ।
प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

DIPR/C/10671/2025

(रामदेव पारीक)
अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना )
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर

### कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक- ग्रापं जोगलसर /2025-26/85-89 दिनांक- 04.08.2025

**निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक भवन में एक कमरा 20 गुणा 35 मय बरामदा जोगलसर | 1453000 | 29060 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 04.08.2025 प्रात 10.00 बजे से 14.08.2025 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 14.08.2025 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 14.08.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A0638 UBN No. ZCR2526WSOB01059 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत जोगलसर
बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जोगलसर
बीदासर (चूरू)

### कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक- ग्रापं जोगलसर/2025-26/90-95 दिनांक- 04.08.2025

**निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction work of y Room with Porch in Govt Ayurvedic Aushdhaylya, Village Jogalsar, Tehsil Bidasar | 1329891 | 26600 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 04.08.2025 प्रात 10.00 बजे से 14.08.2025 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 14.08.2025 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 14.08.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A0642 UBN No. ZCR2526WSOB01063 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत जोगलसर
बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जोगलसर
बीदासर (चूरू)

### कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक- ग्रापं कातर छोटी /2025-26/65-69 दिनांक- 01.08.2025

**निविदा सूचना संख्या 06/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री कृष्णा गौशाला में चारा भंडार ग्रह निर्माण कार्य ( शिवपुरी) कातर छोटी | 990000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 01.08.2025 प्रात 10.00 बजे से 11.08.2025 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 11.08.2025 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 11.08.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A0631 UBN No. ZCR2526WSOB01043 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत कातर छोटी
बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कातर छोटी
बीदासर (चूरू)

## सालासर बालाजी स्थापना दिवस पर बाबा भूतनाथ का श्रृंगार

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार शिवालयो में भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। गोपालपुरा से लाकर कांवड़ियों ने शिवालयों में कावड़ लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान कस्बेवासियों ने जगह जगह कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मंदिरो में प्रतिदिन रुद्राभिषेक हो रहा है। नोखा रोड़ स्तिथ भूतनाथ मंदिर में सालासर बालाजी की स्थापना दिवस पर सालासर बालाजी दरबार लगाकर शिवलिंग का श्रृंगार किया गया।


## सीवरेज में अनियमितता का आरोप, यूडीएच मंत्री को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेता गणेश मंडावरिया ने प्रदेश के नगरीय विकास व स्वायत शासन मंत्री से मुलाकात कर 119 करोड़ की सीवरेज योजना के प्रथम फेज में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए मामले की जांच करवाकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर मंत्री झाबरसिंह खर्रा को मंडावरिया ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि 14 हजार का दावा करने वाली कम्पनी की ओर से आधे कनेक्शन भी शहर में नहीं किए गए और जगह-जगह लाईनें चौक हो रही हैं। करोड़ों रूपयों की योजना में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर जनहितों के साथ अन्याय किया गया। अतः मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग ज्ञापन में की गई है। मंडावरिया ने इसके बाद राज्य वित आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी से भी मुलाकात की।

## सीकर की प्रतिभा सुमन कुमावत को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** राजधानी जयपुर में रविवार को आईआईसीए की ओर से इनफ्लुएंसअर अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। शेखावाटी क्षेत्र से सीकर की सुमन कुमावत को मेकअप आर्टिस्ट और फैशन डिजाइनर के क्षेत्र में प्रदेश और देश में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए समारोह के अतिथि राजस्थान सरकार के मंत्री झाबर सिंह खर्रा, भाजपा युवा नेता रामप्रसाद भड़िया, पूजा छाबड़ा ने अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

## किसान कांग्रेस ने प्रस्तावित मास्टर प्लान का जताया विरोध




जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** यूआईटी के प्रस्तावित मास्टर प्लान 2041 में शहर के विकास के नाम पर किसानों और आमजनों की जमीनें छीनने के षड्यंत्र के विरोध में अखिल भारतीय किसान काँग्रेस कमेटी, राजस्थान के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष शिवभगवान नागा ने बताया कि सरकार से इसे रद्द करने की मांग की सीकर के किसानों की जमीनों पर गैरकानूनी व मनमाने तरीकों से ग्रीनजोन, वेयरहाउस, प्लांटेशन बेल्ट आदि योजनाओं के नाम से कब्जे के प्रयास किए जा रहे हैं। यूआईटी की ओर से ही अनुमत व विकसित आवासीय योजनाओं में 200 फुट, 80 फुट व 60 फुट सड़कें दिखा दी गई है जिससे आमजन व कॉलोनियों के वाशिंदों में भय का माहौल है। सीकर का किसान डरा हुआ है, शहर में मास्टरप्लान को लेकर भय व्याप्त है। कांग्रेस की मांग है कि जनहित में इस प्लान को रद्द किया जाए और भविष्य में किसानों की सहमति से मौके का भौतिक सत्यापन करके ही विकास के लिए नया प्लान बनाया जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो राजस्थान प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी इस प्लान के विरोध में वृहत स्तर पर आंदोलन करेगी। इस दौरान नागा के साथ पूर्व युवा काँग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा, सुशील माटोलिया, कुंडली सरपँच प्रभुदयाल ओला, जगमाल कालेर रामपुरा, बलबीर सिंह ओला कुडली व एडवोकेट मुकुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस पस्त, चोर मस्तः नही थम रहा वारदातों का सिलसिला

# खाटूश्यामजी में श्रद्धा की तोड़ी चैन

### आस्था के साथ खिलवाड़, तीसरी आंख में कैद हुए चोर

जयपुर टाइम्स



**खाटूश्यामजी(निस)।** खाटूश्यामजी में रविवार को भीड़ के बीच 3 महिलाओं की चेन तोड़ने का मामला सामने आया है। दोनों घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। इनमें महिलाएं चेन तोड़ती हुई नजर आ रही है। महिलाओं के साथ कुछ युवक भी शामिल है जो कुछ ही सेकंड में वारदात करके वहां से फरार हो जाते हैं। पहली वारदात सोहना निवासी मालती देवी के साथ हुई। सुबह करीब 9.15 पर खाटूश्यामजी में मंदिर द्वार के बाहर हुई। मालती देवी की 30 ग्राम सोने की चेन तोड़ ली गई। मालती देवी को तुरंत ही इसका पता चल गया। उन्होंने अपना गला देखा तो चेन नहीं मिली। उन्होंने पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए।जिसे देखने पर पता चला कि मालती देवी के पास दो महिलाएं और तीन से चार युवक थे। जिन्होंने वहां रुककर भीड़ सीकर दी। पीछे खड़ी दूसरी महिला चेन तोड़कर साइड से फरार हो गई और युवक भी वहां से चले गए। नजफगढ़ निवासी प्रीति सिंह के साथ भी चेन स्नैचिंग की वारदात हुई। उनकी भी 20 ग्राम सोने की चेन तोड़ ली गई। इसके अतिरिक्त डीग इलाके की रहने वाली ममता शर्मा की भी चेन तोड़ ली गई। उन्होंने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 3 अगस्त को वह खाटूश्यामजी में अपने परिवार के साथ दर्शन करने के लिए आई थी। सुबह करीब 11.08 कबूतर चौक के नजदीक उनकी चेन तोड़ ली गई। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक किए। फुटेज देखने पर पता चला कि उनके पीछे सलवार सूट पहने एक महिला चल रही थी। जिसने सिर पर दुपट्टा डाला हुआ था। भीड़ के बीच महिला ममता के नजदीक गई। वहां कपड़ा लगाकर ममता के गले से सोने की चेन तोड़ ली। मामले में खाटूश्यामजी थानाधिकारी पवन कुमार चौबे का कहना है कि फिलहाल मुकदमा दर्ज करके अलग-अलग इलाकों में लगी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## गोगाजी महाराज के मंदिर के आगे शराब की बोतले फेंकी



### लोगों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 19 मानजी माली कुआं के पास स्थित गोगाजी महाराज के मंदिर के आगे शराब की बोतल फेंकने और कचरा डालने का आरोप लगाते हुए मोहल्ले के लोगों ने थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि मानजी माली कुंआ के पास खाली पड़ी जगह में लोक देवता गोगाजी महाराज के मंदिर का निर्माण किया हुआ है। जिसमें गोगा जी महाराज की मूर्ति स्थापित है। उक्त मंदिर में रुघाराम माली सेवा करते हैं। उक्त मंदिर के सामने एक घर है उस घर वाले लोग उस मंदिर के सामने कचरा व शराब की बोतल फेंकते हैं और गंदा पानी डालते हैं। मोहल्ले के लोगों ने कई बार शिकायत की तो उक्त लोग झगड़ा करते हैं और गालियां निकालते हैं और धमकी देते हैं कि इसे यहां से हटा दो नहीं तो हम मंदिर को तोड़फोड़ कर देंगे। रविवार रात्रि को मंदिर के सामने आकर अनैतिक कार्य किया और धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाई गई जिसके कारण मोहल्ले वासियों में आक्रोश है। इस अवसर पर अमित, मोहित, राहुल, रमेश सैनी, मयंक सैनी, राजेश मीणा, संदीप मीणा, कैलाश मीणा, बंशीधर सैनी, दीनदयाल सैनी, राकेश शर्मा, अशोक सैनी, प्रमोद आदि मोहल्ले के लोगों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## रात्रि चौपाल में कलेक्टर के समक्ष गंदे पानी की समस्या रखेंगे ग्रामीण

**सीकर(निस)।** नानी चौराहे पर गंदे पानी की निकासी की ज्वलंत समस्या को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय सरपंचों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को नानी चौराहे पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, वहीं 6 अगस्त को सिहोट बड़ी की रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर के समक्ष भी विरोध दर्ज कराया जाएगा। बैठक में नानी सरपंच मोहन बाजिया ने बताया कि सीकर शहर का गंदा पानी नानी चौराहा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बह रहा है, जिससे गांव के लोग वर्षों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

## तीन आरोपियों को भेजा जेल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** फायरिंग के प्रकरण में बतौर सहयोगी भूमिका निभाने वाले तीन आरोपियों को रिमाण्ड अवधि समाप्त होने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी सोनूसिंह, धनाराम बल्दू, धर्मेन्द्र मूंधड़ा को न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने के आदेश न्यायालय ने दिए।

## नावलाई के शिव हनुमान मंदिर में गूंजी सुंदरकांड की चौपाइयां

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी

जयपुर टाइम्स



**श्रीमाधोपुर(निस)।** कस्बे के गांव नावलाई स्थित शिव हनुमान मंदिर में सोमवार को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। विद्वान पंडितों के सानिध्य में शिव - हनुमान की प्रतिमा का अभिषेक व श्रृंगार किया गया। दोपहर में भोग आरती की गई। शंकर लाल शर्मा ने बताया कि धानोता के जानकी नाथ मंदिर, पूर्णिमा गौशाला के महंत महामंडलेश्वर रामबिहारी दास महाराज के सानिध्य में मारुति हनुमान मंडल के बाबूलाल, मक्खन सहित कलाकारों ने संगीतमय सुंदरकांड के पाठ किए। आयोजन समिति के सतीश शर्मा, महावीर शर्मा, संदीप, सुभाष शर्मा सहित कार्यकर्ताओं की ओर से महामंडलेश्वर रामबिहारी दास महाराज का पुष्पमाला व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। महामंडलेश्वर ने प्रवचनों में कहा कि कलियुग में केवल राम का नाम ही जीवन का आधार है। राम नाम के स्मरण मात्र से कई जन्मों के पापों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान के चकाचौंध युग में युवाओं को सही शिक्षा और संस्कार की जरूरत है। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने बैठकर पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## झारखण्ड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन के निधन पर संवेदना

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से जनजातीय समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तीकरण के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने संवेदना जताई। मण्डावा नगर पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रदेश में सत्ता और संगठन का बेहतरीन तालमेलः बगड़ी

### भाजपा प्रदेश महामंत्री बगड़ी ने किए भैरु बाबा के दर्शन

जयपुर टाइम्स



**रींगस(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी एक दिवसीय सीकर प्रवास के दौरान रींगस भैरु बाबा धाम पहुंचे जहां पर भैरु बाबा की पूजा-अर्चना कर प्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। मंदिर पुजारी परिवार के सदस्यों ने मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना करवाई और माला पहनाकर प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया। भाजपा पार्टी पदाधिकारियों ने भी साफा बंधवाकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि जिस प्रकार प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की ओर से सत्ता और संगठन का तालमेल बनाकर काम किया जा रहा है उससे जरुर एक दिन प्रदेश विकसित होगा और नई ऊंचाइयों को छुएगा। प्रदेश की खुशहाली और संगठन की प्रगति के लिए भैरु बाबा से मनोकामना मांगी गई। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, पूर्व मंडल महामंत्री एडवोकेट दीपक बाजिया, विष्णु चुलेट, रींगस बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिराज सिंह तंवर, युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कोरखन्या, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश भातरा, मंजू देवी कोरखन्या, वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद जांगिड़, मालीराम कुमावत, कालूराम कुमावत, अरुण बावड़ीका, पार्षद प्रतिनिधि तेजपाल कुमावत, हैप्पी सिंह शेखावत, श्रवण कुमार वर्मा, सुभाष कुमावत, सुरेश कुमावत, रिछपाल निठारवाल, अभय शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूरिया की किल्लत से अन्नदाता परेशान, सरकार नहीं दे रही ध्यान

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में यूरिया खाद की भारी किल्लत होने के कारण किसान परेशान हैं। यूरिया खाद लाने के लिए किसानों को यूरिया खाद की दुकानों व ग्राम सेवा सहकारी समितियां के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। अजीतगढ़ समेत अजीतगढ़ क्षेत्र किसान बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण इनका प्रमुख धंधा कृषि है।किसानों ने बाजरे की फसल बो रखी है, इसमें किसानों को फसल में देने के लिए यूरिया खाद की आवश्यकता है लेकिन यूरिया का खाद कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो, यूरिया खाद की दुकानों पर नहीं आने के कारण इसकी भारी किल्लत हो रही है। इधर अजीतगढ़ समेत क्षेत्र के गांवो मे ऑथराइज्ड यूरिया खाद की दुकानों के दुकानदारों का कहना है कि उनके पास भारी कम मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध हो रहा है। आते ही किसानों को इसका वितरण किया जा रहा है लेकिन यह खाद भी बिल्कुल कम मात्रा में आ रहा है। किसानों ने राजस्थान के कृषि मंत्री, स्वायत शासन मंत्री व स्थानीय विधायक से मांग की है कि अजीतगढ़ क्षेत्र में यूरिया की किल्लत दूर करने की मांग की है। इस संबंध में अजीतगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक मूलचंद का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में अपने उच्च अधिकारियों को लिखित में अवगत करा दिया गया कि उनकी सहकारी समिति में यूरिया खाद नहीं आ रहा है। उनका कहना है कि वे इस संबंध में उच्च अधिकारियों एवं यूरिया खाद कंपनी के अधिकारियों से भी यूरिया खाद उपलब्ध कराने के बारे में दोबारा लिखित में अवगत कराएंगे।

## पलसाना में यूरिया की किल्लत, खाद खरीदने के लिए लगी भीड़

### 10 दिन बाद आए यूरिया के 780 कट्टे, छह घंटे में ही बिक गए

जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निस)।** क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद की काफी किल्लत देखने को मिल रही है। रविवार को ग्राम सेवा सहकारी समिति में यूरिया के 780 कट्टे आए थे, लेकिन शाम होते-होते यूरिया का स्टॉक खत्म हो गया। जिससे काफी किसान यूरिया के इंतजार में ही रह गए। जानकारी के अनुसार क्षेत में इन दिनों किसानों को खेतों में यूरिया खाद की दरकार है, लेकिन सहकारी समितियां पर यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं रहने से किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। पलसाना सहकारी समिति में रविवार को 780 कट्टे यूरिया खाद पहुंचा था। जैसे ही यूरिया खाद सहकारी समिति पर पहुंचने की सूचना मिली तो गाड़ी खाली होने से पहले ही काफी संख्या में क्षेत्र के किसान सहकारी समिति की दुकान पर पहुंच गए। इस दौरान दुकान के बाहर यूरिया खाद खरीदने वालों की लाइन लग गई। बाद में शाम पांच बजे से पहले ही सहकारी समिति पर यूरिया खाद का स्टॉक खत्म हो गया। ऐसे में काफी संख्या में किसानों का बिना यूरिया खाद के ही लौटना पड़ा। किसानों ने बताया कि इस बार लगातार बारिश होने से फसलों में अच्छी ग्रोथ नहीं है। ऐसे में अब बारिश रुकने के बाद किसानों ने खेतों में फसलों की निराई गुड़ाई कर ली है और यूरिया की दरकार है, लेकिन सहकारी समितियां में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि किसानों को मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करवाए है। जिससे किसान समय पर अपनी फसलों में खाद दे सके।

## शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सावन मास के अंतिम सोमवार को मण्डावा और आसपास के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु गंगा जल लेकर मंदिरों की ओर निकल पड़े और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मण्डावा के ऐतिहासिक पारदर्शी शिवालय मंदिर, भूतनाथ मंदिर और ब्रह्म बगीची के शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शिवभक्तों ने व्रत रखकर भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, भांग और गंगाजल अर्पित किया। वहीं, युवाओं ने कांवड़ की भांति जल लेकर जलाभिषेक किया। मंदिरों में विशेष श्रृंगार और रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। इस मौके पर स्थानीय पुजरियों ने शिव महिमा का बखान करते हुए भगवान शिव की पूजा अर्चना कराई। मण्डावा समेत अन्य ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में भक्त शिवालयों में पहुंचे। मुकुन्दगढ मार्ग स्थित जालवाले बाला जी मन्दिर में स्थापित शिवालय में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्षद व भाजपा नेता सपना शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावण मास के समापन पर यह अंतिम सोमवार श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि सावन के अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं।

## ऑम नमः शिवाय के गूंजे जयकारे, भोलेनाथ का किया गुणगान

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के सब्जी मण्डी स्थित रघुनाथ मन्दिर में दिव्य श्रावण महोत्सव उत्साहपूर्वक चल रहा है। मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष संतोष सर्राफ व मन्त्री विनोद उड्सरिया ने बताया कि ज्योतिषाचार्य पण्डित मधुसूदन कौशिक के सानिध्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिदिन भगवान आशुतोष का अलौकिक श्रृंगार कर भजन कीर्तन की अमृत वर्षा के पश्चात महा आरती कर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गय। कार्यक्रम में पुजारी खेताराम जोशी, गोविन्द सर्राफ, पुनीत कोहिणावाला, मुदित भरतिया, अरविन्द सर्राफ, भवानी शंकर सोनी, अमित लाटा, बालकृष्ण सर्राफ, मुदित सर्राफ, मयंक उड्सरिया, मनोज सोनी, दलीप सर्राफ, गणेश कंदोई सहित समस्त शिव भक्तों की टीम भगवान भोलेनाथ के सेवा कार्य में लगी हुई हैं।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल अवधारणाओं व उसके क्रियान्वयन को लेकर जागरूकता बढ़ाना मुख्य उद्देश्य : राठौड़

### जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में सीआरसी व बीआरसी प्रशिक्षण आयोजित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाईट की और से सीआरसी और बीआरसी समन्वयकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाईट प्राचार्य डॉ गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राठौड़ ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) की मूल अवधारणाओं व उसके क्रियान्वयन को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में सीएमडीई प्रभागाध्यक्ष कुसुम शेखावत, उप प्राचार्य डाईट नरेंद्र उपाध्याय, आईएफ आईसी प्रभागाध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शेखावत व राज्य संदर्भ व्यक्ति सचिन ढांडा ने सहभागिता निभाई और एनईपी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। एनईपी 2020 भारत की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव लाने वाली नीति है। इसका मुख्य उद्देश्य 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला, बहु-आयामी और समग्र बनाना है। इसमें नई स्कूली संरचना लागू की गई है, जो बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के अनुसार पाठ्यक्रम को वर्गीकृत करती है। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है, ताकि बच्चा मूलभूत अवधारणाओं को बेहतर समझ सके। शिक्षा नीति के मूल में बचपन में अच्छी देखभाल और पूर्व-प्रारंभिक शिक्षा को मज़बूती देने पर जोर है। कक्षा 6 से कौशल शिक्षा और कोडिंग की शुरुआत की जाएगी। बोर्ड परीक्षाएं अधिक व्यवहारिक व योग्यता आधारित होंगी। सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया को अपनाया जाएगा ताकि बच्चों की वास्तविक क्षमताओं का आकलन किया जा सके। उच्च शिक्षा में मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम, क्रेडिट बैंक की व्यवस्था, और संस्थानों की ऑटोनॉमी जैसे सुधार लाए गए हैं। शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण को सतत और समकालीन बनाने की बात कही गई है ताकि वे समयानुसार स्वयं को अपडेट करते रहें। मूल्य आधारित शिक्षा, नैतिकता, राष्ट्रीयता, और स्थानीय संस्कृति को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। डिजिटल शिक्षा, ई-कंटेंट, और तकनीक के उपयोग को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है। इस प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाई और एनईपी के महत्व को समझा। उन्होंने इसे अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस प्रकार यह कार्यशाला एनईपी 2020 को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू करने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हुई।

## श्रीश्याम मंदिर में महिलाओं ने किया भजन कीर्तन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के टांटिया कुंआ के पास स्थित श्रीश्याम मंदिर में श्रावण माह के अंतिम सोमवार को मोनिका बाई किन्नर के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं ने सुख समृद्धि व किसानों की खुशहाली की कामना को लेकर भजन कीर्तन किया। इस अवसर पर किन्नरो की गुरु माया बाई की मौजूदगी में किन्नर मोनिका बाई और महिलाओं ने भगवान को रिझाने के लिए सुंदर-सुंदर भजन गाए और नृत्य किया। सोमवार दोपहर शुरू हुआ भजन कीर्तन का कार्यक्रम सोमवार शाम तक जारी रहा और कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाएं भजन कीर्तन करती रही और भगवान को रिझाती रही। किन्नर मोनिका बाई ने उपस्थित सभी महिला श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की और वृद्ध महिलाओं को माला पहनकर उनका स्वागत किया।मोनिका किन्नर ने भगवान के प्रसाद स्वरूप महिलाओं को भगवान की चांदी की प्रतिमाएं भेंट की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रही।

## जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर नामदेव समाज की बैठक में चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री नामदेव टॉक क्षेत्रीय संस्था समाज की मीटिंग नामदेव मंदिर प्रांगण में रविवार रात्रि को समाजसेवी भंवर लाल भाटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर समाज के कोषाध्यक्ष बजरंगलाल कोकचा ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। समाज के अध्यक्ष विनोद खत्ती ने बताया कि समाज की ओर से 15 अगस्त को जन्माष्टमी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर नामदेव समाज के उपाध्यक्ष मनोज दर्जी, उप मंत्री मनीष मोयल, मोहनलाल कांवलिया, तिलोकचंद झांकल, हिमांशु पूर्वा, झाबरमल मोयल, देवकीनंदन डीडवाना, हरि प्रसाद झांकल, किशन लाल टुहानिया, किशन लाल झांकल, मोहनलाल कायथ, लालचंद झेडू, रवि झेडू, मनीष झांकल, संजय बेदी, छोटू लाल दर्जी सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश स्वामी ने श्री नामदेव भगवान की पूजा अर्चना कराई।

## मण्डावा में विद्यार्थियों ने मनाया सावन महोत्सव

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से भगवान शिव की विधिवत आराधना की गई। इस धार्मिक आयोजन में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बड़े श्रद्धाभाव से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पण और शिव चालीसा का पाठ किया। भजनों की मधुर ध्वनि से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। विद्यालय के व्यवस्थापक जितेंद्र सुरोलिया ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन हमारे विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति जुड़ाव प्रदान करते हैं। शिव आराधना जैसे आयोजनों से बच्चों में आंतरिक शांति, सकारात्मक सोच और संस्कार विकसित होते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीषा सैनी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है। आयोजन के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया। विद्यार्थियों ने भगवान शिव से अच्छे स्वास्थ्य, ज्ञान और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ममता यादव,ममता मिश्रा, मधु सैनी, ममता मोर्य, कुंदन सिंह,रामजीलाल, ताराचंद,सपना चेजारा, हिमांशु जांगिड़, सुमन प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

## मृतक आश्रित को मुआवजा राशि स्वीकृत

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर जिले की चूरू तहसील के पोटी बीनासर निवासी जंगशेर खान की विदेश में मृत्यु हो जाने के कारण 'विदेशों में दुर्घटना ग्रस्त भारतीय' सरकारी बजट हैड से 56 लाख 33 हजार 803 रुपए मुआवजा राशि स्वीकृत की है। जारी आदेश के अनुसार जंगशेर खान की विदेश में मृत्यु हो जाने के कारण 'विदेशों में दुर्घटना ग्रस्त भारतीय' सरकारी बजट हैड से 56 लाख 33 हजार 803 रुपए मुआवजा राशि मृतक की पत्नी ताज बानो के बैंक खाता में जमा कराने की स्वीकृति जारी की गई है। चूरू तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है।

## हरियालो सावन की धूमः विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** संजीवनी सेवा संस्थान के तत्वाधान में हरियालो सावन कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम प्रतियोगिता नृत्य, दूसरी सोलह श्रृंगार, तीसरी नखराली लहरिया आयोजित हुई, जिसमें निर्णायक मंडल में डॉ साधना जोशी प्रधान और प्रचार्या कमला शर्मा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि अध्यापिका पीसीबी स्कूल की विभा रही। मंत्री रानी जैन ने बताया कि नृत्य में प्रथम भारती प्रकाशित, द्वितीय चित्रा राठी, तृतीय अंजली बागड़ा। सोलह श्रृंगार में प्रथम स्थान रजनी सोनी, द्वितीय चित्रा राठी, तृतीय सुमित्रा सेन, नखराली चाल में प्रथम सुमित्रा सेन, द्वितीय निर्मला, तृतीय सरिता रही। कार्यक्रम में चंद्रप्रभा सोनी, संरक्षिका विमला जांगिड, मंजू अरोड़ा, कमला पारीक, कृष्ण पारीक, मीना पारीक, सीमा पारीक, दीपा, रजनी पारीक, सुशीला क्याल, फूल जांगिड, मंजू पांडा, सुमित्रा सेन, कोषाध्यक्ष प्रभा राठी, अध्यक्ष कमला डोसी, कान्ता सोनी, लक्ष्मी सोनी, कोमल सोनी, सरिता सोनी आदि उपस्थित रही। संचालन मंत्री रानी जैन ने किया।

## अणुव्रत क्रिएटीविटी कॉन्टेस्ट का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** नई पीढ़ी में रचनात्मकता और सकारात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी नई दिल्ली के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भादासर दिखनादा में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2025 के तहत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अणुव्रत क्रिएटीविटी कॉन्टेस्ट संयोजक सुशील निर्वाण ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य विषय संविधान की धार मर्यादाओं का हो आधार था। जिसमें समूह -2 के अंतर्गत चित्रकला में राधा जाखड़, कविता में रामनिवास, निबंध में प्रेमचंद प्रजापत, एकल गायन में भगवती खोत, समूह गायन में प्रजापत एंड सिद्धू टीम प्रथम रहे। चित्रकला में सरिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त सभी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## गोगा जी महाराज के जागरण में कलाकारों ने बांधा समां

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के गणेशाराम जी की बाड़ी के पास स्थित मनोकामना पूर्ण गोगामेडी में जागरण का आयोजन किया गया। रविवार शाम गोगाजी महाराज की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में कलाकारों ने डेरू पर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात्रि तक बांधे रखा। इस अवसर पर कलाकारों ने गोगाजी महाराज के जन्म और विवाह की कथा शानदार तरीके से सुनाई। डेरू की थाप पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। कलाकारों ने बताया कि गोगा जी महाराज का जन्म चूरू जिले के ददरेवा गांव में हुआ था। तब से लेकर आज तक गोगा जी महाराज के भक्त उनकी मेड़ी बनाकर जगह-जगह पूजा अर्चना करते हैं। इस अवसर पर गोगामेडी के भक्त बालचंद प्रजापत ने गोगामेडी पर आए भक्तों का आभार व्यक्त किया और प्रसाद वितरण किया। भक्त बाल चंद प्रजापत ने बताया कि श्रवण और भाद्रपद माह में विशेष तौर से खेती-बाड़ी करने वाले लोग गोगा जी महाराज की पूजा आराधना करते हैं। क्योंकि मान्यता है कि लोक देवता गोगा जी महाराज सांप, बिच्छू जैसे जहरीले जीवों से रक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि लोकदेवता गोगा जी महाराज का जन्म चूरू जिले के ददरेवा गांव में हुआ था।इसलिए चूरु जिले के लोग विशेष तौर से गोगा जी महाराज की आराधना करते हैं। भाद्रपद महीने की नवमी को जिले के अनेकों स्थान पर गोगा जी महाराज के मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान देश-विदेश से लोग यहां पर आते हैं और गोगा जी महाराज की आराधना करते हैं। इसके बाद डेरु व ढोल की थाप पर भव्य अखाड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनोकामना पूर्ण गोगामेडी कमेटी के अध्यक्ष परमेश्वरलाल प्रजापत, उपाध्यक्ष रामलाल कम्मा, मंत्री पूर्णमल स्वामी, उपमंत्री सुमेरमल सैनी, कोषाध्यक्ष भंवरलाल जोशी, सचिव रामस्वरूप शर्मा, उपसचिव ओमप्रकाश सारण, विनोद जोशी, अशोक शर्मा, लालचंद प्रजापत, बुद्धाराम प्रजापत, पवन प्रजापत, प्रभुराम माली, बीरबलराम माली, सुभाष माली, दीपराज शर्मा, श्यामलाल माली, गोरुराम माली, रामचंद्र माली, सीताराम माली, इंद्राज शर्मा, पवन राव, गिरधारीलाल जोशी, महावीर जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रैली की तैयारियों को लेकर शिक्षक संघ की बैठक

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक शहर के बजाज उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यक्ष बालचन्द प्रजापत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 24 अगस्त को कोटा के रामगंज मंडी में होने वाली रैली की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके साथ प्रांतीय आह्वान पर 6 अगस्त को चूरू में प्रदर्शन कर सीएम के नाम ज्ञापन में शामिल होने पर चर्चा की गई और 20 अगस्त तक सदस्यता अभियान पूर्ण करने का प्रयास किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी, महावीर प्रसाद प्रजापत, चैनप्रकाश, सुबोध भास्कर, इकबाल खान, प्रताप सिंह राठौड, सुनील कुमार गुर्जर आदि ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन मनोहर सिंह राठौड़ ने किया।

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा की अगस्त माह की मासिक बैठक सोमवार को कर्मचारी कल्याण केंद्र पीएचईडी में आयोजित की गई। इस अवसर पर अगस्त में जन्मदिन वाले दस पेंशनरों का जन्मदिन मनाया गया। नन्द किशोर टेलर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। बैठक में अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा, सूरजा राम डाबरिया, विद्याधर पारीक, मन्ना लाल कोषाध्यक्ष, आनंदी लाल सोनी, रंजीत नाई, किसन लाल कटारिया, नरेंद्र भाटी, कुंदन मल जांगिड़, तिलोका राम दूधवाल, ओंकाराराम, हुकमीचंद भोजक, दीने खां, लक्ष्मी नारायण तेजस्वी, हरदेवाराम स्वामी, डालमचंद भार्गव, हाकम अली खान, वैद्य प्रहलाद चंद शास्त्री, श्याम सुंदर शर्मा, काना राम जाट, श्याम सुंदर माली, दीपाराम सांडेला, नेमीचंद सारण, मोहमद मूसा छींपा, रशीद अहमद, भंवरलाल बिजारणियां, हेमंत कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मलसीसर विद्यालय में माइक सैट भेंट



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव के मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलसीसर में प्रधानाचार्य और स्वयं की प्रेरणा से स्टाफ की प्राध्यापिका शशि चौहान और व्याख्याता वेदप्रकाश जाट ने विद्यालय में आयोजित होने वाली प्रार्थना सभा और कार्यक्रमों को और आनंदमय बनाने के लिए 21000 रूपये की लागत का माइक सैट विद्यालय को भेंट किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीना ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया आर्थिक सहयोग सबसे बड़ा सहयोग होता है, जो विद्यार्थियों के जीवन का संवारने में सहयोगी होता है। मीना ने स्टाफ की ओर से लगातार विद्यार्थी हित में स्टाफ की ओर से किए जा रहे आर्थिक सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर केवलराम प्राध्यापक, प्रकाशचंद जाट, मनोज कड़वासरा, रतनी कुमारी, विनोद सोनी, राहुल बुगालिया, अनिल कुमार, हेमंत कुमार, रोहित कीलका, नेमीचन्द्र डीढारीया, गिरधारी लाल सहित विद्यालय के समस्त छात्र उपस्थित रहे।

## विधायक कोष से स्वीकृत भवन का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती कस्बे छापर में वार्ड नम्बर 21 स्थित वाल्मीकि बस्ती के सार्वजनिक सामुदायिक भवन में विधायक कोटे से सात लाख इक्कावन हजार की लागत से बनने वाले हॉल मय बरामदा का शिलान्यास हुआ है। नगरपालिका अध्यक्ष श्रवण कुमार माली, भाजपा मंडल अध्यक्ष गजानंद स्वामी व पूर्व मंडल अध्यक्ष जयराम जांगिड़, पार्षद प्रतिनिधि रामलाल ढीकिया, पूर्व पार्षद राकेश ढेनवाल पार्षद देवकीनंदन भाटी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज इशराम ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। पंडित चंचल गर्ग ने पूजा अर्चना करवाई। नगरपालिका अध्यक्ष श्रवण कुमार माली ने कहा कि पंद्रहवी विधानसभा मे विधायक कोटे से पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने वाल्मीकि समाज की मांग पर एक हॉल मय बरामदा बनाने के लिए सात लाख इक्कावन हजार रूपये कि राशि दी थी। पूर्व पार्षद राकेश ढेनवाल ने चेयरमैन श्रवण माली से मांग कि अभी जो सामुदायिक भवन बना हुवा है वह काफी पुराना व जर्जर अवस्था में है, अतः इसका जीर्णोद्धार करवाया जाए। पार्षद प्रतिनिधि रामलाल ढीकिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मगनलाल गोयर, नथमल चावरिया, श्रवण चावरिया, वेदप्रकाश गोयर, सम्पत गोयर, मनोज इशराम, ज्ञानाराम सुंगत, किसनाराम जावा, नानूराम, सज्जन, विशाल, अमित, अजित, ओमप्रकाश, सुशील, तुलछीराम, चंचल गर्ग, विजय, मुकेश, पवन, नटराज, रवि, कन्हैयालाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन पार्षद राकेश ढेनवाल ने किया।

## आदर्श विद्या मंदिर में किया पौधरोपण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा में सोमवार को पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मंडावा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जैकीराम गोयल, विद्यालय के संरक्षक दिनेश धाभाई, पूर्व जिला मंत्री संदीप शर्मा, एसएन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश बागड़ी, रोहित चौहान, मुकेश मेघवाल, लीलाधर मेघवाल, विद्यालय के व्यवस्थापक जितेंद्र सुरोलिया, संजय मिल, बाबूलाल यादव, सज्जन लाल शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहनलाल सैनी विद्यालय प्रधानाचार्य मनीष सैनी सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
5 अगस्त, 2025

## मनसा माता से कावड़ लाकर शिवलिंग पर किया जलाभिषेक



जयपुर टाइम्स

**रानोली(निस)।** सीकर शहर और आसपास के इलाकों में श्रावण माह के आखिरी सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़ नजर आई। विभिन्न स्थानों के पवित्र नदियों, सरोवरों और जलाशयों से जल लाकर श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। बगड़ियों की ढाणी के शिव बालाजी मंदिर में बालाजी सेवा समिति के युवाओं ने कावड़ से जलाभिषेक किया। पवन होदकासिया ने बताया कि मनसा माता उदयपुरवाटी झुंझुनूं से 81 किलोमीटर की कावड़ यात्रा कर सोमवार को शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। 22 कावड़ियों ने मनसा माता सरोवर से कावड़ भर कर पहुंचे। कावड़ियों में रवीन्द्र, संदीप, धर्मेंद्र, महेंद्र, कजोड़, सतीश, राहुल, सुभाष, प्रीतम, अनिल, पियूष, मनोज, विकास आदि शिवभक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।


## पुलिस ने पैदल गशत कर अतिक्रमण हटाने के लिए की समझाइश



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निस)।** कस्बे में रानोली थाना पुलिस की ओर से पैदल गस्त के दौरान दुकानदारों को दुकानों के बाहर सामान रखकर कर रखे अतिक्रमण को लेकर समझाइश कर दुकानों के बाहर अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। थानाधिकारी सीआई राजेश बुडानिया ने पुलिस जाप्ते के साथ शाम को बाजारों में पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस ने खंडेला रोड व राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल गश्त कर दुकानों के बाहर दुकानदारों की ओर से सामान रखकर किए गए अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई कर दुकानों के बाहर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाए है। पुलिस ने दुकानदारों को दुकानों के बाहर किए गए अस्थाई अतिक्रमण को स्वयं हटाने की अपील करते हुए चेतावनी दी है कि दुकानों के बाहर फिर से अतिक्रमण मिलेगा तो पुलिस सामान जब्त करेगी। थानाधिकारी बुडानिया ने बताया कि पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और सड़क पर आड़े तिरछे वाहन खड़े होने वाले वाहनों के भी चालान काटने जाएंगे। इसके साथ ही दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## शेषनाग पर सवारी की झांकी सजाई



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निस)।** कस्बे के श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर में पिछले आठ दिन से झूला महोत्सव आयोजित हो रहा है। मंदिर महंत मनोहर शरण शास्त्री ने बताया कि सावन महीने में चलने वाले झूलों उत्सव में रोज विभिन्न प्रकार की झांकियां के रूप में सजाए जाते है। सोमवार को शेषनाग के सर पर कृष्ण विराजमान की भव्य झांकी स्वरूप सजाया गया। दिन रात भजन संध्या का दौर जारी रहा। कस्बे व आसपास के गांव से भी लोग झूला देखने पहुंचते हैं।

## धन्ना भगत जाट समाज ट्रस्ट की कार्यकारिणी का होगा चुनाव, निर्वाचन के लिए कमेटी गठित

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निस)।** त्रिवेणी धाम में स्थित श्री धन्ना भगत जाट समाज धर्मशाला ट्रस्ट की आम सभा की बैठक धर्मशाला प्रांगण में नृसिंहलाल कपूरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी कैलाश बोबास्या ने बताया कि मीटिंग में ग्यारसीलाल बोबास्या ने धर्मशाला परिसर में पेड़ पौधे लगाने का सुझाव दिया। सुगनचंद कपूरिया, मोहन पलसानिया, रामचंद्र बोबास्या, पूरणमल पलसानियां, जयराम पलसानिया, बोदूराम बड़सरा, चंद्रभान पलसानिया ने नई कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध करने का सुझाव दिया। बैठक में मोहनलाल बडबड़वाल ने ट्रस्ट के कोष व सदस्य संख्या बढाने पर बल दिया। ट्रस्ट अध्यक्ष नृसिंहलाल कपूरिया ने सुझाव दिया कि नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 11 व्यक्तियों की कमेटी गठित की जाए। महामंत्री प्रहलाद पलसानिया ने कार्यकारिणी की ओर से किए गए कार्यों के बारे में बताया। सभी सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन के लिए 11 व्यक्तियों की कमेटी गठित की गई जिसमें ईश्वर बराला, मूलचंद पलसानिया, बनवारी बोबास्या, चंद्रभान पलसानिया, पप्पू बराला, साधुराम मंगावा, मंगल शेरावत, जयराम पलसानिया, भगवानसहाय देवंदा, बोदूराम बड़सरा और सुगलचंद जीतरवाल होंगे। निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल बड़बड़वाल को बनाया गया। बैठक में ट्रस्ट के कोष में श्रवण भावरिया ने 51000, ग्यारसीलाल बोबास्या ने 51000, नृसिंहलाल कपूरिया ने 31000, मुरलीधर पलसानिया ने 21000, प्रहलाद पलसानिया, पप्पू बराला ने साधुराम मंगावा, रिछपाल कलवानिया, चंद्रभान पलसानिया, मुकेश रोलानिया, रुडमल बराला, चंद्रसेन ताखर, रामलाल खारलोटिया ने अलग-अलग 11,11 हजार रुपए, कैलाश बोबास्या, मूलचंद पलसानियां, बोदूराम बड़सरा, रामेश्वर ताखर और मंगल बधाला ने अलग-अलग 5100-5100 रुपए देने की घोषणा की। बैठक में श्रवण भावरिया, रुडमल बराला, कुशाल ढबास, मोहन सामोता, मुकेश रोलानियां, महेश श्योरान, रामलाल खारलोटिया, मंगल बधाला, सुरेंद्र कुड़ी, रामलाल पलसानिया, अशोक गढ़वाल, प्रभुदयाल निठारवाल, लोकेश पलसानिया, गणपत घोसल्या, नरसिंहलाल बराला और चंदालाल बराला ने भी विचार व्यक्त किए।

## अजीतगढ नागरिक परिषद का सम्मेलन, विकास की रूपरेखा बनाई

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निस)।** शहर के निकटवर्ती पवित्र धाम जगदीश स्वामी मंदिर में अजीतगढ़ नागरिक परिषद जयपुर का एक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें अजीतगढ़ क्षेत्र के विकास के बारे में रूपरेखा बनाई गई। इस कार्यक्रम में त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज ने अजीतगढ़ नागरिक परिषद् जयपुर के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत विशिष्ट शासन सचिव व अजीतगढ़ निवासी ओपी बुनकर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में परिषद् के सदस्य आदि मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष पूर्व आरपीएससी के चेयरमैन व अजीतगढ़ निवासी बीएम शर्मा, पूर्व राजदूत गौरीशंकर गुप्ता ने बुनकर का शाल ओढाकर संस्था के उपाध्यक्ष, ललित नरेडी, सचिव कैलाश सिपुरिया ने राधा कृष्ण का मोमेंटो व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर गायत्री मंदिर अजीतगढ़ के अध्यक्ष घनश्याम पारीक ने परिषद् की ओर से किए जा रहे कार्यों के लिए अवगत करते हुए कहा कि अजीतगढ़ नागरिक परिषद् जयपुर की ओर से अजीतगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में कई तरह के जनोपयोगी कार्य कर रही है। संस्था के सचिव कैलाश सिपुरिया ने बताया कि परिषद् द्वारा शीघ्र ही सरकार के सहयोग से करीब 1000 गज जमीन में भामाशाहों के सहयोग से जयपुर में एक छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें अजीतगढ़ अंचल के विद्यार्थियों को जयपुर में रहने खाने की सस्ती सुविधा मुहैया कराई जा सकेगी। साथ ही उनको समय समय पर आर्थिक मदद व स्कॉलरशिप आदि भी दी जाएंगी जिससे वे उपयोगी शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस अवसर पर त्रिवेणी के संत राम रिछपाल दास महाराज ने भी परिषद् की ओर से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जयपुर अंचल के अतिरिक्त रजिस्ट्रार व जुगराजपुरा निवासी मदनलाल गुर्जर, उप रजिस्ट्रार मेडिसिन विजय पारीक, सिडबी के सहायक महाप्रबंधक अंकुर अग्रवाल व नकुल अग्रवाल समेत काफी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, इंजीनियर्स, वकील आदि मौजूद रहे।

## सावन के आखिरी सोमवार को शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

**फतेहपुर(निस)।** सावन माह के आखिरी सोमवार को कस्बे के सभी शिव मंदिरों में और शिवालयो में सुबह से ही हर हर महादेव के नारे गूंजते हुए सुनाई दिए। लोहार्गल धाम से कावड़ लेकर आए कावड़ियों ने भी शहर के बुद्धगिरी मंडी, नानू भैरव शिवालय, पीपल का बालाजी शिवालय, लक्ष्मीनाथ मंदिर, सारनाथ मंदिर, अमृत नाथ आश्रम सहित सभी शिवालय में शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का कावड़ के शुद्ध जल से जलाभिषेक किया तो वही पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना भी की गई। कस्बे के ही बुद्धगिरी मंडी में चल रहे सावन मास महोत्सव के दौरान सैकड़ो युवाओं ने एक साथ मिलकर पूजा अर्चना कर पाठ किए। मढ़ी परिसर में पहुंच रहे भक्तों ने बाबा बुद्धगिरी और महादेव के दर्शन कर महंत दिनेश गिरी महाराज से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## लोहार्गल की 24 कोसीय परिक्रमा, तीन दिवसीय बाबा परमानंद भण्डारा 20 से

**लोसल(निस)।** लोहार्गल की 24 कौसिय परिक्रमा में बाबा परमानंद जी महाराज के परम भक्तों की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परिक्रमार्थियों की सेवा के लिए 28 वां बाबा परमानंद भण्डारे का आयोजन धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास पूर्वक किया जाएगा। भण्डारे के सफल आयोजन को लेकर श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर (खाडेवाले) में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भण्डारे के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। महावीर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोल्याणा नदी के पाटो के बीच बाबा परमानंद बगीची के पीठाधीश्वर आकाशा नन्द गिरी महाराज के परम सानिध्य में 20 अगस्त से 22 अगस्त तक तीन दिवसीय बाबा परमानंद भण्डारे का आयोजन होगा। जिसमें परिक्रमार्थियों की सेवा के लिए जलपान, भोजन, दवाईयां की व्यवस्था नि:शुल्क रहेंगी। बैठक में मोहन लाल बाजियां, महावीर प्रसाद पंसारी, अशोक शास्त्री, मूलचंद कालिका, रामेश्वर लाल गोदारा, महेश चोटिया, सत्यनारायण कालिका, घासी राम भार्गव, नन्दलाल खेतान, गौरीशंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दाधीच समाज के लोगों ने सामाजिक बुराईयों को त्यागने की ली शपथ

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड क्षेत्र के नरोदडा स्थित रतनी देवी सिंघानिया स्मृति भवन में समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा की अध्यक्षता में दाधीच समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज में व्याप्त कुछ कुरितियों पर मंथन किया गया। विचार विमर्श के तहत दाधीच समाज के सचिव महेश शर्मा ने पहरावणीं में सीमित रखने, कंबल लेना पूर्णतः बंद करने का प्रस्ताव रखा। श्रवण उस्ताद ने कहा कि किसी के निधन होने पर शोक व्यक्त करने के लिए शोकाकुल परिवार घर पर ही बैठक रखें। जिस स्थान पर निधन हुआ है,वहाँ सिर्फ परिवार के लोग ही जाएँ, न कि अनावश्यक बस भरकर ले जाएं। नेमीचंद शर्मा ने प्रस्ताव रखा कि जुवारी के रूप में सिर्फ अपने दादा के परिवार तक को ही सीमित रखें और 10 रुपए ही स्वीकार किए जाएं। पवन कुमार शर्मा (ठाकरु) ने कहा कि शोक व्यक्त करने के लिए आने वाली बहन बेटियों को साड़ी, परात, टेणींयाँ, केतली इत्यादि दिए जाते हैं, जिससे अटपटा महसूस होता है। इनके स्थान पर न्यूनतम 100 रुपए या अपनी सामर्थ्य नुसार नगद ही दे। द्वादशा पर आयोजित टीका कार्यक्रम में परिवार व रिश्तेदादारों से न्यूते के रूप में सिर्फ 100 रुपए ही लिए जाएँ। उपरोक्तानुसार सभी निर्णय सर्वसम्मति से पारित किए गए। वयोवृद्ध महेंद्र पाल शर्मा ने उपरोक्त सभी निर्णयों के पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रामलाल, बनवारीलाल, श्रवण कुमार बोरेवाला, गणेशजी मुनीम, राजेंद्र कुमार, मुरारीलाल, सुरेश, मांगीलाल, मयंक हवेलीवाले, डॉ ओमप्रकाश, परमेश्वर लाल, कैलाश चंद्र, पवन कुमार, नेमीचंद (बुधराम), शिक्षाविद महेश कुमार, हरिराम, मखनलाल, जगदीश,संदीप, सुधीर, कमल सहित बड़ी संख्या में दाधीच बंधु उपस्थित रहे।

## कावड़ियों ने किया शिव मंदिर में जलाभिषेक



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निस)।** भगवान शिव के भक्त व श्रद्धालुओ की ओर से भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए दूर दूर से धार्मिक स्थलों से कावड़ लेकर आते हैं। सावन माह के अंतिम सोमवार को कावड़ियों श्रद्धालुओं में उत्साह डीजे साउंड के साथ अलग अलग टोलियों में बम बम भोले के जयकारों की गूंज रही है। बता दें कि सावन माह के अंतिम सोमवार को कांवड़ियों में भारी उत्साह देखा गया। दांता के हुक्माजी की ढाणी, चोढाणा कुआं दांता के शिव भक्तों ने भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए सुर्य मंदिर लोहार्गल से जल लेकर सोमवार को हुक्माजी की ढाणी दांता में स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए डीजे साउंड पर नाचते झूमते अपने यथा स्थान पर पहुंचकर भोलेनाथ को पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया गया। सावन के महीने में कावड़ का बहुत महत्व है। यह महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है और इस दौरान कावड़ यात्रा का विशेष महत्व है। भक्तजन धार्मिक स्थलों, पवित्र नदियों, कुंड से जल भरकर लाते हैं और शिवलिंग पर चढ़ाते हैं, जिसे जलाभिषेक कहा जाता है। कावड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति अटूट भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।

## बीईईओ ने किया बालिका विद्यालय का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड क्षेत्र के नरोदडा गांव के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व संदर्भ व्यक्ति सुरेश भास्कर ने किया। प्राचार्या दीपा कुमारी ने बताया कि इन्होंने कक्षा 10 से 12 के विद्यार्थियों को पढ़ाया और पौधरोपण, नामांकन वृद्धि पर बल दिया। योगी ने विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में जाकर बालकों से संवाद किया और विद्यालय के अनुशासन को देखकर प्रशंसा की। विद्यालय स्टाफ से बातचीत कर विद्यालय की प्रोग्रेस रिपोर्ट का अवलोकन किया।

## स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण



जयपुर टाइम्स

**फतेहपुर(निस)।** श्री लक्ष्मीनाथ लायंस क्लब फतेहपुर व प्रिंस सीनियर सैकेंडरी स्कूल फतेहपुर के निदेशक करण सिंह जाखड़ के आर्थिक सहयोग से कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 12 में स्कूल के 108 छात्र-छात्राओं को नोटबुक, पेंसिल व कलर्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर लायन अध्यक्ष सीताराम सोनी, सह सचिव लायन मनोज शर्मा, लायन करण सिंह जाखड़, लायन गोपी राम सराफ, रहमान खान हेतमसर, राजेश बिवाल प्रधानाध्यापक, अध्यापिका चंद्रावली जांगिड़, अध्यापिका असमा, मोनिका शारीरिक शिक्षक व विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रधानाध्यपक राजेश बिवाल ने लायंस क्लब व करण सिंह जाखड़ का आभार व्यक्त किया।

### आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस कार्यक्रम आज

**चूरू(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में मंगलवार को सवेरे 11 बजे 'आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस' का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहेगा।

## हरियालों राजस्थान की परिकल्पना को साकार करती फतेहपुर की जमीन

जयपुर टाइम्स




**फतेहपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की हरित पहल हरियालों राजस्थान को गति प्रदान करते हुए कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर में सोमवार को पौधरोपण महा-अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर को हरा-भरा बनाना था, बल्कि विद्यार्थियों, कर्मचारियों व आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना भी रहा। अधिष्ठाता प्रो. संजय कुमार अत्तर ने बताया कि कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति प्रो. बलराज सिंह के कार्यों को गति देते हुए कृषि महाविद्यालय व कृषि अनुसंधान केन्द्र में पिछलें दो सप्ताह से पोध संरक्षण व पौधरोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार अत्तर ने पौधा लगाकर किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पौधरोपण महज एक प्रतीकात्मक क्रिया नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित धरोहर है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियालों राजस्थान अभियान केवल सरकार की योजना नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है जिसे हमें तहे दिल से निभाना होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागों के प्रमुख, शिक्षक, वैज्ञानिक, गैर-शिक्षक स्टाफ, छात्र-छात्राएँ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में 1200 से अधिक पौधे लगाए गए। इनमें नीम, करंज, शीशम, ईमली, खेजडी जैसी देशी और औषधीय प्रजातियाँ शामिल थीं। इन पौधों का चयन इस उद्देश्य से किया गया कि वे स्थानीय जलवायु के अनुकूल हों, ऑक्सीजन प्रदान करें, और मृदा व जैव विविधता संरक्षण में सहायक सिद्ध हों। कार्यक्रम के अंतर्गत एक ग्रीन गार्डियंस टीम का गठन भी किया गया, जो पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई, पोषण और संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएगी। छात्रों ने इस अभियान को केवल एक दिन की गतिविधि के बजाय दीर्घकालिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गड्ढे खोदने, पौधों की रोपाई व ट्री-गार्ड लगाने जैसे सभी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने "वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ हरियालों राजस्थान बनाओ" के नारे लगाए और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अभियान ने न केवल परिसर की सुंदरता में वृद्धि की, बल्कि विद्यार्थियों के मन में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित की। महाविद्यालय प्रशासन का यह प्रयास एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत करता है कि शैक्षणिक संस्थान किस प्रकार हरित विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। यह पौधरोपण महा-अभियान हरियाळो राजस्थान के संकल्प को मजबूत करता है और सतत पर्यावरणीय विकास की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध होता है। इस मौके पर डॉ. इन्दु बाला सेठी, डॉ. लक्ष्मण प्रसाद बलाई, डॉ विजय कुमार बाल्दोदिया, डॉ. हनुमान सिंह जाटव, डा कैलाश चन्द वर्मा, डा झूमर लाल, डा चम्पा लाल, नेतराम आदि ने भाग लिया।